वर्ष-31, अंक- 221, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 03, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार
29 मई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### एसीबी ने रोजगार सेवक को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**गिरिडीह।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार को गिरिडीह के जमुआ प्रखंड के रोजगार सेवक राजेश कुमार को पांच हजार रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। रोजगार सेवक राजेश कुमार को जमुआ के सकरडीहा से गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, मनरेगा योजना में आरोपी एक लाभुक से बकाया भुगतान को लेकर पांच हजार रुपए का डिमांड किया था। लाभुक ने मामले कि जानकारी धनबाद एसीबी को दी। इसके बाद धनबाद एसीबी ने अपने स्तर से जांच कर आरोपी रोजगार सेवक राजेश कुमार को लाभुक से पांच हजार रुपए लेते रंगेहाथ दबोच लिया। इसके बाद अपने साथ धनबाद ले गई।

### झारखंड में मॉनसून के पांच जून तक आने की संभावना

**रांची।** राज्य में पांच जून तक दक्षिण पश्चिम मॉनसून के दस्तक देने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, मॉनसून के अगले तीन-चार दिनों में पश्चिम बंगाल पहुंचने की संभावना है। बंगाल में मॉनसून के पहुंचते ही दो-तीन दिनों के भीतर यह झारखंड में प्रवेश कर जाएगा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, बंगाल की खाड़ी और ओडिशा के तटीय इलाकों में निम्न दबाव के क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से पश्चिम बंगाल और झारखंड में अगले दो-तीन दिनों के भीतर भारी बारिश होने की संभावना है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

# सर्च ऑपरेशन के दौरान आठ आईईडी समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद

- पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने बिछाया था जाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को क्षति पहुंचाने वाले आठ आईईडी बम को नष्ट करने के साथ भारी मात्रा में सामान बरामद किया है। पुलिस ने यह सर्च अभियान नेतहाट थाना अंतर्गत ग्राम आधे के तुतापानी के जंगलों में चलाया गया है। बता दें कि पिछले दिनों 26 मई को नेतरहाट थाना अंतर्गत ग्राम चोरहा टोला नीचे दौना में नक्सलियों के विरूद्ध चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान भाकपा (माओवादी) नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी सब जोनल मनीष यादव मारा गया व 10 लाख का इनामी जोनल कमांडर कुंदन उर्फ



सुधीर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मुठभेड़ के बाद भी एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर इस क्षेत्र के आस-पास के पूरे जंगली इलाके को घेराबंदी कर सर्च अभियान किया जा रहा है। इस सर्च अभियान के दौरान नेतरहाट थाना अंतर्गत ग्राम आधे के तूतापानी के जंगली क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पुलिस बल को क्षति पहुंचाने के लिए लगाये गये 8 केन आईईडी बम (प्रत्येक 0.5 किलोग्राम) बरामद किया गया, जिसे सर्च अभियान में शामिल सीआरपीएफ 11 बटालियन के बीडीडीएस टीम द्वारा नष्ट कर दिया गया। साथ ही भारी मात्रा में हथियार, गोला, बारूद व अन्य समाग्री बरामद किया गया है।

शेष पेज 11 पर...

## अपराधियों ने दो हाइवा में लगाई आग, चालक को पीटा



**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के जौरा-करमाचराई मुख्य मार्ग स्थित कुटिया मोड़ पर मंगलवार की रात दो हाइवा में आग लगा दी गई। दोनों हाइवा जौरा माइंस से पत्थर लेकर लौट रहे थे। पत्थर को करमाचराई क्रशर पर गिराना था। इस घटना को बाइक सवार 8 से 9 की संख्या में अपराधियों ने अंजाम दिया। सभी छोटे हथियार से लैस थे। सभी की उम्र 20 से 25 वर्ष के आस पास थी। इस संबंध में बुधवार को दोनों हाइवा चालक के बयान पर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस छानबीन में जुट गई है। दोनों हाइवा छतरपुर के उमाकांत जायसवाल उर्फ मुन्ना का बताया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात करीब 10 बजे दोनों हाइवा जौरा माइंस से पत्थर लेकर निकले थे। माइंस से तीन- चार किलोमीटर दूर जाने पर अचानक अलग-अलग मोटरसाइकिल पर सवार

शेष पेज 11 पर...

## 16वें वित्त आयोग की टीम के दौरे को ले सीएम ने अधिकारियों संग की बैठक, कहा-

# वित्त आयोग के समक्ष राज्य के विकास का रोडमैप रखें

- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए कई अहम दिशा निर्देश
- बैठक में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर भी रहे मौजूद

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर एवं वरीय अधिकारियों से 16वें वित्त आयोग की टीम के झारखंड दौरे के मद्देनजर राज्य सरकार की ओर से की गई तैयारियों से अवगत हुए। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम बुधवार को चार दिवसीय दौरे पर झारखंड आई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे वित्त आयोग की टीम के समक्ष राज्य के विकास का रोडमैप रखें।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि राज्य के भीतर शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की रफ्तार तेज हो, इस उद्देश्य के साथ हमारी सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। राज्य में कई ऐसे सेक्टर हैं, जिस पर अधिक फोकस रखने की आवश्यकता है। वित्त आयोग के समक्ष राज्य सरकार की सिफारिश ऐसी हो, जिससे सभी वर्ग-समुदाय के लोगों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को वित्त आयोग के समक्ष राज्य सरकार की ओर से कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को रखने संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री सोरेन के समक्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी कि 16वें वित्त आयोग की टीम का आगामी 30 मई 2025 को रांची में राज्य सरकार के सभी मंत्रियों एवं अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होना प्रस्तावित है। इस बैठक में राज्य की वित्तीय स्थिति, प्रबंधन, अनुदान की राशि के खर्च करने का विवरण, केंद्रीय सहायता राशि का उपयोग सहित कई अन्य विषयों पर जानकारी ली जाएगी। राज्य सरकार की ओर से 16वें वित्त आयोग की टीम के जिज्ञासा से संबंधित पूरी तैयारी की गई है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि राज्य सरकार द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में हो रहे विकासात्मक कार्यों की भी पूर्ण जानकारी वित्त आयोग को दी जाएगी। वित्त आयोग की टीम के समक्ष कृषि कार्य के लिए राज्य में सिंचाई जल संग्रहण, विद्यार्थियों में क्वालिटी एजुकेशन, आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना, इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा राज्य सरकार की प्राथमिकता होगी। इसके लिए सभी सेक्टर के आउटपुट पीपीटी (पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन) के माध्यम से प्रस्तुत की जाएगी। बैठक में राज्य सरकार 16वें वित्त आयोग की टीम को एक ज्ञापन (मेमोरेंडम) भी सौंपेगी। बैठक में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, विशेष सचिव वित्त विभाग बी राजेश्वरी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### 16वें वित्त आयोग की टीम के साथ कल होगी बैठक

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अधिकारियों ने बताया कि 29 मई को 16वें वित्त आयोग की टीम देवघर परिभ्रमण पर रहेगी, जहां बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में पूजा-अर्चना के पश्चात प्रमंडल स्तरीय स्थानीय निकाय (अर्बन एवं रूरल बॉडी) प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी। 30 मई को रांची में स्थानीय निकायों, ट्रेड इंडस्ट्री, चैंबर ऑफ

शेष पेज 11 पर...

## एसटी-ओबीसी समीकरण है महत्वपूर्ण

# क्या रघुवर होंगे भाजपा के अगले प्रदेश अध्यक्ष?

- जून में संभव है नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को राज्य में कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने की चर्चा उस समय से ही चल रही है, जब उन्होंने ओडिशा के राज्यपाल के पद से इस्तीफा देकर 10 जनवरी 2025 को रांची में पुनः भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की थी। यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की हो सकती है। अभी वर्तमान में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ही झारखंड में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हैं। भाजपा में 'एक व्यक्ति, एक पद' की नीति है और इस कारण से राज्य में नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति स्वाभाविक है। इधर, सूत्रों के अनुसार जून में नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा संभव है।

पिछले वर्ष दिसंबर से शुरू हुए भाजपा के 'संगठन पर्व' के अंतिम चरण में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की नियुक्ति होनी थी, लेकिन यह बहुत ही धीमी गति से चल रहा था। वहीं, 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 'संगठन पर्व' को रोक ही दिया गया। जानकारी के अनुसार, इसे अब फिर से शुरू करने की तैयारी चल रही है।

वैसे तो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रघुवर दास के अलावा भी कई नेता दावेदार हैं, जिसमें रवींद्र राय, अमर बाउरी, सुनील सिंह, चंपाई सोरेन आदि प्रमुख हैं। लेकिन, रघुवर दास के पक्ष में पलड़ा इसलिए भारी है, क्योंकि वे पहले मुख्यमंत्री रह चुके हैं और सफलतापूर्वक पांच साल का कार्यकाल पूरा किया था। वहीं, पार्टी के अंदर उनके बड़े समर्थकों का भी यह तर्क है कि उनके कार्यकाल में विकास के कई उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। रघुवर दास के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के पक्ष एक महत्वपूर्ण बात यह है कि वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव हारने के बाद पार्टी अब बेहतर एसटी-ओबीसी समीकरण के साथ आगे बढ़ना चाह रही है। बाबूलाल मरांडी विधायक हैं, जनजातीय समुदाय से हैं और अब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। वहीं, रघुवर दास अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) तेली परिवार से हैं। वे दो बार भाजपा झारखंड के अध्यक्ष के रूप में कार्य भी कर चुके हैं। वे पांच बार विधायक भी निर्वाचित हुए हैं।

## आज / कल




## पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की हुई बैठक

# 14 प्रमुख खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि को मिली मंजूरी

**केंद्रीय कैबिनेट के फैसले**

- औसत उत्पादन लागत से कम से कम 1.5 गुना की गई है वृद्धि



**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने अगले विपणन सत्र के लिए 14 प्रमुख खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। सरकार का यह निर्णय किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। पिछले साल के मुकाबले धान के एमएसपी में 69 रुपए, रागी में 596 रुपए, ज्वार 328 रुपए की वृद्धि की गई है। इसी तरह अरहर (तुअर) में 450 रुपए, उड़द में 400 रुपए की बढ़ोतरी की गई है।

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने वर्ष 2025-26 के विपणन सत्र के लिए एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों की राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में यह जानकारी दी। अश्वनी वैष्णव ने बताया कि खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना वृद्धि की गई है। सबसे अधिक वृद्धि नाइजरसीड (रामतिल), रागी, कपास, तिल (सेसम) में क्रमशः 820, 596, 589, 579 रुपए की गई है। सरकार के अनुसार, वर्ष 2014-15 से वर्ष 2024-25 के बीच धान की खरीद 7608 एलएमटी (लाख मीट्रिक टन) रही, जो वर्ष 2004-05 से वर्ष 2013-14 की तुलना में लगभग 66 प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि में सभी 14 खरीफ फसलों की खरीद 7871 एलएमटी रही, जबकि इससे पहले की अवधि में यह केवल 4679 एलएमटी थी। वर्ष 2014-25 के बीच किसानों को एमएसपी के तहत 16.35 लाख करोड़ रुपए का भुगतान किया गया, जबकि वर्ष 2004-14 के दौरान यह केवल 4.75 लाख करोड़ रुपए था।

# ऑपरेशन सिंदूर: राष्ट्र प्रेम की भावना से भारतीय सेना ने दी आतंक को करारी जवाबी कार्रवाई




सुबेदार ओम प्रकाश दुबे (सेवानिवृत)

**मेदिनीनगर।** राष्ट्र प्रेम की भावना से प्रेरित भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के विरोध में 6–7 मई की रात पाकिस्तान स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। इस हमले में आतंकियों ने केवल पुरुषों को निशाना बनाया था, जिससे कई महिलाएं विधवा हो गईं। सेना की इस सटीक कार्रवाई ने विश्व को यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत आतंक और उसकी हिमाकत का मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम है। सेवानिवृत्त सूबेदार ओम प्रकाश दुबे ने इस कार्रवाई को लेकर कहा कि "यह केवल सैन्य जवाब नहीं, बल्कि राष्ट्र के स्वाभिमान और वीरता का परिचायक है। जिस तरह पहलगाम हमले में निर्दोषों को निशाना बनाया गया, उसके बाद आतंक के गढ़ पर सीधी कार्रवाई समय की मांग थी। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सैन्य ताकत और एकजुटता का परिचय पूरे विश्व को दिया है।" दुबे ने यह भी कहा कि थल, जल और वायु—तीनों सेनाओं की संयुक्त रणनीति ने पाकिस्तान को चारों तरफ से घेर लिया। कूटनीतिक स्तर पर सिंधु जल समझौते को रद्द करना और आंतरिक स्तर पर पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का निर्देश देना, यह दर्शाता है कि भारत अब किसी भी स्तर पर नरमी बरतने को तैयार नहीं। पाकिस्तान की ओर से की गई जवाबी ड्रोन और मिसाइल हमलों को भारतीय रक्षा प्रणाली ने विफल कर दिया,

शेष पेज 11 पर...

**इंडिया**

# सवाल उठाती पत्रकारिता पर ही क्यों उठ रहे हैं सवाल



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

आजादी के आंदोलन में एकता के बलबूते स्वतंत्रता के लिए माहौल बनाने से लेकर वर्तमान की बेलगाम राजनीति पर नकेल कसने तक और दूर दराज के अंतिम व्यक्ति तक के सवाल को सत्ता के शीर्ष तक पहुंचाने में हिंदी पत्रकारिता का बड़ा योगदान है । हिंदी भाषा में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहला समाचार पत्र लगभग दो सौ साल पहले 30 मई 1826 में निकाला गया था। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने इसे कलकत्ता से एक साप्ताहिक समाचार पत्र के तौर पर शुरू किया था। इसके प्रकाशक और संपादक भी वे खुद थे। उदन्त मार्तण्ड का शाब्दिक अर्थ है 'समाचार-सूर्य' । अपने नाम के अनुरूप ही उदन्त मार्तण्ड हिंदी की समाचार दुनिया के सूर्य के समान ही था। यह पत्र ऐसे समय में प्रकाशित हुआ था जब हिंदी भाषियों को अपनी भाषा के पत्र की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इन दो सौ सालों में पत्रकारिता का स्वरुप बदला और यह मिशन से प्रोफेशन बन गई है । वर्तमान में मोबाइल और सोशल मीडिया की व्यापक पहुंच के सहारे हर कोई बिना संपादन, बिना पत्रकारिता के द्विपक्षीय सिद्धांत का पालन किए वैश्विक स्तर का पत्रकार बना हुआ है, जिसे सोशल मीडिया कंपनियां दर्शक या पाठकों की संख्या के आधार पर मोटी रकम का भुगतान कर उकसा रहीं हैं । इस नई शैली की गैर जिम्मेदार और अर्धसत्य पत्रकारिता से दंगे फसाद से लेकर दो देशों के बीच युद्ध और बड़े देशों में सरकारों को गिराने या बनाने तक का खेल चल चुका है । कभी गंभीर पत्रकारिता से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का सम्मान पाने वाली सवाल उठाती पत्रकारिता इन दिनों स्वयं सवालों के घेरे में है। कभी अपनी सच्चाई और निष्पक्षता के बलबूते समाज के हर आम और ख़ास को शिक्षित,जागरूक और आनंदित करने वाली पत्रकारिता अब व्यवसाय के रूप में मोबाइलधारी बिना रजिस्ट्रेशन के अजीबोगरीब नामों के साथ गली नुक्कड़ से लेकर काली कमाई करने वालों पर झपटती या बड़े व्यवसायी,फ़िल्मी हस्तियों या होठ टेढ़ी कर गाड़ियों से झांकते नेताओं के पीछे भागती दिखती है जिनके कारण कलम से लेकर माइक थामे सच्चे नियमबद्ध रजिस्टर्ड पत्रकार हाशिए पर दिखते हैं । जिस सोशल मीडिया के पीछे आज दुनिया भाग रही है उसके पीछे के बड़े खिलाड़ी अरबों खरबों लेकर आम लोगों का टेस्ट खराब कर रहे हैं या गंभीर पत्रकारिता को भ्रष्ट कर रहे हैं । अर्थ की प्रधानता की चुनौती से जूझती पत्रकारिता पर मजाक किया जाता है कि किस पार्टी के पत्रकार हो ? सत्ता पक्ष की उपलब्धियों पर लिखिए या दिखाइए तो सोशल मीडिया में टिप्पणी आएगी गोदी मीडिया और अंधविरोध या एकपक्षीय लेखन का आरोप जिस पर लगा वो देशविरोधी बताया जाएगा। मजेदार बात यह है कि सब कुछ पर्दे के पीछे यानी छद्म पहचान वाले कथित मीडिया इंफ्लुएलेंसर करते या कराते हैं जिसमें जो लोग




दिखते हैं अधिकांश मामलों में मोहरे होते हैं जो भाड़े के साइबर सैनिक की तरह काम करते हैं । पत्रकारिता में प्रथम पाठ यही पढ़ाया जाता रहा है कि जिसके पास जितने अधिक सवाल होंगे, जितनी अधिक जिज्ञासा होगी, वह उतना कामयाब पत्रकार होगा। आज भी सवालों को उठाने वाली पत्रकारिता की धमक अलग से दिख जाती है लेकिन ऐसा क्या हुआ कि हम सवालों से किनारा कर गए। सवाल हमें दिए जाते हैं और कई बार जवाब भी पहले से तय होते हैं। पंडित जुगलकिशोर जी सवाल नहीं करते तो क्या उदंत मार्तंड आज भी हमारे ध्यान में होता? जिस अखबार ने अंग्रेजी शासकों के नाक में नकेल डाल रखी थी, वह सवालों से दूर होता तो क्या आज हम हिंदी पत्रकारिता पर गर्व कर सकते थे? पराधीन भारत के हर उस पत्र ने अंग्रेजों से सवाल किए लेकिन आज की आधुनिक पत्रकारिता सवाल नहीं कर रही है बल्कि पत्रकारिता सवालों के घेरे में है। पत्रकारिता को लेकर जो सवाल दागे जा रहे हैं, वह कुछ अधकचरे हैं तो कुछ तार्किक भी। पत्रकारिता की विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठ रहे हैं । जबकि पत्रकारिता अगर अविश्वसनीय हो गई होती तो समाज का ताना-बाना छिन्न-भिन्न हो गया होता। पत्रकारिता आज भी समाज का प्रहरी है और एकमात्र ऐसा माध्यम है जिससे अमर्यादित व्यवहार करने वाले, समाज की शुचिता भंग करने वाले और निजी स्वार्थ के लिए पद और सत्ता का दुरुपयोग करने वाले भयभीत रहते हैं। पर चिंतन करना होगा कि पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर सवाल क्यों उठ रहा है? जवाब है कि पत्रकारिता में जो लोग आ रहे हैं वे सामाजिक सरोकार से नहीं बल्कि व्यक्तिगत स्वार्थसिद्धि के लिए पत्रकार बनने को बेताब हैं। ऐसे लोगों के कारण जमीनी पत्रकार दरकिनार कर दिये जाते हैं। सुविधाभोगी पत्रकारों की बड़ी फौज के कारण पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहा है। ये वो लोग हैं जिन्होंने कभी पराडक़र जी की पत्रकारिता की कक्षा में नहीं गए, ये वो लोग हैं जो नहीं जानते कि माखनलाल चतुर्वेदी जेल के सींखचों में बंद होने के बाद भी पत्रकारिता का धर्म निभाते रहे। शायद ये लोग गणेशशंकर विद्यार्थी की शहादत से भी अपरिचित हैं। आज भी हजारों पत्रकारों का परिवार कथित मीडिया इंडस्ट्री की असुरक्षा से संतुष्ट नहीं जबकी मीडिया जब इंडस्ट्री है तो सब जायज है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून को आएंगी देवघर



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी 10 जून को झारखंड के देवघर दौरे पर आएंगी। राष्ट्रपति भवन ने उनके दौरे का कार्यक्रम तय कर दिया है। झारखंड के मुख्य सचिव को इसकी आधिकारिक सूचना भेज दी गई है। दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। इससे पहले राष्ट्रपति भवन ने 11 जून को देवघर आने की सूचना राज्य सरकार को दी थी, लेकिन अब इसमें बदलाव किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून 2025 को दोपहर तीन बजे देवघर पहुंचेंगी और सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगी। 11 जून को राष्ट्रपति बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी। पूजा-अर्चना के बाद राष्ट्रपति एम्स के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति असम के लिए रवाना हो जाएंगी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुरू की तैयारी

# सांसद कल करेंगे पथ का शिलान्यास

## ग्रामीणों ने लोस व विस चुनाव बहिष्कार का लिया था निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर/मोहम्मदगंज।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज के भजनिया से हैदरनगर नये पथ का शिलान्यास पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम शुक्रवार को हैदरनगर के भाई बिगहा स्थित ब्लॉक मोड़ पर दिन के 11 बजे करेंगे। इस संबध में मोहम्मदगंज व हैदरनगर के सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह व नरेन्द्र कुमार सिंह ने सांसद से वार्ता के बाद बताया कि उक्त पथ केन्द्र सरकार के सीआरआईएफ योजना से ली गई है, जिसकी लागत 36 करोड़ 23 लाख रुपये है। इस पथ की लंबाई 17.372 जबकि चौड़ाई 5 मीटर के अलावा 5 फीट फ्लैंक के साथ तैयार होगी। उक्त पथ का नवनिर्माण मोहम्मदगंज प्रखंड के भजनिया से वाया सहार बिहरा, गाजी बिहरा, बरडीहा, पंसा होते हैदरनगर अधौरा, कबरा, परता होते हैदरनगर तक होगी। इससे अब तक डीएमआर के भरोसे संचालित व्यस्ततम मोहम्मदगंज-हैदरनगर मुख्य पथ पर वाहनों के आवागमन का बोझ घटने अलावा आये दिन सड़क जाम से छुटकारा मिलने की आस जगी है। उन्होंने कहा कि इस निर्माण मार्ग में रैयतों के अधिग्रहित भूमि का मुआवजा देने की भी प्रक्रिया तेजी से शुरू कर दी गई है। रेलयात्री असुविधाओं के सवाल पर उन्होंने गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया है।

इस कार्यक्रम में काफी संख्या में प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। हालांकि वर्तमान में कई मांगों को लेकर सांसद के समक्ष बड़ी चुनौतियां खड़ी है। हैदरनगर रेलवे स्टेशन से जुड़े स्थानीय बस स्टैंड के समीप रेल फाटक संख्या 50 सी पर चार वर्ष बीतने के बाद आरओबी का निर्माण नहीं कराये जाने से सड़क मार्ग घंटों अवरुद्ध होने के अलावा लंबी जाम से छुटकारा नहीं मिल सका है।

जपला रेलवे स्टेशन के समीप बनाये गये आरओबी से आमजनों को आये दिन काफी परेशानी व सड़क जाम का सामना जारी है। आरओबी जपला में हैदरनगर पथ, जपला स्टेशन पथ, हुसैनाबाद ब्लॉक, दंगवार, तेतरिया, बारुण, डेहरी ऑन सोन पथ पर आवागमन के लिये आरओबी से एप्रोच पथ नहीं बनाया गया।

जिससे पूर्व की अपेक्षा आवागमन की समस्या और भी अत्यंत गंभीर हो गई है। जबकि झारखंड के मानचित्र पर चर्चित हैदरनगर स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर सहित अन्य पर्यटक स्थल को प्राथमिकता से लेते हुए रांची से दिल्ली ट्रेन नंबर 12877/12878 का हैदरनगर में दो मिनट का ठहराव की चिर प्रतिक्षित मांग अधूरी है। साथ ही रांची से देहरादून तक नई सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन कराने की मांग जारी है। इसका ठहराव अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों के समान गढ़वा से डेहरी ऑन सोन तक स्टेशनों पर कराना सुनिश्चित कराने को कहा गया है।

इससे इस उपेक्षित बीडी रेलखंड के कई स्टेशनों के यात्रियों को वाराणसी, अयोध्या, हरिद्वार, ऋषिकेश सहित अन्य तीर्थ स्थलों तक आवगामन सुलभ हो सकेगा।



बताया जाता है कि इस सड़क मार्ग की दयनीय हालत से आवागमन को लेकर परेशान उक्त गांवों के ग्रामीणों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी है। लगातार पत्राचार और आंदोलन करना पड़ा है। कोल्हुआ, पंसा और रामबांध सहित अन्य गांव के ग्रामीणों को सड़क पर भी उतरना पड़ा था। इतना ही नहीं लोस व विस चुनाव बहिष्कार तक का निर्णय लेने को विवश होना पड़ा था। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के आश्वासन पर बहिष्कार के निर्णय को वापस लेते हुए ग्रामीणों ने मतदान में भाग लिया था। तभी से इस सड़क के निर्माण की उम्मीद जग गई थी। इस सड़क निर्माण को लेकर सक्रिय भूमिका में शामिल जिला पार्षद अंजू देवी, युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, मुजीबुद्दीन खान,सत्येंद्र कुमार सिंह, शुभम कुमार सिंह, मुखिया अबूनसर सिद्दीकी, विकास सिंह, उपप्रमुख नगीना सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीणों ने इसके निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने पर इसके लिए सांसद विष्णुदयाल राम का आभार जताया है।

# जैक अध्यक्ष से मिला वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा का 16 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने जैक में पूर्व से निर्धारित समयानुसार जैक अध्यक्ष डॉ. नटवा हंसदा से उनके सभागार में मिलकर स्वागत किया। इसके बाद मोर्चा के सारी मांगों पर विस्तार से वार्ता में सभी चार घटक के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याओं को रखा। मोर्चा ने 12 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन में मुख्य रुप से शासी निकाय का गठन, प्रस्वीकृति के लंबित संचिकाओं का अविलंब निष्पादन, शासी निकाय में परिषद प्रतिनिधि के मनोनयन, सेवा शर्त नियमावली के गठन, कॉलेज एवं स्कूल स्थापना का ऑनलाइन करने, परीक्षा में रेगुलेशन फॉर एग्जामिनेशन के नियमों के अनुसार कार्य करने, पारिश्रमिक बढ़ाने, सीट वृद्धि सहित अन्य मांगों पर विस्तार से वार्ता हुई। इस वार्ता में अध्यक्ष के अतिरिक्त सचिव जयंत मिश्रा, आईटी प्रभारी कुणाल प्रताप सिंह के साथ जैक के अन्य पदाधिकारी शामिल थे। मोर्चा की ओर से 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में रघुनाथ सिंह, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, फजलुल कादिर अहमद, अरविंद सिंह, देवनाथ सिंह, मनोज तिर्की, विरसो उराव, रेशमा बैक, संजय कुमार, मनीष कुमार, गणेश महतो, निखिल कुमार गुप्ता, उपेंद्र कुमार, गुंजन कुमार, अशोक कुमार, नरोत्तम सिंह, मनोज कुमार, डालेश चौधरी के साथ अन्य सदस्य शामिल थे। वार्ता के बाद जैक अध्यक्ष ने कहा कि परीक्षा कार्य से रहने से खाली होते ही उनकी मांगों को निष्पादन किया जायेगा। सेवा शर्त नियमावली पर काम चल रहा है। अब परीक्षा में रेगुलेशन फॉर एग्जामिनेशन के अनुसार काम होगा। शासी निकाय का गठन हो या अन्य सभी मांगों पर समीक्षा कर शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन उन्होंने दिया है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर मोर्चा प्रतिनिधियों को भी बुलाया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा है कि वर्तमान अध्यक्ष मोर्चा के लंबित चाहे सेवा शर्त नियमावली बनाना हो, संस्कृत मदरसा का नियमावली बनाना हो या अन्य जो भी मांगे हैं। उस पर निर्णय सकारात्मक ढंग से लिया जायेगा। इंटरमीडिएट कॉलेज में सीट निर्धारण पर भी अध्यक्ष आश्वासन दिया कि अधिनियम के अनुसार सीट बढ़ोतरी पर निर्णय होगा। बैठक के बाद प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी मनीष कुमार, अरविंद सिंह और गणेश महतो ने दिया है।

# जल सहियाओं ने चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान



नवीन मेल संवादाता

**मोहम्मदगंज।** ग्राम जल स्वच्छता समिति के तत्वावधान में विभिन्न क्षेत्र में जल सहियाओं ने माहवारी स्वच्छता के प्रति महिलाओं और किशोरियों के बीच जागरूकता अभियान चलाकर इसे लेकर उन्हें सजग रहने की नसीहत दी। पंसा पंचायत में राणाडीह और तेंदुआ कला की जल सहिया संगीता देवी और गुंजा देवी ने बुधवार को महिलाओं और किशोरियों के साथ इसे लेकर बैठक की। इसमें उन्होंने माहवारी पर सेनेटरी पैड अथवा साफ कपड़े और शौचालय का प्रयोग करने की सीख देते हुए विभिन्न प्रकार की बीमारियों के संक्रमण से बचाव के लिए ऐसा करना जरूरी बताया। उन्होंने इसके प्रति सजग रहते हुए औरों को भी इस दिशा में प्रेरित और जागरूक करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं में अधिक मृत्यु दर की बड़ी वजह माहवारी स्वच्छता के प्रति लापरवाही होती है। मगर इसके प्रति सजग और जागरूक रहने से इसमें भारी कमी आई है। ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने कहा कि जल सहियाओं की इस कोशिश से महिलाओं खासकर, किशोरियों में इसे लेकर चुप्पी तोड़ने और सयानी बनने का प्रभाव बढ़ा है। उन्होंने कहा चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान के छठे चरण में इस संदेश को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने को लेकर प्रखंड सभागार में गुरुवार को आयोजित बैठक के बाद इसे तेज किया जाएगा। इसमें जलसहियाओं की भूमिका अहम होगी।

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर नाइट ब्लड सर्वे किया

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद अंतर्गत ग्राम बनियाडीह बराही (सेंटिनल साइट) में स्वास्थ्य विभाग की टीम रक्त नमूना संग्रह में जुटी है। नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम अन्तर्गत 20 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का बल्ड सैंपल लिया गया। जांच से पता लगेगा कि माइक्रो फाइलेरिया उनके शरीर में है, या नहीं। अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के उपाधीक्षक डॉ. विनेश कुमार ने बताया कि प्रभारी यदि जांच के बाद किसी व्यक्ति के शरीर में माइक्रो फाइलेरिया के कीटाणु पाए जाते हैं, तो उनको प्रिकॉशन डोज उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे ग्रामीणों के बीच बीमारी के फैलाव को रोका जा सके। इसके आधार पर आगामी अगस्त माह में आयोजित होने वाले एमडीए, आईडीए कार्यक्रम के तहत 2 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को दवा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 105 लोगों का बल्ड सैंपल लिया जा चुका है। यह कार्यक्रम 30 जून से 5 जून 2025 तक मोहम्मदगंज अंतर्गत किशुनडीह ग्राम में आयोजित किया जाएगा। मंगलवार की रात्रि कार्यक्रम में मुख्य रूप से एलटी विनय कुमार सिंह, विमलेश कुमार सिन्हा, दिलीप उरांव, जय प्रकाश नारायण, प्रखण्ड लेखा प्रबंधक प्रेम मणि सुधांशु, बीपीएम विभूति कुमार गुप्ता, पिरामल फाउंडेशन के अनिल कुमार आदि उपस्थित थे।



### फाइलेरिया रोग खोज अभियान कल से, स्थान व टीम तय

**मोहम्मदगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुसैनाबाद के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनेश कुमार ने फाइलेरिया रोग खोज अभियान के तहत स्वास्थ्य टीम की प्रतिनियुक्ति की है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि 25 मई से 5 जून तक फाइलेरिया रोग खोज अभियान का आयोजन किया गया है। इसे लेकर मोहम्मदगंज पंचायत क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर 30 मई से 5 जून तक कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें पर्यवेक्षण और जांच के लिए विजय कुमार सिंह, शकील अहमद एलटी, धीरेंद्र कुमार एमटीएस,जयप्रकाश नारायण, विमलेश कुमार सिन्हा, दिलीप उरांव एमपीडब्ल्यू और आनन्द सिंह एम्बुलेंस चालक शामिल के नाम हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय मुखिया और स्वास्थ्य सहिया के घर के पास 30 व 31 मई को जबकि ललन सिंह, मुन्ना मेहता के घर, राजनडीह स्वास्थ्य उपकेंद्र, नीम पेड़ नदीपर और बजरंगबली मंदिर के पास क्रमश: 1 से 5 जून तक जांच कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# नगर पंचायत में पुन: पेयजल आपूर्ति बाधित, शहरवासी परेशान

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के देवरी सोन नदी स्थित वाटर फिल्टर प्लांट के पास लगे मोटर में तकनीकी फॉल्ट हो जाने के कारण शहर में जलापूर्ति पुनः ठप हो गई है। जिसके चलते इस उमस भरी गर्मी में लोगों को पीने का पानी के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। शहर में पानी सप्लाई बंद होने के करण पानी जुटाने के लिये लोग इधर-उधर दौड़ने लगे है। कई चापनल लोगों का सहारा बना हुआ है। शहर के पेयजल उपभोक्ताओं का कहना है कि हुसैनाबाद में जलापूर्ति योजना हाथी का दांत साबित हो रहा है। अक्सर वाटर फिल्टर प्लांट में बालू भरने, तो कभी मोटर जल जाने, तो कभी और कुछ तकनीकी खराबी के करण हमेशा कई -कई दिनों तक जलापूर्ति बाधित होती ही रहती है। वर्तमान में सोन नदी का जलस्तर नीचे चले जाने के कारण 15 दिनों से जलापूर्ति बंद थी। जल स्तर बढ़ा तो अब सोन नदी के किनारे मोटर में तकनीकी खराबी आ जाने से पानी सफ्लाई बंद हो गई है।



देवरी सोन नदी स्थित पेय जलापूर्ति स्टाफ कर्मी का कहना है कि मोटर खराब हो जाने के कारण सोन नदी से फिल्टर प्लाटों से होने वाली जलापूर्ति नहीं हो पा रही हैं। इसकी जानकारी नगर पंचायत कार्यालय को दे दी गई हैं। इसके बदलने में अभी चार से पांच दिन और समय लगने की संभावना व्यक्त की है। इसके बाद ही शहरवासियों को पानी की सप्लाई मिलना सुचारू रूप से संभव हो सकता है।

# भगवान शनिदेव प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** शहर के मेन रोड स्थित संकट हरण हनुमान मंदिर परिसर में बुधवार को भगवान शनिदेव की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। मालूम हो कि पहले से स्थापित मूर्ति खंडित हो जाने के कारण पुनः नया प्रतिमा स्थापित किया गया है। मुख्य पुरोहित लक्ष्मण वैद्य के नेतृत्व में यजमान लखन सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अनुष्ठान कार्य किया। इससे पहले शनिदेव की प्रतिमा का धूमधाम से नगर भ्रमण कराया गया। बाद में भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराने में पंडित धर्मेंद्र शास्त्री व कुंदन ने सहयोग किया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री महावीर मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष कृष्णदेव सिंह, सचिव विजय कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष सुनील शौंडिक, व्यवस्थापक राबर्ट गुप्ता, राजेश जायसवाल , निरंजन प्रसाद, मृत्युंजय विश्वकर्मा, सुधीर कुमार, सत्यनारायण शौंडिक, शिव गुप्ता, रिशु गुप्ता , संजय विश्वकर्मा का सक्रिय योगदान रहा। इस अवसर पर उदय शौंडिक, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, डा संजय कुमार, दिलीप चौधरी, मिकी कुमार, गोपाल प्रसाद गुप्ता, उत्कर्ष जायसवाल सहित कई महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

# वित्त रहित शिक्षकों व कर्मचारियों ने वित्त मंत्री का स्वागत कर जताया आभार

**हुसैनाबाद।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा वित्त विभाग से वित्त रहित शिक्षक कर्मचारी का 75% अनुदान वृद्धि की संचिका सहमति मिलने पर पलामू प्रमंडल के सैकड़ो शिक्षक व कर्मचारियों ने वित्त मंत्री को बुके ,माला एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया व आभार व्यक्त किया। शिक्षक व कर्मचारियों ने कहा कि कार्मिक विभाग में संचिका बरसों से पड़ी है, जिसमें मुख्यमंत्री का भी समान काम के बदले समान वेतन देने की घोषणा विधानसभा में किया गया था। इस आलोक में शिक्षा विभाग ने संचिका कार्मिक विभाग को भेजा है। उसमें लिखा गया है कि वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त कर शिक्षक व कर्मचारियों को वेतनमान दिया जाए। इस पर वित्त मंत्री ने आश्वाशन दिया कि इस कार्य को भी वह कराने को लेकर बात करेंगे। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के आश्वाशन के बाद वित्त रहित शिक्षण संस्थानों से जुड़े शिक्षकों व कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। मौके पर इंटर महासंघ के प्रदेश महासचिव एवं मोर्चा के अध्यक्ष मंडल सदस्य अरविंद कुमार सिंह के अलावा अनिल कुमार तिवारी, स्वाति कुमारी, मधु लता सिंह, अवध बिहारी सिंह एवं जय लोक मिश्रा के साथ सैकड़ो शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे।



# तहफूज-ए-वक्फ कमेटी भारत के संविधान के आईने में नए वक्फ कानून पर करेगी चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** तहफूज ए वक्फ कमेटी हुसैनाबाद की बैठक ग्यासुद्दीन सिद्दीकी के आवासीय परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता अब्दुल मन्नान खान ने की। बैठक में पूर्व की बैठक की समीक्षा की गई। सदर के दिवंगत होने की स्थिति में नए सदर का चुनाव किया गया। सर्वसम्मति से अबू नसर सिद्दीकी को सदर चुना गया। कमेटी के सेक्रेट्री मसरूर अहमद ने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ की गाइड लाइन में कहा गया है कि वक्फ क्या है, नए वक्फ कानून में क्या खामियां हैं, इसकी जानकारी सभी को होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए समाज के सभी वर्ग के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक कर लोगों को सही बात बताने की जरूरत है। इसी उद्देश्य से राउंड टेबल मीटिंग करने की जरूरत है। सर्वसम्मति से 15 जून को हुसैनाबाद एवं 22 जून को हैदरनगर में राउंड टेबल मीटिंग का निर्णय लिया गया। इसे सफल बनाने के लिए प्रखंडों से पांच पांच लोगों को चुना गया है। चुने गए लोग बैठक का स्थान व्यवस्था के साथ साथ लोगों को आमंत्रित करने का काम भी करेंगे। बैठक में अली अहमद खान, जाफर खान, शकील अहमद, गयासुद्दीन सिद्दीकी, पंचम खान, आलम, चंगेज अहमद, महताब खान, अफरोज अहमद सिद्दीकी, हाजी नुरुल्लाह खान के अलावा कई लोग मौजूद थे।



# आज होगा चुप्पी तोड़ो स्वच्छ रहो का छठा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार हैदरनगर में गुरुवार के दिन के 11.30 बजे से स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत चुप्पी तोड़ो-स्वच्छ रहो अभियान चरण का छठा आयोजन किय गया है। इस अभियान की बैठक को सफल बनाने के लिए बुधवार को बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने सूचना जारी कर बताया कि इसमें उपस्थिति सुनिश्चित कराने को लेकर जिला परिषद सदस्य, प्रमुख व उपप्रमुख के अलावा इस प्रखंड के सभी मुखिया व पंचायत समिति सदस्य, सांसद व विधायक प्रतिनिधि, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, वन क्षेत्र, प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, सहकारिता प्रसार, प्रखंड शिक्षा प्रसार, श्रम प्रर्वतन, कार्यक्रम प्रबंधक (जेएसएलपीएस), प्रखंड समन्वयक पंचायती राज, आपूर्ति, कृषि, कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) पदाधिकारी, तकनीकी प्रबंधक को सूचना दी गई है। सभी सहायक व कनीय अभियंता, राजस्व उपनिरीक्षक, अंचल निरीक्षक, प्रखंड वॉश समन्वयक (एसबीएम), प्रखंड समन्वयक लघु कुटीर व पीएमएवाई (ग्रामीण 15 वां वित्त), सभी पंचायत सचिव, जनसेवक, सहायक व कनीय अभियंता (पीएचईडी, विद्युत विभाग) के अलावा प्रखंड व अंचल के समस्त कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का आदेश दिया गया है।

### अभियान को लेकर बैठक आज

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान चरण 6 को सफल बनाने को लेकर पूर्वाह्न 11 बजे बैठक होगी। इस संबंध में बीडीओ रणवीर कुमार ने पत्र निर्गत कर प्रखंड प्रमुख, सभी पंसस, मुखिया, उपमुखिया सहित विभागीय अभियंता, समन्वयक, अधिकारियों, पंचायत सचिव, प्रखंड व अंचल कर्मियों सहित अन्य सभी को ससमय भाग लेना सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

# 91.4 प्रतिशत अंक लाकर आनंद बना प्रखंड टॉपर

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा में प्रखंड के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रखंड का नाम रौशन किया। प्रखंड के टॉपर बने आनंद कुमार यादव बकोरिया गांव निवासी 91.4% लाया। वह प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल कसीयाडीह का छात्र है। प्रखंड टॉपर के सेकेंड स्थान बालिका उच्च विद्यालय सतबरवा के छात्रा श्रेया कुमारी 90.4% लाई। तृतीय स्थान पर रोहित कुमार 89.6% अंक लाकर बाजी मारी। प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल कसीयाडीह के प्रधानाध्यापक संतोष मिश्रा ने प्रखंड टॉपर बने आनंद कुमार यादव पर गर्व करते हुए कहा कि छात्र से ज्यादा शिक्षक को खुशी होती है। विद्यालय के छात्र आनंद कुमार इस विद्यालय के साथ-साथ पूरे प्रखंड का नाम रोशन किया है। इसके अलावा रोशनी कुमारी कसीयाडीह निवासी 89% ,पूजा कुमारी कमारु निवासी 88.8%, रोहित कुमार 89.60% ,पल्लवी रानी 87% लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया। बालिका उच्च विद्यालय सतबरवा के टॉपर वैष्णवी कुमारी 87.60%, नैंसी कुमारी 86.20% बनी।

प्लस टू हाई स्कूल सोहड़ीखास के टॉपर नीरज कुमार 76.6%, लव कुमार सिंह 73%, रवनीत भुइयां 71.4% लाकर बना। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा आदिति कुमारी 83.40%, शिवन्ती कुमारी 77.40%, मुस्कान कुमारी 77.20% व राजकीय कृत सर्वोदय प्लस टू हाई स्कूल के साक्षी कुमारी 88.80% ,अमित राज 87% ,सुजीत कुमार 85.40% तथा यूपीजी हाई स्कूल रेवारातु के कबीता कुमारी 74.6%,पायल कुमारी 72.6%, श्याम प्रसाद 64.2% लाकर अपने-अपने विद्यालय का टॉपर बने।



## 10 वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले परीक्षार्थियों को प्रखंड प्रमुख ने किया सम्मानित

**पांकी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड की परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद परीक्षार्थियों में हर्ष है। इस वर्ष पांकी प्रखंड के बस्ती निवासी शांतनु कुमार गुप्ता ने 10वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 97% अंक लाकर प्रखंड टॉप बना। साथ ही जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। शांतनु कुमार 485 अंक प्राप्त किए हैं। वह राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय का छात्र है। बालिकाओं में प्रगति राज 93.2% अंक लाकर प्रखंड का मान बढ़ाने का कार्य किया है। छात्र-छात्राओं के शानदार प्रदर्शन पर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद समेत प्रखंड के प्रमुख व्यवसाययों ने बुधवार को छात्र-छात्राओं के घर पहुंच कर उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि अब छोटे से प्रखंड पांकी के भी छात्र-छात्रा रिकॉर्ड अंक प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में प्रखंड का मान बढ़ा रहे हैं। मौके पर पांकी प्रखंड के मुखिया प्रेम प्रसाद, उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, प्रोजेक्ट हरिवंश नारायण बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रणीत ठाकुर, शिक्षक दीनानाथ प्रसाद, व्यवसाई संजीव गुप्ता, अखिलेश गुप्ता मिट्ठू गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।



## जी भारत की एंकर बनी हैदरनगर की बहू वर्षा



**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हैदरनगर थाना क्षेत्र के प्रतिष्ठित स्वर्ण कारोबारी जितेंद्र प्रसाद सोनी की बहू वर्षा का जी मीडिया ग्रुप में चयन हुआ है। वर्षा जी भारत न्यूज में एंकरिंग करते नजर आएंगी। जितेंद्र प्रसाद सोनी ने बताया कि पुत्र दीपक कुमार सोनी उतर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिला के नोएडा में एक कंपनी में सॉफ्ट इंजीनर है। वर्षा मास्टर ऑफ जर्नलिज्म भोपाल से की थी। शुरू से ही मीडिया के प्रति उसकी दिलचस्पी थी। लोगों के आशीर्वाद से वह अपना काम बेहतर ढंग से कर हैदरनगर के साथ पलामू की बेटी और बहू के लिये भी एक मिशाल कायम की है।

## प्री-खरीफ विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से पलामू में होगा प्रारंभ

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 29 मई से 12 जून 2025 तक प्री-खरीफ विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला कृषि पदाधिकारी-सह-आत्मा परियोजना निदेशक दीपक कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का संचालन कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किया जाएगा, जिसमें कृषि एवं इससे संबंधित विभागों की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी। अभियान का आयोजन पलामू जिले के विभिन्न गांवों में किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, पशुपालन, मुर्गीपालन, मत्स्यपालन आदि के प्रति जागरूक करना है। साथ ही उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की कृषि विकास से जुड़ी योजनाओं और नीतियों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। दीपक कुमार ने बताया कि किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड के अनुसार उचित फसल चयन और संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए जागरूक एवं प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही, किसानों से फीडबैक एकत्र कर उसका दस्तावेजीकरण किया जाएगा, ताकि वैज्ञानिक किसानों द्वारा अपनाए गए नवाचारों को समझ सकें और उन्हें अनुसंधान की दिशा में उपयोग किया जा सके। इस दौरान किसानों को बीजों का भी वितरण किया जाएगा, जिससे वे समय पर खरीफ फसल की तैयारी कर सकें। कृषि विभाग द्वारा यह अभियान किसानों की आय और उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

# लोन की किश्त को लेकर हुए विवाद में युवक घायल, 25 हजार रुपये भी छीने

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सुदना निवासी रोशन राज को लोन की किश्त वसूली के दौरान मारपीट कर घायल कर दिया गया। उसने आरोप लगाया है कि मारपीट करने वालों ने उसके पास से 25 हजार रुपये भी छीन लिए। इस संबंध में रोशन ने शहर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत के अनुसार, रोशन मिथूट माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड में कार्यरत है और लोन की किश्त वसूली के सिलसिले में निमिया निवासी पिंटू कुमार पासवान की पत्नी रेखा देवी के घर गया था। महिला ने शाम में आने को कहा, जिस पर रोशन दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक वहीं रुका रहा। इस दौरान जब उसने किश्त चुकाने की बात दोबारा कही तो महिला ने इनकार कर दिया।

रोशन के अनुसार, विरोध करने पर महिला के रिश्तेदार अनु पासवान, सोनू पासवान और 6–7 अन्य अज्ञात लोगों ने उस पर गड़ासा, रॉड और चाकू से हमला कर दिया। हमले में उसके सिर पर गंभीर चोट आई है। साथ ही, उसके पास मौजूद 25 हजार रुपये भी छीन लिए गए जो वह लोन कलेक्शन के रूप में जमा कर रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जनता दरबार में उठीं ज़मीन, नौकरी व बिजली बिल की समस्याएं



- डीसी ने दफ्तरों का दौरा कर सफाई व उपस्थिति पर दिए निर्देश

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त समीरा एस ने बुधवार को अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाकर आम लोगों से सीधे संवाद किया। फरियादियों ने ज़मीन पर अवैध कब्जा, गलत सेविका की नियुक्ति, नौकरी में पुनर्बहाली, सरकारी चापाकल का निजीकरण, बिजली बिल में फाइन जैसी कई समस्याएं रखीं। कुछ लोगों ने घरेलू विवाद और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें भी दीं। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जनता दरबार के बाद उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर में संचालित कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने भू-अर्जन, आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा और सामान्य शाखा समेत कई दफ्तरों में बैठने की व्यवस्था, रजिस्टर संधारण, साफ-सफाई और कर्मचारियों की उपस्थिति की स्थिति देखी। उपायुक्त ने कर्मियों से कहा कि समय पर कार्यालय में मौजूद रहें और परिसर को स्वच्छ रखने में योगदान दें।

## माहवारी पर जागरूकता अभियान के छठे चरण की हुई शुरुआत




- ग्रामीण इलाकों में चलाया जाएगा विशेष अभियान, सोशल मीडिया के उपयोग पर भी जोर

**मेदिनीनगर।** जिले में बुधवार को 'चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो' अभियान के छठे चरण की शुरुआत समाहरणालय सभागार से हुई। जिला उपायुक्त समीरा एस, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा, सिविल सर्जन डॉ. अनिल, स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता जेसन होरो और जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के आईईसी कोऑर्डिनेटर धर्मेंद्र दुबे ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अभियान के उद्देश्य और रूपरेखा की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि माहवारी एक संवेदनशील और जरूरी विषय है, जिस पर बात करने के साथ-साथ ठोस कार्रवाई की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का असर जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए। खासकर ग्रामीण किशोरियों और महिलाओं में जागरूकता लाना जरूरी है, क्योंकि वे आज भी इस विषय पर खुलकर बात नहीं करतीं। उपायुक्त ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार की बात कही। उपायुक्त ने बताया कि 11 जून तक रोजाना गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जो ग्राम स्तर से लेकर अनुमंडल स्तर तक चलेंगी। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, जेएसएलपीएस और बीडीओ की भूमिका को बेहद अहम बताया। उन्होंने निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया और पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों को जागरूक करें। बैठक में सभी प्रतिभागियों ने माहवारी स्वच्छता की शपथ भी ली। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को भी इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारी, जेएसएलपीएस और पंचायती राज से जुड़े पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता और प्रखंड वॉश समन्वयक उपस्थित रहे।

30 मई को समाहरणालय परिसर में कांग्रेस की जय हिंद सभा

## युद्ध विराम आदेश पर केंद्र सरकार स्थिति स्पष्ट करे : केएन त्रिपाठी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं जय हिंद सभा के जिला संयोजक केएन त्रिपाठी ने परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि 30 मई को जिला समाहरणालय परिसर में जय हिंद सभा का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य देशवासियों को यह संदेश देना है कि कांग्रेस आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई का पूरा समर्थन करती है।

त्रिपाठी ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच स्थिति युद्ध जैसी बन गई थी। हमारी सेना दुश्मनों के ठिकानों तक पहुंचने के करीब थी। ऐसे समय में युद्ध विराम का आदेश समझ से परे है। केंद्र सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि यह निर्णय क्यों लिया गया।

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का पराक्रम विश्वभर में प्रशंसनीय है और इसके लिए वे सशस्त्र बलों को बधाई देते हैं। त्रिपाठी ने यह भी कहा कि कांग्रेस देश की सुरक्षा के मामले में कभी समझौता नहीं करती। उन्होंने खुद को पूर्व वायुसेना कर्मी बताते हुए कहा कि वे आज भी मातृभूमि की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा झामुमो सरकार पर लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए त्रिपाठी ने कहा कि बालू, ज़मीन और अन्य माफियाओं को बढ़ावा देने की शुरुआत भाजपा सरकार में ही हुई थी। रघुवर दास ने ही बालू और शराब नीति को बदला था, जिससे माफिया को लाभ हुआ। भाजपा की सरकार ही झारखंड की बदहाली के लिए जिम्मेदार रही है।

प्रेस वार्ता में भोला पांडेय, विवेका त्रिपाठी, जावेद खां, रमेश सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## 251 बर्खास्त अनुसेवकों ने उपायुक्त से मिलकर पुनर्बहाली की लगाई गुहार

- उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद बर्खास्त अनुसेवकों ने न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के 251 बर्खास्त अनुसेवकों ने बुधवार को नवपदस्थापित उपायुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपते हुए पुनर्बहाली की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वर्ष 2010 में जारी विज्ञापन संख्या 01/2010 के तहत चतुर्थ वर्गीय पदों पर बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी, जिसमें वर्ष 2017 में लिखित परीक्षा और उसके बाद काउंसलिंग की प्रक्रिया संपन्न हुई। इसके आलोक में वर्ष 2018 में इन सभी अनुसेवकों की नियुक्ति हुई थी।

ज्ञापन में बताया गया कि अमृत यादव सहित कुछ अभ्यर्थियों को कम अंक के आधार पर सेवा से पृथक किया गया, जिन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में सिविल अपील (संख्या 13950, 13951/2024) दायर की। न्यायालय ने आवेदन खारिज करते हुए विज्ञापन संख्या 01/2010 को भी रद्द कर दिया। अनुसेवकों का कहना है कि इस स्थिति में तत्कालीन उपायुक्त को सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल करनी चाहिए थी, किंतु जिला स्थापना शाखा की चूक के कारण न तो याचिका दाखिल की गई और न ही किसी सक्षम स्तर से परामर्श लिया गया। परिणामस्वरूप, 251 नियुक्त अनुसेवकों को बिना गलती के सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

ज्ञापन में अनुसेवकों ने उपायुक्त से आग्रह किया कि उनके पक्ष में न्यायोचित कदम उठाते हुए सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की जाए और उन्हें पुनः सेवा में बहाल किया जाए। नवपदस्थापित उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले की निष्पक्ष जांच करायी जाएगी।

## लायंस क्लब का पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों के लिए निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर 31 को

- डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ के नेतृत्व में लायंस क्लब, फेमिना व पुलिस प्रशासन के सहयोग से होगा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ की अगुवाई में लायंस फेमिना एवं पलामू पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में एक निःशुल्क मेगा हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 31 मई 2025 (शनिवार) को पुलिस स्टेडियम में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा।

इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में पुलिस विभाग के सभी कर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए विस्तृत स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई है। शिविर में जनरल चेकअप, शुगर, ब्लड प्रेशर, नेत्र परीक्षण, दंत जांच, हड्डी रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग, ईएनटी, ईसीजी, अल्ट्रासाउंड एवं अन्य विशेष जांच सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया जाएगा।

डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने जानकारी दी कि इस शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम विशेषज्ञ चिकित्सक नर्सिंग स्टाफ और तकनीकी सहयोगी मौजूद रहेंगे, ताकि प्रतिभागियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा दी जा सके। उन्होंने बताया कि क्लब का उद्देश्य समाज के हर वर्ग विशेषकर सुरक्षा में संलग्न कर्मियों को स्वास्थ्य सुविधा देना है, ताकि वे स्वस्थ रहकर बेहतर सेवा कर सकें।

लायंस फेमिना की ओर से बताया गया कि शिविर में महिला चिकित्सकों की भी उपस्थिति सुनिश्चित की गई है, ताकि महिला परिजनों को भी पूर्ण सुविधा मिले। डॉ. सिद्धार्थ ने सभी पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों से आग्रह किया कि वे शिविर में भाग लेकर इस स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। शिविर में जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. नरेश प्रसाद, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमुद मिश्रा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र दुबे, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा सिन्हा, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास वर्मा, दंत चिकित्सक डॉ. मनीषा कश्यप, त्वचा एवं यौन रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिरुद्ध शंकर, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति मिश्रा, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. एस. खालिद, अल्ट्रासाउंड तकनीशियन डॉ. नीलिमा कुमारी तथा मधुमेह एवं रक्तचाप विशेषज्ञ डॉ. रवि प्रताप सिंह अपनी सेवाएं देंगे।

# चलानी किला परिसर में बनेगा राजा मेदिनीराय सामुदायिक भवन

- झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की मांग पर विधायक ने दिया निर्माण का आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को डालटनगंज, चैनपुर और भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया से भेंट कर शाहपुर स्थित ऐतिहासिक चलानी किला परिसर में राजा मेदिनीराय सामुदायिक भवन के निर्माण की मांग रखी। विधायक ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि सामुदायिक भवन का निर्माण शीघ्र शुरू कराया जाएगा। साथ ही परिसर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के सफल आयोजन में पूर्ण सहयोग का भरोसा भी दिलाया।

संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने बताया कि पलामू के चेरो वंशीय राजा मेदनीराय का ऐतिहासिक स्मारक आज उपेक्षा का शिकार है। परिसर की चारदीवारी का निर्माण प्रारंभ हुआ था, लेकिन वह अधूरा रह गया। उन्होंने कहा कि विरासत के संरक्षण और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए सामुदायिक भवन की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा ने बताया कि चलानी किला परिसर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसके लिए आधारभूत संरचना और स्थानीय प्रशासनिक सहयोग जरूरी है। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि पलामू की सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण और महापुरुषों की स्मृतियों को सहेजना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। चेरो वंश, नीलांबर-पीतांबर और राजा मेदनीराय जैसे योद्धाओं ने अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष का मार्ग दिखाया। इनकी विरासत को बचाना हम सबका कर्तव्य है। प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार, प्रमंडलीय अध्यक्ष बालकिशुन उरांव, जिलाध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा, महासचिव धर्मेंद्र चंद्रवंशी, केंद्रीय सचिव शंखनाथ सिंह चेरो, जिला सचिव राजू कुमार प्रजापति, सलोनी टोपनो, बसंत हेम्ब्रम, पुनिया टोपो, प्रदीप सिन्हा और जगनारायण मेहता शामिल थे। प्रतिनिधियों ने विधायक चौरसिया को इस पहल के लिए धन्यवाद देते हुए विश्वास जताया कि जल्द ही राजा मेदनीराय स्मारक स्थल का समुचित विकास होगा।

## शिक्षा, साहित्य व समाज सेवा के प्रतीक थे स्व. ज्योति प्रकाश

- जनता शिवरात्रि कॉलेज की स्थापना में निभाई थी केंद्रीय भूमिका



**मेदिनीनगर।** जनता शिवरात्रि कॉलेज के जनक माने जाने वाले स्व. ज्योति प्रकाश की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए नगर के वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं कॉलेज के पूर्व प्राचार्य राणा प्रताप सिंह ने उनके अवदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि स्व. ज्योति प्रकाश न केवल एक प्रतिष्ठित व्यवसायी थे, बल्कि साहित्य, शास्त्रीय संगीत और शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान अविस्मरणीय है। पूर्व प्राचार्य राणा प्रताप सिंह ने बताया कि जब पूरे प्रमंडल में वाणिज्य शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं थी और छात्र-छात्राओं को पटना जाकर पढ़ाई करनी पड़ती थी, तब स्व. ज्योति प्रकाश ने इस जरूरत को समझते हुए जनता शिवरात्रि कॉलेज की नींव रखी। वे कॉलेज के प्रथम सचिव बने और कई वर्षों तक अपने टाउन नंबर दो स्थित आवास से कॉलेज का संचालन निजी खर्च पर करते रहे। बाद में नगर में संचालित जनता कॉलेज को इस संस्थान में विलय कर एक सशक्त शैक्षणिक केंद्र की स्थापना की गई। स्थानीय समाजसेवी और भूदानकर्ता श्री परमेश्वरी दत्त झा द्वारा साढ़े छह एकड़ भूमि दान में मिलने से कॉलेज को स्थायी ठिकाना मिला। 1968 में कॉलेज की मान्यता के लिए उन्होंने रांची विश्वविद्यालय में 40,000 रुपये बतौर सिक्योरिटी जमा कराए, जिससे मान्यता प्राप्त हुई।

स्व. ज्योति प्रकाश के छोटे भाई स्व. शिव प्रसाद साहू ने भी विश्वविद्यालय से मान्यता दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2009 में नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद से यह कॉलेज उसकी एक अंगीभूत इकाई के रूप में लगातार प्रगति कर रहा है।

राणा प्रताप सिंह ने यह भी बताया कि स्व. ज्योति प्रकाश के पुत्र आनंद शंकर और ज्ञान शंकर जो कभी उनके शिष्य भी रहे आज शिक्षा के क्षेत्र में उनके पदचिह्नों पर चलते हुए शहर में हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल और ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज जैसी संस्थाओं का संचालन कर रहे हैं। स्व. ज्योति प्रकाश ने अपने बड़े पुत्र के नाम पर आनंद शंकर बाल विद्या मंदिर की भी स्थापना की थी, जिसे अब रोटरी स्कूल आनंद शंकर के नाम से जाना जाता है। परिवार की सामाजिक प्रतिबद्धता की चर्चा करते हुए श्री राणा ने कहा कि उनकी पुत्रवधू श्रीमती अरुणा शंकर ने नगर की प्रथम महापौर बनकर शहर को संवारने में अहम भूमिका निभाई, जिसकी सर्वत्र सराहना हुई। पूर्व प्राचार्य राणा प्रताप सिंह ने अंत में भावुक स्वर में कहा, "स्व. ज्योति प्रकाश न केवल एक शिक्षाप्रेमी थे, बल्कि समाज निर्माण की प्रेरणा भी थे।

# रेड़मा साइड से बढ़ी यात्रियों की संख्या टिकट काउंटर खोलने की मांग तेज

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन के रेड़मा की ओर स्थित हिस्से में यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस क्षेत्र से यात्रा करने वाले यात्रियों को अनारक्षित टिकट लेने में खासी परेशानी हो रही है, क्योंकि इस साइड में टिकट काउंटर की सुविधा उपलब्ध नहीं है।




हालांकि यात्रियों की सुविधा के लिए नया फुट ओवर ब्रिज बनाया गया है, लेकिन टिकट के लिए उन्हें प्लेटफॉर्म की दूसरी तरफ स्थित काउंटर तक जाना पड़ता है। कई बार टिकट लेते-लेते गाड़ी छूट जाने की नौबत भी आ जाती है। जानकारी के अनुसार, कुछ वर्ष पूर्व तक इस हिस्से में टिकट काउंटर संचालित होता था, जिससे यात्रियों को आसानी होती थी। लेकिन इसके बंद होने के बाद से यात्रियों को लगातार असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में इस हिस्से में बना एक पुराना फुट ओवर ब्रिज भी बंद कर दिया गया है। उस पुल से यात्री सीधे टिकट काउंटर के पास उतरते थे, जबकि वर्तमान में नए ओवर ब्रिज से टिकट काउंटर तक की दूरी अधिक है। रेड़मा, बारालोटा, कचरवा, पोखराहा, लेस्लीगंज, सतबरवा, पोलपोल और पांकी जैसे क्षेत्रों के यात्री इस मार्ग का उपयोग करते हैं। अब इन इलाकों से आने-जाने वालों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है और रात के समय भी इस ओर वाहन आवाजाही करते रहते हैं। इसके अलावा, इस हिस्से में सुरक्षा की भी कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे यात्री असहज महसूस करते हैं। यात्रियों ने टिकट काउंटर शुरू करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

इस संबंध में पूछे जाने पर स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि स्टेशन पर स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन और यूटीएस ऐप जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यात्रियों को इन विकल्पों का जागरूकता के साथ उपयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में स्टेशन पर टिकट काउंटर के संचालन के लिए पर्याप्त स्टाफ नहीं है, इसलिए दूसरी छोर पर नया टिकट काउंटर खोलना संभव नहीं है।

## जलजमाव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा जलजनित बीमारियों में इजाफा

- लोगों ने फॉगिंग की मांग की, नगर निगम ने दिए आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** हाल ही में हुई लगातार बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे रेड़मा, सुदना, बीएन कॉलेज, बैरिया, भट्ठी मोहल्ला, कुंड मोहल्ला, पहाड़ी मोहल्ला चौक और नवाटोली समेत कई इलाकों में मच्छरों का प्रकोप तेज़ी से बढ़ गया है।

सड़क किनारे नालियों और खुले स्थानों पर जमा बारिश का पानी मच्छरों के प्रजनन स्थल बनते जा रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड और डायरिया जैसे जलजनित रोगों के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। स्थानीय अस्पतालों में उल्टी-दस्त, बुखार और ठंड लगकर बुखार की शिकायतें लेकर मरीज पहुंच रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम से फॉगिंग अभियान शुरू करने की मांग की है, ताकि मच्छरों के बढ़ते प्रकोप पर नियंत्रण पाया जा सके। इस संबंध में सिटी मैनेजर शाहिद हसन ने बताया कि नगर निगम जल निकासी और सफाई कार्यों को सुचारु रखने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जल्द ही जरूरत के अनुसार फॉगिंग अभियान भी शुरू किया जाएगा।

# केसीसी में किसानों के लिए पैन कार्ड की बाध्यता नहीं : डीसी

## जिला परामर्शदात्री समिति की चतुर्थ त्रैमासिक बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** समहरणालय गढ़वा के सभागार में बुधवार को उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति के चतुर्थ त्रैमासिक (2024-25) की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। उपायुक्त द्वारा पूर्व में दिए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई, जिसके बाद उन्होंने गढ़वा जिला अंतर्गत सभी बैंकों का सीडी रेशियो, वार्षिक साख योजना (एसीपी) 2024-25, केसीसी, पीएमईजीपी, एमएसएमई, पीएमएफएमई, महिला लखपति किसान योजना (दीदी लखपति योजना), आरसेटी, फिनांसियल इनक्लूजन समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में बैंकों को अच्छे प्रदर्शन करने को कहा गया। साथ ही निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी बैंकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। उन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए बैठक में उपस्थित सभी बैंकों के पदाधिकारियों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं में पीएमईजीपी, केसीसी, मुद्रा ऋण समेत अन्य का लाभ अधिक लाभुकों तक पहुंचाने सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने केसीसी, पीएम किसान को लेकर प्राप्त आंकड़ों के आधार पर विभिन्न बैंकों, शाखाओं को पीएम किसान के लंबित आवेदन को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करते हुए इसका पूर्णतः लाभ लाभुकों को दिलाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि केसीसी की प्रक्रिया में किसानों के लिए पैन कार्ड की बाध्यता नहीं होनी चाहिए। किसानों के लिए केसीसी की प्रक्रिया सरल बनाने के लिए संबंधित बैंक के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया। बैठक के दौरान पुअर परफॉर्मेंस करने वाले बैंकों को अपने कार्य प्रणाली में सुधार करते हुए दिए गए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बेहतर कार्य करने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आगे से सिर्फ इस बात की समीक्षा करेगी कि कितने केसीसी आवेदनों के विरुद्ध कितने के केसीसी ऋण स्वीकृत किए गए, शेष प्रक्रिया है बैंक अपने स्तर से पूर्ण करते हुए किसानों के लिए केसीसी लोन स्वीकृत करेंगे। केसीसी स्वीकृत की प्रक्रिया में कमी होने पर संबंधित बैंक जिम्मेदार होंगे। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना की भी समीक्षा की गई एवं योजना से लाभुकों को आच्छादित करने में तेजी लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत कुल आठ लोगों के बीच दो-दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत सहायता राशि प्राप्त करने वालों में सुनील खलखो, राम लखन साव, मुन्नी देवी, रामेश्वर राम, ललिता देवी, पिंटू पासवान, अरविंद पासवान एवं चंद्रमा राम आदि के नाम शामिल है। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, सांसद के प्रतिनिधि समेत डीडीएम नाबार्ड, जिला अग्रणी प्रबंधक, आरसेटी प्रभारी, जिला उद्योग केंद्र पलामू सह गढ़वा के पदाधिकारी, बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थें।

## उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक,दिए निर्देश



**गढ़वा।** नवनियुक्त जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिले के सभी विभागों के वरीय एवं वर्तमान पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करना, जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी लाना और विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना था। बैठक में उपायुक्त श्री यादव ने सभी अधिकारियों से अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट साझा करने को कहा और योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता एवं गति बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ह्लजिले के नागरिकों को सुशासन उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि योजनाओं का लाभ आमजन तक शीघ्र पहुँच सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने विकासात्मक योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा, जनसुनवाई की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाना, समयबद्ध परियोजना निष्पादन, ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं की सुलभता सुनिश्चित करना, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जलापूर्ति पर विशेष ध्यान देना सहित अन्य निर्देश दिए। उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों से जवाबदेह बनकर कार्य करने की अपेक्षा जताई। आज के बैठक में उपविकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज माहेश्वरम, तीनों अनुमंडल पदाधिकारी क्रमश: संजय कुमार, रुद्र प्रताप तथा प्रभाकर मिर्धा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश,भूमि सुधार उप समाहर्ता रंका प्रमेश कुशवाहा, भूमि सुधार उप समाहर्ता गढ़वा रविश राज सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पाण्डेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैशर रजा, सिविल सर्जन अशोक कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी नीरज कुमार सहित सभी महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो चरण छह का शुभारंभ

**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश कुमार यादव के निर्देश पर बुधवार को चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो चरण छह कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यपालक अभियंता, पेयजल व स्वछता प्रमंडल, गढ़वा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय से जूम वीसी के माध्यम से किया गया। आयोजित वीसी में सभी सहायक अभियंता, जिला समन्वयक, कनीय अभियंता, सभी मास्टर जल सहिया, जल सहिया व अन्य शामिल थें। कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह द्वारा सभी जल सहियाओं को माहवारी स्वच्छता के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामस्तर पर तिथि वार आयोजित किये जाने वाले गतिविधियों की जानकारी दी गयी। सभी जलसहियाओं को इस कार्यक्रम के दौरान माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कि लिए ग्राम,विद्यालय,आंगनबाड़ी स्तर पर भस्मक निर्माण कराने का निर्देश दिया गया। इसके बाद सभी प्रतिभागियों को माहवारी स्वच्छता शपथ दिलाते हुए रेड डॉट चैलेंज कार्यक्रम किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को ग्राम स्तर पर आयोजित किये जानेवाले सभी गतिविधियों से संबंधित फोटो, वीडियो को सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रचारित करने का निर्देश दिया गया।

## डीसी ने श्रीबंशीधर व राजा पहाड़ी मंदिर का किया दौरा

● पूजा-अर्चना कर विकास कार्यों पर दिए आवश्यक निर्देश

**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने बुधवार को जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों श्रीबंशीधर मंदिर व राजा पहाड़ी मंदिर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर प्रांगण में विधिवत पूजा-अर्चना की और आम श्रद्धालुओं की सुविधाओं व मंदिर के समग्र विकास से संबंधित योजनाओं की जानकारी ली। दौरे के दौरान उपायुक्त ने मंदिर परिसरों की स्वच्छता, सुरक्षा, पेयजल, शौचालय, रौशनी व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला पर्यटन पदाधिकारी व संबंधित अधिकारियों को तीर्थ स्थलों की गरिमा बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक विकास कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिए ताकि आम श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। श्रीबंशीधर मंदिर में उपायुक्त ने स्थानीय लोगों व पुजारियों से संवाद कर कहा कि यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण कर उसके सौंदर्यीकरण कार्यों को लेकर चर्चा की। इसके बाद उपायुक्त राजा पहाड़ी मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने पहाड़ी पर स्थित मंदिर की चढ़ाई कर दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने वहां की मूलभूत सुविधाओं में सुधार व पर्यटकों की सुविधा के लिए सुझाव आमंत्रित किए। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन धार्मिक स्थलों के संरक्षण व पर्यटन के विकास के लिए कृतसंकल्पित है और इस दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। भ्रमण के दौरान श्रीबंशीधर नगर के अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ, बीडीओ रौशन कुमार, सीओ विकास कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजकमल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## जैक 10वीं बोर्ड में सचिन 94.8 प्रतिशत अंक लाकर बना प्रखंड टॉपर

नवीन मेल संवाददाता



**धुरकी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा मैट्रिक की परीक्षा का जारी कर परिणाम में पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय खुटिया के छात्र सचिन कुमार यादव ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड टॉपर बनकर परचम लहराया है। उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा में 474 अंक प्राप्त किए है। इस दौरान उन्होंने हिंदी में 95 अंग्रेजी में 89 गणित में 92 विज्ञान 89 सामाजिक विज्ञान 98 आईटीएस में 100 अंक प्राप्त किया है। राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय धुरकी के छात्र कासिफ अंजुम ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय अंबाखोरेया के छात्रा सुजंती कुमारी ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की है। राजकीय उच्च विद्यालय टाटीदिरी की छात्रा रूपा कुमारी और सपना कुमारी दोनों ने 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान मिला है। उत्क्रमित हाई स्कूल गनियारी कला के छात्र सत्यम कुमार ने 81.2 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉपर रहा। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्रा सीमा कुमारी ने 82.4 प्रतिशत लाकर विद्यालय में इन्हें भी प्रथम स्थान मिला है। 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले प्रखंड टॉपर सचिन कुमार यादव ने कहा कि मैट्रिक कि रिजल्ट के परीक्षा फल से वह संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि मैट्रिक परीक्षा की तैयारी को लेकर प्रतिदिन 10 घंटे पढ़ाई करते थे। उन्होंने कहा कि परिश्रम करने वाले लोगों को कभी हार नही होती है, इसलिए सभी छात्र -छात्राओं को मेहनत करनी चाहिए, जो छात्र छात्रा मेहनत करता है उससे अवश्य सफलता मिलती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता सहित शिक्षकों व परिजनों को दिया।

## स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय राजी का शत-प्रतिशत रहा रिजल्ट

**खरौंधी।** झारखंड अधिविद्य परिषद की माध्यमिक परीक्षा 2024-25 का परिणाम घोषित होते ही स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में हर्ष की लहर दौड़ गई। विद्यालय का परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय के इतिहास में पहली बार हुआ है। कुल 117 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 51 छात्रों ने प्रथम श्रेणी, 65 ने द्वितीय श्रेणी तथा एक छात्र ने तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की।विद्यालय के छात्र विक्की कुमार ने 88.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया और साथ ही खरौंधी प्रखंड में द्वितीय स्थान हासिल किया। बलवंत राम ने 84.60 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा और प्रीतम पासवान ने 82.80 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान पाया। प्रखंड स्तर के टॉप 10 विद्यार्थियों में विद्यालय के तीन छात्रों ने स्थान प्राप्त किया।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने इस उपलब्धि पर छात्रों को शुभकामनाएँ दीं और भविष्य में भी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। उन्होंने इस सफलता का श्रेय कक्षा 10वीं के वर्ग शिक्षकश देवाशीष कुमार चौबे एवं समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को दिया। पूर्व प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह ने भी इसे ऐतिहासिक परिणाम बताया। शिक्षकों ने मेधावी छात्रों को विज्ञान संकाय में नामांकन के लिए आमंत्रित किया है।

## जिप सदस्य ने डीडीसी को पत्र लिखा

**भवनाथपुर।** जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने डीडीसी को पत्र लिखकर बनसानी पंचायत के लाभुकों को अबुआ आवास योजना की लंबित पहली किस्त का शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बनसानी पंचायत के 161 लाभुकों को अबुआ आवास योजना की स्वीकृति मिली थी। बावजूद इसके अब तक किसी भी लाभुक को योजना का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे पूरा पंचायत इस लाभ से वंचित रह गया है।

## परतीकुशवानी रोड़ पर सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**भवनाथपुर।** केतार थाना क्षेत्र के परतीकुशवानी मुख्य पथ में मंगलवार की रात्रि ऑटो व बाइक के आमने सामने के टक्कर में बाइक चालक विनोद चौधरी पिता राजकुमार चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायला अवस्था में भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहां डॉ. अभिनीत विश्वास द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि विनोद चौधरी शराब के नशे के हालत में बाइक से अपने गांव परती कुशवानी जा रहा था, जबकि विपरीत दिशा से उसी गांव का ऑटो चालक चंदन चौधरी पिता महेश चौधरी ऑटो में बाराती को लेकर आ रहा था। इस बीच गोबरैया के पास बाइक और ऑटो की टक्कर हो गया। बताया जाता है उक्त ऑटो चालक भी शराब के नशे के हालत में ऑटो चला रहा था।

## 11 को परिवार कल्याण दिवस व 21 को आयुष्मान मेला का होगा आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति, चुनौतियों और सुधार की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में आयुष्मान भारत योजना, टीकाकरण कार्यक्रम, सुरक्षित मातृत्व प्रसव,प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, गोल्डन कार्ड निर्माण, सिकल सेल जांच, ई-संजीवनी ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवा, एनीमिया जांच, परिवार नियोजन, कुपोषण की रोकथाम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आभा कार्ड निर्माण जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रत्येक माह की 11 तारीख को सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आयोजित होने वाले परिवार कल्याण दिवस तथा 21 तारीख को आयुष्मान मेला के आयोजन की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। इन कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु टीमों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक द्वारा उपस्थित सीएचओ और एएनएम को वित्तीय प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

## कॉफी विद एसडीएम में 100 अधिवक्ताओं ने उठाए नगर प्रबंधन से जुड़े सवाल




नवीन मेल संवाददाता

● विधि व्यवस्था, नदी अतिक्रमण, पार्किंग व जल आपूर्ति जैसे मुद्दों पर रखे गए विचार; एसडीएम ने दिए समाधान के आश्वासन

**गढ़वा।** बुधवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित "कॉफी विद एसडीएम" कार्यक्रम की 25वीं कड़ी में अनुमंडल क्षेत्र के करीब 100 अधिवक्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने न केवल अपने पेशागत मुद्दों को सामने रखा, बल्कि जिले की विधि व्यवस्था, नागरिक सुविधाओं, अतिक्रमण, जल संकट, अवैध गतिविधियों और प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर भी खुले मंच से सुझाव दिए। अधिवक्ताओं ने सबसे पहले दानरो और सरस्वतिया नदी के अतिक्रमण पर गहरी चिंता जताई और आग्रह किया कि इन जीवनदायिनी नदियों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए निर्णायक अभियान चलाया जाए। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि पूर्व की तरह इस दिशा में फिर से प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद द्वारा कचरे को नदियों में डंप किए जाने की शिकायत पर एसडीएम ने कहा कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण प्रगति पर है और इसके बाद डंपिंग स्थल का स्थायी समाधान मिलेगा। वाहनों पर अवैध नेम प्लेट लगाकर घूम रहे लोगों के खिलाफ अधिवक्ताओं ने अभियान चलाने की मांग की। अधिवक्ता कृष्ण राजन कुमार और अन्य ने कहा कि शहर में बिना पदनाम के लोग भी वाहनों पर नेम प्लेट लगाकर भ्रम पैदा कर रहे हैं। इस पर एसडीएम ने परिवहन और पुलिस विभाग के समन्वय से कार्रवाई का भरोसा दिया। कुछ अधिवक्ताओं ने एसडीएम न्यायालय में एक दशक से अधिक समय से लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन की मांग की। इस पर एसडीएम ने बताया कि ऐसे पुराने मामलों को सुलझाने के लिए स्थल निरीक्षण और मध्यस्थता के जरिए तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। चिनिया रोड चौड़ीकरण को लेकर अधिवक्ता भृगुनाथ चौबे ने अधूरे अतिक्रमण हटाओ अभियान की ओर ध्यान दिलाया। वहीं गढ़वा अंचल कार्यालय की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी जताते हुए सभी अधिवक्ताओं ने एकमत से इसकी जांच की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां दलालों का बोलबाला है और गलत एलपीसी निर्गत किए जा रहे हैं। कोचिंग संस्थानों के कारण तंग गलियों में अवैध पार्किंग पर भी अधिवक्ताओं ने चिंता जताई और ऐसे मकान मालिकों को नोटिस देने की मांग की, जिन्होंने अपने घरों को कोचिंग संस्थानों को किराये पर दे रखा है। गोविंद विद्यालय मैदान में नगर परिषद द्वारा की जा रही पार्किंग व्यवस्था को भी अवैध बताया गया और कहा गया कि यह जमीन विद्यालय और छात्रों के लिए है, न कि वाहन पड़ाव के लिए। अधिवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने गढ़वा शहर में सार्वजनिक मूत्रालयों के अभाव की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि यह मुद्दा सीधे मानवाधिकारों से जुड़ा है। डीजे पर प्रतिबंध और अवैध शराब के खिलाफ एसडीएम द्वारा की जा रही कार्रवाई की सभी अधिवक्ताओं ने खुले दिल से सराहना की। कोर्ट स्टांप की कमी और उसमें पनपती कालाबाजारी को लेकर अधिवक्ताओं ने गहरी चिंता जताई और एसडीएम से छापेमारी करने का आग्रह किया। पेयजल की गहराती समस्या को लेकर अधिवक्ताओं ने सुझाव दिया कि इस संबंध में नगर परिषद और पेयजल विभाग की संयुक्त बैठक बुलाकर समाधान निकाला जाए। भूमाफियाओं की बढ़ती सक्रियता को लेकर भी अधिवक्ताओं ने आवाज उठाई और कहा कि इन पर त्वरित कार्रवाई कर प्रशासनिक अनुशासन बनाए रखना जरूरी है। साथ ही, बार भवन में लगी पेयजल टंकी के संचालन में लापरवाही को लेकर भी शिकायत की गई। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने अपनी निजी समस्याएं भी रखीं, जिनमें प्रमोद चौबे, महेश रंजन श्रीवास्तव, अरुण कुमार सिंह आदि शामिल रहे। अधिकांश मामलों पर मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए या समाधान का भरोसा दिलाया गया। दानरो नदी के पुल पर स्ट्रीट लाइट की कमी, मझिआंव रोड पर क्षतिग्रस्त नालियों, कोर्ट रूम और रिकॉर्ड रूम की स्थिति जैसे मुद्दे भी उठाए गए। अधिवक्ताओं ने कोर्ट परिसर की बुनियादी सुविधाओं में सुधार का अनुरोध किया। एसडीएम संजय कुमार ने अधिवक्ताओं को अंतिम व्यक्ति तक न्याय और मानवाधिकारों का वाहक बताते हुए उनके सुझावों को महत्वपूर्ण बताया और सभी को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया। अधिवक्ताओं जितेंद्र सिंहा, निरंजन चौबे, मिथिलेश दुबे सहित दर्जनों अधिवक्ताओं ने इस पहल की सराहना की।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**एन०आर०ई०पी०,लातेहार**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या 03/2025-26/EE/NREP/LATEHAR जिसका PR No. – 353088 Rural Development (25-26).D में प्रकाशित निविदा में निम्न संशोधन किये जाते है।

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 28.05.2025 पूर्वाहन 11:300 बजे से।
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 04.06.2025 अपराह्न 12:30 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 05.06.2025 अपराह्न 03:30 बजे।

निविदा के शेष सभी शर्ते यथावत रहेगी।

PR 353678 Rural Development(25-26).D

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0,लातेहार

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

**शुद्धि–पत्र**

पत्रांक–345 | दिनांक–28.05.2025

इस कार्यालय के अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0- WRD/MID / Latehar/ F2-02/2025-26 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी जिसका PR No-353110 water Resource(25-26)D है, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई0 निविदा बेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 31.05.2025 |
| 2 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 06.06.2025 3.00 बजे अपराहन तक |
| 3 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 06.06.2025 3.00 बजे अपराहन तक |
| 4 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 09.06.2025 5.00 बजे अपराहन |

नोटः– निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।

PR 353768 Minor Irrigation(25-26)D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या :– 01/R1/2024-25/EE/RWD/LATEHAR    दिनांक : 27.05.2025

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0 / पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/LATEHAR11/2024-25 | महुआडांड | जलजाली से जामडीह तक पथ निर्माण। | 1138.066 | ग्यारह करोड़ अड़तीस लाख छः हजार छः सौ रूपये मात्र। | 18 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 31.05.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 10.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 12.06.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR.NO.353746 REO(25-26):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**
**(डी0एम0एफ0टी0 मद)**
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/9/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत घाघु में राजकीयकृत मध्य विद्यालय धाधु में 01 किचेन शेड 05 वर्ग कक्षा(कमरा) एवं 01 प्रधानाध्यापक का कार्यालय प्रकोष्ठ का निर्माण। | 5575300 | 111600 | 10000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 02.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 02.06.2025 से दिनांक 09.06.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –11.06.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार।

PR 353764 (Rural Development) 25-26 (D)

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के अम्बाटीकर स्थित राजा मुहल्ला में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। युवक की पहचान मो. अरशद, पिता मो. मंसूर अंसारी (रांची टेलर के संचालक) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सुबह आठ बजे खाना बनाकर मंसूर अपने रूम में चला गया और उसके बाद उसने गमछा को रस्सी बनाकर पंखे से लटक आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी उसके भाई को तब लगी जब वह सो कर उठा। उसने देखा की उसका भाई पंखे से लटका है। इसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच कर है शव को कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

# फोर लेन सड़क निर्माण कर रही कंपनी पर वन विभाग ने दर्ज कराया मामला, पोकलेन जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** रांची मेदिनीनगर एनएच 39 पर कुडू से उदयपुरा तक बन रहे फोर लेन सड़क (फेज 2) निर्माण कार्य कर रही कंपनी पीआरए इंडिया लिमिटेड पर वन विभाग ने वन भूमि अतिक्रमण और मिट्टी कटाई करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। वन क्षेत्र पदाधिकारी ने इस मामले में मंगलवार को एक हाइवा और एक पोकलेन भी जब्त किया है। वन क्षेत्र पदाधिकारी नंद कुमार मेहता ने बताया कि लातेहार डीएफओ के निर्देश पर उक्त कारवाई की गई है। बुधवार को मामला दर्ज किया गया है। जिसमें अमझरिया गांव में वन भूमि से मिट्टी काट कर हाइवा में लोड कर ले जाते हुए जब्त किया गया है। इसके अलावा मिट्टी काटने वाले पोकलेन को भी जब्त कर रेंज ऑफिस लाया गया है। एक अन्य मामले में भी कंपनी पर मामला दर्ज किया गया है, जिसमें लटदाग और सिकनी ग्राम में वन भूमि पर अतिक्रमण का मामला दर्ज है। इस मामले में कंपनी के सुधीर कुमार,आयुष अग्रवाल और विनय कुमार पांडेय को नामजद आरोपी बनाया गया है। इसकी जांच विभाग के द्वारा की जा रही है। छापामारी अभियान में उमेश कुमार,राजू भगत,सुमित कुमार गुप्ता,अनुराग पांडेय समेत कई वन कर्मी शामिल थे।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**कुंदा (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के जिला सचिव के निर्देश पर कुंदा थाना में विधिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिकार मित्र अजीत कुमार ने लोगों को विधिक से जुड़ी जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्राम मांझीपारा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को विधिक विषयों पर जानकारी दी गई। साइबर क्राइम, मोटर वाहन दुर्घटना में मृत परिवार को मिलने वाले लाभ, असंगठित मजदूर को मिलने वाली विधिक सेवाएं, बाल विवाह और मानव तस्करी समेत अन्य जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लोगों को नालसा, टॉल फ्री नंबर 15100,चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में अधिकार मित्र संजय कुमार चौधरी, मुन्ना दास समेत कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## जमीन विवाद में सिर पर प्रहार से एक घायल



**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के काढ़मदिरी गांव में बुधवार सुबह भूमि विवाद को लेकर मामूली कहा सुनी में झड़प होने से 52 वर्षीय दिलीप पांडेय घायल हो गए हैं। उन्होंने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कराया। वहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। बताया गया कि मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में इलाज कराया जा रहा है। दिलीप पांडेय के सिर पर ईंट के प्रहार होने के कारण व गंभीर रूप से जख्मी हो गये। भुक्तभोगी ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर नामजद आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा है कि उनके जमीन में प्रयाग राणा व श्रवण राणा दोनों के पिता गणेश राणा नामक व्यक्ति जबरन बाउंड्री कर रहे थे। इसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने जब अपने बेटे के साथ रोकने पहुंचे। इस दौरान उन पर ईंट से हमला कर दिया गया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट लगी है। इस मामले में पूछे जाने पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी उमेश राम ने बताया कि दोनों पक्षों ने आरोप -प्रत्यारोप लगाया है। मामला उनके संज्ञान में है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 4 लाभुकों को पशु मिला




**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थिति पशु चिकित्सालय में बुधवार को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत चार लाभुको को बॉयलर चूजा का वितरण किया गया। जिसमे चार सौ चूजा दो लाभुक को व 500 चूजा दो लाभुक को दवा के साथ वितरण किया गया। इस दौरान पशु चिकित्सा पदाधिकारी शुशीला बागे ने पशुओं के रख-रखाव व होने वाले कई बीमारियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही आवश्यक दवाओं का भी वितरण किया। पशु कर्मी विनोद बैठा ने कहा कि लाभुक इस योजना का लाभ उठाकर अपने आय का स्रोत में वृद्धि करेंगे। उन्होंने मुर्गी चूजा के रख-रखाव के संबंध में आवश्यक सुझाव भी दिया। मौके पर जिप सदस्य रमेश राम, वीरेंद्र पासवान,जेएमएम अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रिगन कुमार, ब्रजमोहन राम, ध्रुव कुमार सिंह सहित सभी लाभुक उपस्थित थे।

## भाजपा नेता शंभू शरण पंचतत्व में विलीन

**चंदवा।** जनसंघ काल के भाजपा नेता शंभू शरण गुप्ता का अंतिम संस्कार बुधवार को देवनद तट पर संपन्न हुआ। मंगलवार को उन्होंने पैतृक निवास पर अंतिम सांस ली थी। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। अपने विनम्र स्वभाव व सामाजिक गतिविधियों के कारण व समाज में काफी लोकप्रिय थे। बुधवार को उनके निवास स्थान में शुभचिंतकों का आना जाना लगा रहा। उनके निधन पर लातेहार विधायक प्रकाश राम,पूर्व मंत्री बैजनाथ राम, भाजपा नेता प्रवीण सिंह,लाल अमित नाथ शाहदेव,महेंद्र प्रसाद साहू,मण्डल अध्यक्ष अमित गुप्ता,राजकुमार साहू,लाल कौशल नाथ शाहदेव,लाल अमर नाथ शाहदेव ने शोक व्यक्त किया है। अंतिम संस्कार में शामिल कई लोग मधुमक्खी काटने के कारण जख्मी हो गए। जिनका प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। स्थानीय लोगो ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि पुल पर लगे मधुमक्खी के छत्ते को शीघ्र हटाया जाए, ताकि लोगों को अंतिम संस्कार करने में परेशानी न हो।

## पांडेयपुरा पंचायत में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** प्रखंड के पांडेयपुरा पंचायत में दिल्ली के लेंस कार्ट फाउन्डेशन की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उपायुक्त ने कहा कि लातेहार प्रखंड के चिन्हित पंचायतों में लेंस कार्ट फाउन्डेशन द्वारा जिला प्रशासन के साथ मिलकर चरणबद्ध तरीके से नेत्र जांच शिविर लगाए जा रहा हैं। शिविर में न केवल आवश्यक नेत्र जांच सेवाएं प्रदान की गई, बल्कि विशेषज्ञ के जांच के आधार पर जिन व्यक्तियों को चश्मा की आवश्यकता पाई जा रही है, उन्हे शीघ्र ही चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा। प्रयास है कि लोग अपने नेत्रों का ठीक प्रकार से रख-रखाव करें और यदि उन्हें आंखों या दृष्टि से संबंधित कोई समस्या है तो वह समय रहते इनकी जांच कराएं। नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। कैंप को लगाने का उद्देश्य है कि जिला में प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचते हुए उन्हें आंखो की देखभाल के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि आंखों के साथ हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेत रहना चाहिए। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अक्सर स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते हैं। आजकल खानपान भी बदल गया है। ऐसे में जरूरी है कि हम समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच भी करवाते रहें, ताकि किसी भी तरह की लाइलाज बीमारी का समय रहते इलाज हो सके। भविष्य में भी इस तरह के शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में 329 मरीजों के आंखों की जांच की गई। मौके पर परियोजना निदेशक आईडीए प्रवीण कुमार गगराई, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लातेहार मनोज कुमार तिवारी, नेत्र रोग विशेषज्ञ, चिकित्सा विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## 14 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी ने बताया कि आगामी 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन के निर्देश पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के कर्मियों,बुद्धिजीवियों,जन प्रतिनिधियों व समाज के प्रबुद्ध लोगों को ब्लड डोनेट करने के लिए आग्रह पूर्वक प्रेरित करना है। विभाग की पहल पर कैंप में हिंडालको कोल माइंस के अलावा रक्त संग्रह के लिए लातेहार जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम मौजूद रहेगी।

## राजेश कुमार 443 अंक लाकर प्रखंड टॉपर बना

**कुंदा (चतरा)।** स्तरोन्नत+2 उच्च विद्यालय कुंदा के छात्र राजेश कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में 443 अंक लाकर प्रखंड में अव्वल रहा। उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेदवाडीह के छात्र रौशन कुमार ने 442 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहा। राजेश कुमार की इस उपलब्धि से विद्यालय व प्रखंड में खुशी की लहर है। राजेश ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उनके इस प्रदर्शन से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। रौशन कुमार ग्रामीण क्षेत्र से एक किसान परिवार से संबंध रखते हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालयों ने खुशी जताई है और उन्हें बधाई दी है। विद्यालयों ने कहा कि छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के प्रयास से ही यह संभव हो पाया है। विद्यालय के शिक्षको ने राजेश कुमार और रौशन कुमार दोनों छात्रों को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### जिला समन्वय समिति की बैठक में विभागीय योजनाओं की हुई समीक्षा

# योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सामूहिक भागीदारी जरूरी : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में मासिक जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्य प्रगति और विभागों में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की विस्तृत समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व स्वास्थ्य उपकेन्द्र निर्माण व उसमें उपलब्ध सुविधाओं में विद्युत, रनिंग वाटर, स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत निर्मित भवन की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्माणाधीन भवनों को निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग के निर्माणाधीन भवनों में कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति को आवश्यकता के अनुसार विद्युतीकरण करने का निर्देश दिया गया। नव निर्मित व निर्माणाधीन भवनों में रनिंग वाटर की सुविधा के लिए कार्यपालक अभियंता पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल को जल जीवन मिशन से आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों को हर हफ्ते में सीएचसी, पीएचसी, तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर, तीन आंगनबाड़ी केंद्र, तीन विद्यालय का निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रखंड के लिए बनाए गए वरीय पदाधिकारियों को हर महीने के एक दिन को चिन्हित कर अपने प्रखंड का निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपायुक्त कार्लायत को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

समीक्षा के क्रम में छात्रवृत्ति व पोशाक योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, पीएम-जनमन, सड़क निर्माण, सभी विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। संबंधित पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए योजना का सफल क्रियान्वयन करने व आ रही बाधाओं को दूर कर विकास कार्यों को गति प्रदान करने का निर्देश दिया। बैठक में लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, विद्युत आपूर्ति विभाग, वन प्रमंडल, नगर पंचायत, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धियों की जानकारी उपायुक्त ने ली। करते हुए कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी योग्य लाभुकों तक ससमय पहुंचे इसे सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की ओर से स्वीकृत सभी योजनाओं को समय पर धरातल पर उतारना पदाधिकारियों की जिम्मेवारी है। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें। इस मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी सुदृढ़ीकरण कार्ययोजना अंतर्गत 'मिशन बुनियाद' कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में आंगनबाड़ी सुदृढ़ीकरण कार्ययोजना अंतर्गत मिशन बुनियाद कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने किया। उपायुक्त ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र पर पूर्व प्राथमिक शिक्षा की गतिविधियों को प्रभावी और सुचारू रूप से सम्पन्न कराने और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में कौशल संवर्द्धन किए जाने के उद्देश्य से रॉकेट लर्निंग संस्था के साथ मिशन बुनियाद कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। मिशन बुनियाद का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा को सुदृढ़ करना है, जिससे बच्चों का मानसिक विकास करने में मदद मिलेगी। इसके तहत सभी आंगनवाड़ी सेविकाओं को व्हाट्सअप के माध्यम से प्रतिदिन शाम में अगले दिन हेतू शार्ट वीडियो क्लिप मिशन बुनियाद कार्यक्रम के संचालनकर्ता राकेट लर्निंग द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। इसका अनुश्रवण कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता केंद्र के बच्चों को खेल खेल के माध्यम से सिखाएंगी। सिखाने के क्रम में सेविकाएं बच्चों को कैसे वीडियो क्लिप द्वारा बता रही है इसका वीडियो भी वो खुद बनाकर व्हाट्सप्प ग्रुप में शेयर करेंगी। बेहतर तरीके से बच्चों को स्क ूल पूर्व शिक्षा देने वाली सेविकाओं को सम्मानित किया जायेग। कार्यक्रम में एको फाउंडेशन (रॉकेट लर्निंग), दिल्ली से प्रतिनिधि प्रतिभा द्वारा उपस्थित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाओं, उपस्थित सेविकाओं को मिशन बुनियाद कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों के साथ किये जाने वाले गतिविधियों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण देकर समझाया गया। एको फाउंडेशन (रॉकेट लर्निंग) संस्था के साथ एमओयू किया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाएं, सेविकाओं उपस्थित थी।


**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार।**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 04 वर्ष 2025–26
D.M.F.T मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 05.06.2025 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 06.06.2025 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 06.06.2025 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत तरवाडीह में राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, ओरवाई लातेहार (द0) का मरम्मति कार्य। | 11,73,000 | 23,500 | 2500 | 03 माह |
| 2 | लातेहार जिला अन्तर्गत प्रखण्ड लातेहार नगर पंचायत, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, लातेहार के परिसर में स्थिति जर्जर भवन का स्वच्छता SLRM कार्य हेतु जिर्णोद्धार। | 16,73,700 | 33,500 | 5000 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय / 03 वर्षीय / डाकघर सावधि जमा पत्र / 03 वर्षीय / 05 वर्षीय / बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय / 03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR 353688 (Rural Development) 25-26 (D)



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड**
**(जिला- लोहरदगा)**

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

लोहरदगा जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि जिले में कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (DARE), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) एवं कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (DA&FW) के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 29 मई से 12 जून 2025 तक प्री–खरीफ विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन जिले के विभिन्न प्रखण्डों के ग्रामों में किया जा रहा है। जिसकी समय सारणी निम्नवत है :–

विकसित कृषि संकल्प अभियान की तिथिवार / ग्रामवार कार्यक्रम विवरणी

| Team 1 | | | |
|---|---|---|---|
| SMS from KVKs with mobile number | Name and mobile no | | |
| SMS1 | Dr. Rakesh Ranjan,9113715300 | | |
| SMS2 | Dr Bharti 7717753495 | | |
| Scientist form SAU/ ICAR institutes | Dr. Reena Kamal, Senior Scientist (LPM), ICAR-RCER, FSRCHPR, Plandu, M: 7766802109 | Mr. Subham Kumar, T-1, ICAR- Plandu, M:7903857080 | |
| Agri Allied Team & Venue | संबंधित ग्राम पंचायत भवन / ग्राम / टोला अखड़ा | संबंधित ग्राम / पंचायत / प्रखण्ड के BAO/BAHO/ BTM/ATM/ VLW/ Kisan Mitra/ Matsya Mitra/ Udiyan Mitra | |
| Time | 10:30AM to 12:00PM | 12:30PM to 02:00PM | 2:30PM to 04:00PM |
| Progressive farmers: | Shri Akhilesh Kumar Singh Balmuni Oraon | | Potya Oraon |
| Road map | Village 1 | Village 2 | Village 3 |
| 29.05.2025 | Bhasko (Lohardaga Block) | Oyna (Lohardaga Block) | Raghutoli (Lohardaga Block) |
| 30.05.2025 | Harmu (Lohardaga Block) | Jori (Lohardaga Block) | Chergatoli (Lohardaga Block) |
| 31.05.2025 | Oyana (Lohardaga Block) | Bakshi (Lohardaga Block) | Banjarkisko (Lohardaga Block) |
| 01.06.2025 | Kadak (Lohardaga Block) | Chiri (Lohardaga Block) | Barantpur (Lohardaga Block) |
| 02.06.2025 | Herahi (Lohardaga Block) | Tongritoli (Lohardaga Block) | Mahuatoli (Lohardaga Block) |
| 03.06.2025 | Docka parhi(Sneha Block) | Bishahatoli(Sneha Block) | Kalepat(Sneha Block) |
| 04.06.2025 | Sarenghatu(Sneha Block) | Danru(Sneha Block) | Barhi(Sneha Block) |
| 05.06.2025 | Bonga(Sneha Block) | Arya(Sneha Block) | Gobarshala(Sneha Block) |
| 06.06.2025 | Aekaguri(Sneha Block) | Todar(Sneha Block) | Bakshideepa(Sneha Block) |
| 07.06.2025 | Chiri(Kudu Block) | Jima(Kudu Block) | Jingi(Kudu Block) |
| 08.06.2025 | Kudu(Kudu Block) | Kadak(Kudu Block) | Jido(Kudu Block) |
| 09.06.2025 | Baridih(Kudu Block) | Doba(Kudu Block) | Sinjo(Kudu Block) |
| 10.06.2025 | Lawagani(Kudu Block) | Kolsimri(Kudu Block) | Nantilo(Kudu Block) |
| 11.06.2025 | Tanti(Kudu Block) | Dumartoli(Kudu Block) | Tiko(Kudu Block) |
| 12.06.2025 | Pipratoli(Kudu Block) | Koli(Kudu Block) | Kuundo(Kudu Block) |

विकसित कृषि संकल्प अभियान की तिथिवार / ग्रामवार कार्यक्रम विवरणी

| Team 2 | | | |
|---|---|---|---|
| SMS from KVKs with mobile number | Name and mobile no | | |
| SMS1 | Dr S.S Surin 9534236511 | | |
| SMS2 | Mrs Elisama Xaxa :9572630644 | | |
| Scientist form SAU/ ICAR institutes | Dr. Reshma Shinde, Senior Scientist (Soil Science), ICAR-RCER, FSRCHPR, Plandu, M: 9572061098 | Dr. Nandkishore Thombare, Sr. Scientist (Agril. Chemicals), ICAR-NISA, Ranchi, M: 7352666687 | |
| Agri Allied Team & Venue | संबंधित ग्राम पंचायत भवन / ग्राम / टोला अखड़ा | संबंधित ग्राम / पंचायत / प्रखण्ड के BAO/BAHO/ BTM/ATM/ VLW/ Kisan Mitra/ Matsya Mitra/ Udiyan Mitra | |
| Time | 10:30AM to 12:00PM | 12:30PM to 02:00PM | 2:30PM to 04:00PM |
| Progressive farmers: | Sri Raj Kishor Mahto Mrs Emlen Bage | | Muna tana Bhagat |
| Road map | Village 1 | Village 2 | Village 3 |
| 29.05.2025 | Semardih (Kisko Block) | Hirdotoli (Kisko Block) | Kisko(Kisko Block) |
| 30.05.2025 | Lalpur(Kisko Block) | Hondaga (Kisko Block) | Darangatoli (Kisko Block) |
| 31.05.2025 | Gudgudiya (Kisko Block) | Paripat(Kisko Block) | Janmal(Kisko Block) |
| 01.06.2025 | Benthat (Kisko Block) | Lawagai(Kisko Block) | Anantpur(Kisko Block) |
| 02.06.2025 | Nagpur (Kisko Block) | Sisiadumartoli(Kisko Block) | Hutap(Kisko Block) |
| 03.06.2025 | Ulti (Kairo Block) | Gajni(Kairo Block) | Narouli(Kairo Block) |
| 04.06.2025 | Nagra (Kairo Block) | Iregaon(Kairo Block) | Charma(Kairo Block) |
| 05.06.2025 | Gradih(Kairo Block) | Khanda(Kairo Block) | Mahouri(Kairo Block) |
| 06.06.2025 | Nagjua (Kairo Block) | Panchagai(Kairo Block) | Khawasamba(Kairo Block) |
| 07.06.2025 | Sarabe (Kairo Block) | Dumartoli(Kairo Block) | Ayndadoin(Kairo Block) |
| 08.06.2025 | Bhouro (Bhandara Block) | Bhaiyagaon(Bhandara Block) | Mashumano(Bhandara Block) |
| 09.06.2025 | Bhandara(Bhandara Block) | Ambera(Bhandara Block) | Makunda(Bhandara Block) |
| 10.06.2025 | Taitarpokar (Bhandara Block) | Sarounda(Bhandara Block) | Udrangi(Bhandara Block) |
| 11.06.2025 | Kacmachi(Bhandara Block) | Kota(Bhandara Block) | Kundo(Bhandara Block) |
| 12.06.2025 | Semra(Bhandara Block) | Kashpur(Bhandara Block) | Udrangi(Bhandara Block) |

विकसित कृषि संकल्प अभियान की तिथिवार / ग्रामवार कार्यक्रम विवरणी

| Team 3 | | | |
|---|---|---|---|
| SMS from KVKs with mobile number | Name and mobile no | | |
| SMS1 | Dr. Hemant Pandey | | |
| SMS2 | Kaushik Chatterjee, 9162489162 | | |
| Scientist form SAU/ ICAR institutes | Manish Kr. Singh, Y.P.-I, ICAR Plandu, M: 7903234410 | | |
| Agri Allied Team & Venue | संबंधित ग्राम पंचायत भवन / ग्राम / टोला अखड़ा | संबंधित ग्राम / पंचायत / प्रखण्ड के BAO/BAHO/ BTM/ATM/ VLW/ Kisan Mitra/ Matsya Mitra/ Udiyan Mitra | |
| Time | 10:30AM to 12:00PM | 12:30PM to 02:00PM | 2:30PM to 04:00PM |
| Progressive farmers: | | | |
| Road map | Village 1 | Village 2 | Village 3 |
| 29.05.2025 | Sundru (Kudu block) | Chatakpur (Kudu block) | Bishramgarh (Kudu block) |
| 30.05.2025 | Badkichanpi (Kudu block) | Chotkichanpi (Kudu block) | Oopa (Kudu block) |
| 31.05.2025 | Sarnatoli(Kudu block) | Sukumar(Kudu block) | Dubang(Kudu block) |
| 01.06.2025 | Rajrom (Kudu block) | Chapi (Kudu block) | Salgi(Kudu block) |
| 02.06.2025 | Gopitola (Kudu block) | Nandua (Kudu block) | kamle (Kudu block) |
| 03.06.2025 | Maradih(Kudu block) | Pandra(Kudu block) | Jiling(Kudu block) |
| 04.06.2025 | Urmuru(Kudu block) | Merle(Kudu block) | Makandu(Kudu block) |
| 05.06.2025 | Hurhad(Kudu block) | Barmar(Kudu block) | Chitakoni(Kudu block) |
| 06.06.2025 | Toto(Bhandara block) | Baimari(Bhandara block) | Bhaismundo(Bhandara block) |
| 07.06.2025 | Jamgai(Bhandara block) | Bitpi(Bhandara block) | Tilsiri(Bhandara block) |
| 08.06.2025 | Gitilgarh(Kairo block) | Hanhath(Kairo block) | Karta(Kairo block) |
| 09.06.2025 | Kerotoli(Kairo block) | Lalmatia(Kairo block) | Todang(Kairo block) |
| 10.06.2025 | Tati(Kairo block) | Sarabe(Kairo block) | Jonjro(Kairo block) |
| 11.06.2025 | Gopalganj(Kairo block) | Makra(Kairo block) | Ambafara(Kairo block) |
| 12.06.2025 | Khawasambawa(Kairo block) | Huddu(Kairo block) | Gunri(Kairo block) |

अतः आप सभी किसान भाईयों से निवेदन है कि उपरोक्त तिथिवार ग्रामों में आयोजित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कृषि संबंधी जानकारी प्राप्त करेंगे तथा भारत सरकार द्वारा संचालित कृषि विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लें।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा

PR 353761 Lohardaga (25-26)_D

## आईपीएस सादिक अनवर रिजवी बने लोहरदगा के 33वें पुलिस अधीक्षक

# महिला सुरक्षा व कानून-व्यवस्था में होगी प्राथमिकता : एसपी

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले को बुधवार को नया पुलिस अधीक्षक मिला। 2014 बैच के आईपीएस अधिकारी सादिक अनवर रिजवी ने जिले के 33वें पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान एसपी हारिस बिन जमां से कार्यभार संभाला और जिले की भौगोलिक स्थिति, आपराधिक घटनाक्रम, उग्रवादी गतिविधियों एवं पुलिस की कार्यशैली की विस्तृत जानकारी ली। एसपी रिजवी इससे पहले भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रांची में एसपी पद पर कार्यरत थे। वे इससे पूर्व लोहरदगा में एसडीपीओ रह चुके हैं और जिले की भौगोलिक एवं सामाजिक परिस्थितियों से भली-भांति परिचित हैं। मीडिया से औपचारिक बातचीत में एसपी सादिक अनवर रिजवी ने कहा नक्सलवाद का खात्मा, महिला सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। जिले को भयमुक्त बनाकर विकास की गति तेज की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जनसहयोगी बनाया जाएगा। अपराध और उग्रवाद के मूल कारणों की पहचान कर उन्हें जड़ से खत्म किया जाएगा।




### अपराध नियंत्रण व सामाजिक शांति स्थापित : रिजवी

एसपी सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि लोहरदगा मेरे लिए नया नहीं है। जब नक्सलवाद चरम पर था, तब मैं यहां एसडीपीओ के रूप में तैनात था। अब स्थितियां बदली हैं, लेकिन नक्सलवाद की जो थोड़ी बहुत उपस्थिति है, उसका पूर्ण सफाया प्राथमिकता पर रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यधारा से भटके युवाओं को आत्मसमर्पण नीति के तहत समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जाएगा। पुलिस-जनता मैत्री को बढ़ावा देकर अपराध नियंत्रण और सामाजिक शांति स्थापित की जाएगी।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के नौडीहा निवासी दिलेश्वर महतो के 24 वर्षीय पुत्र सुरेन्द्र महतो उर्फ ललकू अपने घर में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सुरेन्द्र के शव को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दी है। परिजनों ने बताया कि सुरेन्द्र दिन भर नशा में रहता था। मंगलवार को वह अत्यधिक नशा पान किया था। रात में वह अपने कमरे में सोने चला गया. सुबह जब वह अपना कमरा से बाहर नहीं आया तो आवाज़ लगाई गई। कोई जवाब नहीं मिला. इसके बाद परिजनों ने खिड़की से देखा की सुरेन्द्र फांसी लगाकर झूला हुआ है।

## जैक मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में बालिकाओं का दबदबा कायम

# उमा व पुष्पा कुमारी बनी कुडू प्रखंड टॉपर

नवीन मेल संवाददाता






**कुडू।** जैक मैट्रिक बोर्ड परीक्षा परिणाम में कुडू प्रखंड में बालिकाओं का ही दबदबा रहा।इस बार के रिजल्ट में अधिकतर स्कूलों में टॉप में सर्वाधिक बालिकाओं ने जगह बना बाजी मारी। प्रखण्ड के सुदूरवर्ती पंचायत सलगी की दो-दो बेटियों ने एक साथ प्रखंड टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी कि उमा कुमारी और अपग्रेड हाई स्कूल सलगी कि उसका पुष्पा कुमारी 93.4 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनी। वहीं दूसरे स्थान पर संत चार्ल्स जांगी की नौशीन आरा 92.4 प्रतिशत अंक लाकर रही। तीसरे स्थान पर जीएम प्लस टू हाई स्कूल माराडीह की समीक्षा कुमारी 92.2 प्रतिशत अंक के साथ रही। वहीं संत चार्ल्स जागी की अरसी प्रवीण, आस्था प्रिया लकड़ा, पलक परवीन और शिशु विद्या मंदिर सलगी के रोशन महतो क्रमशः 92 प्रतिशत अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। इसके अलावा पांचवें स्थान पर संत चार्ल्स की खुशबू तिर्की 91.2, संत चार्ल्स की ही शिफा नाज 91 प्रतिशत, सातवें स्थान पर भी संत चार्ल्स की अनुप्रिया लकड़ा और साक्षी कुमारी ने 90. 8, आठवें स्थान पर इसी स्कूल हिना प्रवीण और राज प्रसाद दोनों 90.6 परसेंट और स्मार्ट स्मिथ कुजुर और अनामिका लकड़ा दोनों 90.2 प्रतिशत अंक लाकर टॉप टेन में अपनी जगह बनाई।

## न्यूज बॉक्स

### निवर्तमान डीसी डॉ. बाघमारे को सम्मानित किया



**लोहरदगा।** निवर्तमान डीसी डॉ. बाघमारे प्रसाद कृष्ण को उनके आवासीय परिसर में एक भावपूर्ण समारोह में अंगवस्त्र और शांति आश्रम की ओर से आयुर्वेदिक सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश सिंह, गुरुकुल शांतिआश्रम के आचार्य शरतचंद्र आर्य, वरिष्ठ पत्रकार दीपक मुखर्जी, सेवा भारती के जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ़, सामाजिक कार्यकर्ता अजय कुमार पंकज, वरिष्ठ अधिवक्ता देवाशीष कार और हर्षित सोनी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में वक्ताओं ने डॉ. बाघमारे के कार्यकाल को लोहरदगा जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और उपलब्धिपूर्ण बताया। उनके नेतृत्व में जिले में शिक्षा, खेलकूद तथा युवाओं के शारीरिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए। उनके प्रयासों से लोहरदगा में विकास की नई दिशा और गति प्राप्त हुई। भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि जब डॉ. बाघमारे ने उपायुक्त के रूप में कार्यभार संभाला, उस समय जिले की स्थिति तनावपूर्ण थी। उन्होंने तत्परता और धैर्य के साथ न केवल शांति व्यवस्था बहाल की, बल्कि प्रशासन में पारदर्शिता लाकर जनता के बीच विश्वास भी कायम किया। सभी वक्ताओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे भविष्य में भी राज्य एवं राष्ट्र के प्रशासनिक तंत्र में सक्रिय और प्रभावशाली योगदान देते रहेंगे। सम्मान ग्रहण करते हुए डॉ. बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा, "लोहरदगा में कार्य करते हुए मैंने न केवल प्रशासनिक अनुभव प्राप्त किया, बल्कि यहाँ के लोगों की भद्रता और शालीनता ने मेरे दिल को छुआ है।

### निशीथ जायसवाल ने की मृतक के आश्रितों की मदद

**लोहरदगा।** बुधवार को किस्को प्रखंड के बगड़ु ग्राम निवासी चन्द्रप्रकाश उराँव पिता स्वर्गीय सुखनाथ उराँव मनरेगा के तहत कुआँ निर्माण कर रहे थे। जहाँ अचानक मिट्टी धँसने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। लोहरदगा सदर अस्पताल पहुँचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही विधायक डॉ रामेश्वर उराँव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल सदर अस्पताल पहुँच दुःखित परिवार से मिलकर सांत्वना दी। शव का पंचनामा करवा कर सिविल सर्जन से बात कर मृतक का पोस्टमार्टम करवाया। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी से बात कर तत्काल 20 हज़ार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया एवं 2 लाख रुपये मुआवज़ा देने व पारिवारिक पेंशन उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सब दुखित परिवार के साथ हैं एवं आगे भी आश्रितों की हर संभव सहायता करेंगे। मौक़े पर सिविल सर्जन संभु चौधरी, बीडीओ अरुण उराँव, युवा अद्यक्ष विशालडुंगडुंग, मुखिया रानी मिंज, आदि उपस्थित थे।

### वैश्य महासम्मेलन में शामिल हुए धीरज साहू



**लोहरदगा।** रायपुर छत्तीसगढ़ में साहु और वैश्य महा सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू शामिल हुए। जहां गाजे बाजे के साथ जोरदार तरीके से पूर्व राज्यसभा सांसद का स्वागत किया गया। श्री साहू ने विद्यार्थियों के लिए बने छात्रावास का उदघाटन किया। मौके पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि आज रायपुर, छत्तीसगढ़ में साहू एवं वैश्य महा सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होना मेरे लिए एक अत्यंत गर्व और सौभाग्य की बात रही। मौके पर साहू और वैश्य समाज के गणमान्यों ने जो स्नेह, मान-सम्मान और आदर प्रदान किया, उसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। साहू और वैश्य समाज न केवल सामाजिक और आर्थिक रूप से देश की रीढ़ हैं, बल्कि संस्कार, सेवा और संगठन की मिसाल भी हैं। इनकी एकता, अनुशासन और समाज के प्रति प्रतिबद्धता सराहनीय है। मुझे गर्व है कि मुझे ऐसे प्रतिष्ठित सम्मेलन में मुख्य अतिथि बनने का अवसर मिला। यह न केवल मेरा सौभाग्य है, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है कि हम सभी मिलकर समाज और राष्ट्र के उत्थान में अपना योगदान दें। श्री साहू ने समाज के युवाओं को संगठन हेतु आगे आने एवं देश के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देने हेतु आग्रह किया। श्री साहू ने कहा कि समाज की बच्चियों का उच्च शिक्षा में जाना हमारे लिए गर्व का विषय है। आज देश में महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ चढ़कर देखी जा रही है। इसलिए हमें भी पूर्ण विश्वास है की हर क्षेत्र में हमारे समाज की बच्चियां अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगी। जिसमें हम सभी अभिभावक गण उनका भरपूर सहयोग करेंगे।

# भीषण सड़क हादसा : ट्रक व पिकअप की टक्कर, 4 घायल

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के चंदवा रोड स्थित शंख मोड़ के पास बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक और सब्जी से भरी पिकअप में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि मौके पर मौजूद एक बाइक सवार भी ट्रक से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। कुल चार लोग इस दुर्घटना में घायल हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक चंदवा की ओर जा रहा था, जबकि पिकअप लोहरदगा लौट रही थी। इसी दौरान शंख मोड़ के समीप दोनों वाहन आमने-सामने भिड़ गए। टक्कर के तुरंत बाद लोहरदगा के शांतिनगर से कुजरा साप्ताहिक बाजार जा रहे बाइक सवार भी ट्रक से टकरा गए। घायल व्यक्तियों की पहचान महावीर प्रसाद (निवासीः शांतिनगर), दीपेश साहू (महावीर प्रसाद का पुत्र) दोनों बाइक पर सवार थे। गंभीर रूप से घायल होने पर सदर अस्पताल, लोहरदगा में प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया गया। वही विपुल राम, पिताः पंचम राम, सुधाकर राम, पिताः लखन राम दोनों ग्राम मासमानो, ठाकुर गांव, भंडरा थाना के निवासी हैं और पिकअप में सवार थे। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अमृत केयर हॉस्पिटल, पतरा टोली में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया। झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी ने अपने निजी वाहन से बाइक सवार घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जिससे उनकी जान बच सकी। घटना स्थल पर मौजूद मोसर्फ अंसारी, इरफान, नसीम, अनस, रसीद, इशहाक एवं अन्य लोगों ने भी घायलों की सहायता की। वही घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक चालक घायल

**सेन्हा।** अज्ञात ट्रक चालक ने बाइक को धक्का मार घटना स्थल से गाड़ी ले कर फरार हुआ जिसे बाईक चालक गिर कर घायल हो गया. वही स्थानीय ग्रामीणों की सहयोग से बाइक चालक घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. जिसका चिकित्सकों की निगरानी में इलाज चल रहा है. घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा में मुर्की मोड़ के समीप देर शाम में होने का बताया जाता है. जिसमें बाइक जेएच08एच 9280 पर सवार हो एक युवक लोहरदगा से अपना घर जा रहा था. उसी दौरान सेन्हा में मुर्की मोड़ के समीप घाघरा के तरफ से लोहरदगा की ओर जा रही अज्ञात बॉक्साइड ट्रक के चालक बाइक को अपने चपेट में लेते हुए दुर्घटना को अंजाम दे कर ट्रक ड्राइवर घटना स्थल से गाड़ी लेकर फरार हो गया।

## माहवारी स्वच्छता दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम



● किशोर-किशोरियों ने दिखाई सक्रिय भागीदारी

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** स्वास्थ्य विभाग झारखंड व जिला स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार, तथा सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज (सी3) के तकनीकी सहयोग से लोहरदगा जिले में माहवारी स्वच्छता दिवस पर विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर उप स्वास्थ्य केंद्रों व आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) में काउंसलिंग सत्र, क्विज प्रतियोगिता और जागरूकता वार्ताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों से मुक्त कराना और स्वच्छता व स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी देना था। एएनएम, सहिया, सेविका और सी3 टीम के सदस्यों ने किशोरियों को सेनेटरी नैपकिन या साफ सूती कपड़े के उपयोग, स्वच्छता बनाए रखने और सुरक्षित निपटान के उपायों की जानकारी दी। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित युवा मैत्री केंद्रों के बारे में भी जानकारी दी गई, जहाँ किशोरियाँ स्वास्थ्य सेवाएं ले सकती हैं। कार्यक्रम में किशोरों की भागीदारी भी सराहनीय रही। उन्होंने माहवारी पर खुलकर बात की और समाज में फैली चुप्पी तोड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्वक नारों के साथ हुआ। "माहवारी पर चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ जीवन से नाता जोड़ो!" इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग, क्षेत्रीय स्वास्थ्यकर्मी और सी3 टीम की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## हम हिन्दुस्तानी कार्यशाला का हुआ सफल आयोजन

# बच्चों ने जाना भारतीयता की पहचान व संस्कृति

नवीन मेल संवाददाता




**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संसाधन केंद्र में सिनी और जिला शिक्षा विभाग के संयुक्त पहल पर हम हिन्दुस्तानी विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है।बच्चों को हिंदुस्तानी होने की पहचान, जिम्मेदारियों और गौरव का बोध कराना था। वही कार्यशाला का संचालन सुप्रसिद्ध फिल्ममेकर, लेखिका और शिक्षिका समीना मिश्रा द्वारा किया गया। जिस पर समीना मिश्रा द्वारा बनाए गये प्रेरणादायक पॉडकास्ट और बाल-केंद्रित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को भारतीयता के विभिन्न आयामों से परिचित कराया गया। उन्होंने बच्चे बच्चियों को बताया कि हम हिन्दुस्तानी हैं, हमारी पहचान क्या है।और हमारी आज़ादी के मायने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद और गतिविधियां आयोजित की गई। वही कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने समूह चर्चा, चित्र, पोस्टर निर्माण, आजादी का रूपक बनाना और आत्म-अभिव्यक्ति जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया साथ ही बच्चों ने अपने विचार साझा करते हुए भारतीय होने पर गर्व महसूस किया और समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका को समझने की कोशिश की हम हिंदुस्तानी कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों से लग्भग तीस छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

मौके पर प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बौद्धिक विकास में सहायक होते हैं। बल्कि बच्चों के भीतर आत्मविश्वास और सामाजिक समझ भी विकसित होता है।मौके पर कार्यशाला में प्रखंड साधनसेवी अंबिका शरण पाण्डेय सिनी से मामूरा खान, सामुंदर सिंह सेंगर, तरुण कुमार, उदित कुमार, सबन टोपनो, राहुल कुमार, तथा अंजू कुमारी, मुस्कान परवीन, आंचल कुमारी शिवानी कुमारी, आयुष यादव, आलिया परवीन, सृष्टि कुमारी, चाहत नाच दानिश राज अंसारी नफीस आलम, गुलजेबा परवीन नजमीन प्रवीण नसीहत परवीन, कशिश परवीन, निकिता कुमारी समेत अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## चलंत संजीवनी क्लिनिक कर रहा ग्रामीण क्षेत्र में निःशुल्क जांच

**सेन्हा।** झारखंड सरकार के परिवार एवं कल्याण स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से परिवर्तन समाज विकास समिति के द्वारा चलन्त संजीवनी क्लिनिक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर प्रखंड क्षेत्र डोका, पारही, गढ़गांव, हेसवे, चौकनी, मुर्की तोड़ार, साके, चंदवा, चाउ चरकु, अलौदी सहित विभिन्न गांवों में बिपी, सुगर, स्किन इन्फेक्शन, बुखार, सर्दी जुकाम के अलावे अन्य तर्क के बीमारियों का निःशुल्क जांच कर दवा दिया जा रहा है।वही स्वास्थ्य कर्मी नरेश उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वे के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के बीस गांवों में चलन्त संजीवनी क्लिनिक के द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क इलाज किया जायेगा। साथ ही बताया कि पूर्व में ही सर्वे कर प्रथम फेज में सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बीस गांव का चयन किया गया है। मौके पर नरेश उरांव, शुभम निधि एक्का, बिलासी कुमारी, गौरव कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## सीएचओ सम्मेलन-सह-आदर्श दंपत्ति सम्मान समारोह का आयोजन

# कुपोषण मुक्त व गंभीर बीमारियों से मुक्त जिला बनेगा लोहरदगा : डीडीसी

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला स्वास्थ्य समिति, लोहरदगा की ओर से जिला स्तरीय सहिया एवं सीएचओ सम्मेलन-सह-आदर्श दंपत्ति सम्मान समारोह का आयोजन नया नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने किया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि गर्भवती माताओं का सीधा असर होने वाले बच्चे पर पड़ता है। परिवार नियोजन की विधियों को नहीं अपनाने से प्रसूता को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहले स्वास्थ्य सुविधाएं कम थीं इसलिए कई दंपत्ति को ज्यादा बच्चे पैदा करते थे। जिनमें मृत्यु दर अधिक होती थी। आज हम जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पंचायतों में ग्रामीणों के बीच जाकर लोगों को जागरूक कर सकते हैं, समस्याओं को दूर कर सकते हैं।

डीडीसी ने कहा कि लोहरदगा जिला काफी छोटा जिला है। यहां जो उपलब्धियां जिला की स्वास्थ्य टीम हासिल करेगी। वह राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आएगी। आप सभी दूसरों के लिए प्रेरणा बनेंगे। जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग, प्रशासनिक पदाधिकारी अगर सभी मिलकर काम करें तो यह जिला कुपोषण मुक्त और गंभीर बीमारियों से मुक्त जिला बनेगा। आनेवाले समय में जब ऐसा कार्यक्रम आयोजित हो तक टीबी मुक्त, कुपोषण मुक्त पंचायतों की संख्याओं में और वृद्धि होनी चाहिए। समाज और जिला को कुपोषण मुक्त बनाना है।

कार्यक्रम में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, डीपीएम नाजिश अख्तर, डॉ सतीश तिर्की, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, पंचातयों के मुखियागण, बड़ी संख्या में सहिया व अन्य उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

e-Procurement Tender Notice
Two Envelope System
Tender Reference No.WRD/MID/LOHARDAGA/B.D./S.L.I. – 01/2025-26 Date –28/05/2025

Letter No................. Lohardaga, Date.................

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Solar Lift Irrigation Scheme at Vill – Jogna, Panchayat – Arru, Block- Senha,Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 11122078.05 |
| 3. | Cost of Tender document (Rs.) | Rs. 10000.00 (Non Refundable) |
| 4. | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 111300.00 |
| 5. | Time of Completion | 335 Days |
| 6. | Mode of Submission of Tender | Online throughwww.jharkhandtenders.gov.in |
| 7. | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date - 13.06.2025Time 2:00 PM |
| 8. | Last date/Time for downloading of bidding documents and submission of Tender on Website | Date - 20.06.2025 Time 5:00 PM |
| 9. | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date - 13.06.2025 Time 2:00 PM<br>Last Date - 20.06.2025 Time 5:00 PM |
| 10. | Technical Bid Opening Date | Date - 23.06.2025 Time 02:00 PM |
| 11. | Officer inviting Bids | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga. |
| 12. | (a) Contact No. of e-Procurement officer<br>(b) E-Mail of Procurement officer | 9132991322<br>eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of Procurement cell | 7488537740 |

Note: -
- Only e-Tender will be accepted.
- Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved channel Partners/MNRE approved manufacturers/MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/company/firm/Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/International Standards)/any others agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufactures of 10 HP pumps (ACSurface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid standalone SPV water Pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registeredin Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 353703 Lohardaga (25-26)_D
EXECUTIVE ENGINEER
MINOR IRRGATION DIVISION, LOHARDAGA



**कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा**
**(अभियंत्रण कोषांग)**

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा निकाले गए Gem निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2025–26 विज्ञापन संख्या – PR.NO.351257 (Lohardaga) 25-26*D में निम्नांकित संशोधन किया जाता हैं :–

बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय – 05.06.2025 समय 06:00 बजे अपराह्न तक

हार्डकॉपी जमा करने का तिथि व समय – 06.06.2025 समय 01:00 बजे अपराह्न तक एवं

तकनीकी निविदा निशपादन की तिथि – 06.06.2025 समय 03:00 बजे अपराह्न

* निविदा निशपादन के समय निविदा डालने वाले संवेदक /फर्म / अपूर्तिकर्त्ता या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति उपस्थित रह सकते हैं।

शेष यथावत् रहेंगे।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 353739 Lohardaga (25-26)_D



**कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा**
**(अभियंत्रण कोषांग)**
शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा निकाले गए Gem निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 02/2025–26 विज्ञापन संख्या – PR.NO.353404 (Lohardaga) 25-26*D में निम्नांकित संशोधन किया जाता हैं :–

बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय – 05.06.2025 समय 06:00 बजे अपराह्न तक

हार्डकॉपी जमा करने का तिथि व समय – 06.06.2025 समय 01:00 बजे अपराह्न तक एवं

तकनीकी निविदा निशपादन की तिथि – 06.06.2025 समय 04:00 बजे अपराह्न

* निविदा निशपादन के समय निविदा डालने वाले संवेदक /फर्म / अपूर्तिकर्त्ता या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति उपस्थित रह सकते हैं।

शेष यथावत् रहेंगे।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR 353740 Lohardaga(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**एन0आर0ई0पी0, लातेहार**

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या 03/2025-26/EE/NREP/LATEHAR जिसका PR No. – 353320 Rural Development (25-26)*D में प्रकाशित निविदा में निम्न संशोधन किये जाते है।

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 28.05.2025 पूर्वाहन 11:30 बजे से।
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 04.06.2025 अपराह्न 12:30 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 05.06.2025 अपराह्न 03:30 बजे।

निविदा के शेष सभी शर्ते यथावत रहेगी।

PR 353679 Rural Development(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

### भरनो में मनरेगा योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा

# निरीक्षण में खामियां उजागर, तीन दिन में बोर्ड लगाने का आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को मनरेगा लोकपाल शहबाज शेख ने प्रखंड के मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक कर पंचायतवार चल रही योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी योजनाओं का अभिलेख एवं सात पंजी का नियमित संधारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रत्येक योजना स्थल पर योजना बोर्ड लगाने को अनिवार्य बताया।

लोकपाल ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पंचायतो में संचालित सिंचाई कूप और आम बागवानी योजनाओं को तय समय सीमा में पूर्ण किया जाए। बैठक के दौरान रोजगार सेवकों ने बताया कि मनरेगा मजदूरों को पिछले तीन से चार महीनों से मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।

बैठक के बाद लोकपाल शहबाज शेख ने सुपा गांव में चिठो उरांव और भिनसरिया में उराईन का आम बागवानी, रामधनी उरांव का सिंचाई कूप तथा सुकुरहुटु गांव में फरजाना बीबी के तालाब निर्माण योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इन सभी योजनाओं में तीन दिनों के भीतर योजना बोर्ड लगाने का सख्त निर्देश दिया। इस अवसर पर एई मोहम्मद वसीम, जेई नवीन कुमार, रोजगार सेवक शिवदेव लोहरा, कृष्णा कुमार साहू, सरिता कुमारी, रामजीवन साहू समेत अन्य मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

### आपदा प्रबंधन पर एनडीआरएफ का विशेष प्रशिक्षण आज

## जनप्रतिनिधि व आम जनता से भागीदारी की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम द्वारा आपदा प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर अंचलाधिकारी शेखर वर्मा ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व आम नागरिकों से प्रशिक्षण में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के दौरान आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रैक्टिकल डेमो के माध्यम से लोगों को आकस्मिक आपदाओं के समय खुद को और दूसरों को कैसे सुरक्षित रखा जाए, इसकी जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को बाढ़, भूकंप, अग्निकांड, बिजली गिरना जैसे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना है। सीओ शेखर वर्मा ने कहा कि यह प्रशिक्षण जनजीवन की सुरक्षा से जुड़ा है और हर नागरिक का दायित्व बनता है कि वह ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेकर समाज में जागरूकता और सहायता प्रदान करने की भूमिका निभाए। उन्होंने बिशुनपुर प्रखंड के सभी लोगों से अपील की कि वे समय निकालकर इस महत्वपूर्ण और जीवन रक्षक प्रशिक्षण में हिस्सा लें, जिससे आपदा के समय डरने की बजाय सजग और सक्रिय नागरिक की भूमिका निभाई जा सके।

### लावा नदी में डूबे किशोर का शव 30 घंटे बाद बरामद, एनडीआरएफ टीम ने किया रेस्क्यू

**गुमला।** गुमला के जारी थाना क्षेत्र स्थित भीखमपुर के लावा नदी में सोमवार को नहाने के दौरान 16 वर्षीय योगेश थापा नदी की तेज धारा में बह गया था। योगेश दिल्ली से गर्मी छुट्टियों में अपने रिश्तेदारों के साथ गुमला आया था। वह अपने दो दोस्तों अर्पण मिंज और सोनम थापा के साथ नदी में नहा रहा था, तभी तीनों पानी की धारा में बहने लगे। मौके पर मौजूद स्थानीय युवक सिमोन मिंज ने नदी में कूदकर दो बच्चों को तो बचा लिया, लेकिन योगेश लापता हो गया। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू की गई। मंगलवार को एनडीआरएफ की टीम भी रेस्क्यू में जुटी, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद भी शव नहीं मिल सका। अंततः बुधवार को लगभग 30 घंटे बाद योगेश का शव नदी में दिखा और एनडीआरएफ टीम ने उसे बाहर निकाला। शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा गया, जहां प्रक्रिया के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# हाथियों के उत्पात से किसानों की फसलें बर्बाद, ग्रामीणों में दहशत

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कातिंग पंचायत अंतर्गत अंबाटोली गांव में हाथियों के उत्पात की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। मंगलवार रात दो हाथियों ने गांव के चार किसानों की फसलें, जिसमें टमाटर, खीरा, कद्दू और मिर्च शामिल हैं, को रौंदकर पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। इस घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है।प्रभावित किसानों में आलोक लकड़ा, अनिल लकड़ा, राजेश लकड़ा, बसरोपण लोहरा और ललिता टोप्पो शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह पांच बजे जब वे अपनी फसल तोड़ने और बाजार ले जाने के लिए खेत पहुंचे, तब उन्होंने देखा कि हाथियों ने उनके खेतों में जमकर तबाही मचाई है। इसके साथ ही, हाथियों ने उनके धूप से बचने के लिए बनाए गए छप्पर को भी तहस-नहस कर दिया।कातिंग पंचायत की मुखिया मधुरा मिंज ने बताया कि अंबाटोली क्षेत्र हाथियों द्वारा प्रभावित है और उन्होंने वन विभाग को इस बारे में सूचित किया है, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। परिणामस्वरूप, क्षेत्र के किसानों के बीच हमेशा एक डर बना रहता है। मुखिया ने सरकार से मांग की है कि किसानों को हाथियों से बचाव के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे अपनी और अपनी फसलों की रक्षा कर सकें।ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों के उत्पात को रोकने और किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आगे उनकी फसलें और भी बर्बाद हो सकती हैं, जिससे उनकी आजीविका पर खतरा मंडराता रहेगा।

### गुमला में वीरांगना अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर भव्य समारोह

# नारी सशक्तिकरण व लोक कल्याण का दिया संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** भाजपा, गुमला जिला के द्वारा शबरी आश्रम, तरी में भारत की महान वीरांगना अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अहिल्याबाई की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता नीलकंठ सिंह मुंडा का स्वागत शबरी आश्रम की बालिकाओं ने मांदर की थाप पर स्वागत गीत, अंगवस्त्र एवं पुष्प भेंट कर किया।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि - "हमारे देश में अनेक वीरांगनाओं का जन्म हुआ है, लेकिन दुर्भाग्यवश रानी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को इतिहास में उचित स्थान नहीं मिला। देश का इतिहास मुगलों तक सीमित कर दिया गया, जबकि हमें अपनी महान नारियों के योगदान को जानना और अपनाना चाहिए।"

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार रानी अहिल्याबाई की तरह नारी सशक्तिकरण और लोककल्याण के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने युवाओं से रानी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र सेवा में लगने की अपील की।

पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि - "रानी अहिल्याबाई होलकर भारत की वैभवशाली परंपरा का एक गौरवशाली प्रतीक हैं। विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने जनसेवा का जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उनका नेतृत्व, करुणा और न्यायप्रियता आज भी प्रासंगिक है।" कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार लाल ने की। उन्होंने कहा कि - "भारत भूमि पर वीर पुरुषों के साथ-साथ वीरांगनाओं ने भी जन्म लिया है। भाजपा का उद्देश्य ऐसे महापुरुषों और महाप्राण महिलाओं के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है, ताकि नई पीढ़ी प्रेरित होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे।"

तन्मय पांडेय ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रानी अहिल्याबाई की नीतियों और आदर्शों को आज के युग में अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर सविंदर सिंह, यशवंत सिंह, सिकंदर सिंह, देवेंद्र लाल उरांव, दिनेश चौधरी, चमरू साहू, चंपा देवी, ललिता देवी, कुलिस्ता देवी, महिला मोर्चा की प्रभारी लक्ष्मी कुमारी, ललिता कुमारी, इंदिरा देवी, चिंता कुमारी, शिवशांति कुमारी, पूजा कुमारी, प्रियंका कुमारी, सीमा कुमारी, सुनेरा कुमारी, संगीता देवी सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री रामअवतार भगत ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन गुमला मंडल अध्यक्ष विकास कुमार सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# कुड़ुख विद्यालय के सतीश उरांव का शानदार प्रदर्शन

## 80% अंक के साथ बना स्कूल टॉपर, सीताराम उरांव 77% अंक के साथ दूसरे स्थान पर

**नवीन मेल संवाददाता**





**सिसई (गुमला)।** प्रखण्ड क्षेत्र के शिवनाथपुर पंचायत अंतर्गत प्रस्तावित कुड़ुख विद्यालय शिवनाथपुर सिसई में जैक बोर्ड 2025 की दशम परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय के छात्र सतीश उरांव ने 80 अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप का खिताब हासिल किया है वहीं सीताराम उरांव ने 77 अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरे स्थान पर रहे। इस उपलब्धि से उन्होंने अपने माता पिता, गुरुजनों और विद्यालय को गौरवान्वित किया है। अन्य दस छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से पास कर स्कूल का नाम रोशन किए। प्रस्तावित कुड़ुख विद्यालय शिवनाथपुर पिछले 17 वर्षों से (100%) शत प्रतिशत रिजल्ट दे रहा है। इस विद्यालय में इंग्लिश के साथ साथ कुड़ुख तोलोंग सिकि लिपि से पठन पाठन कराया जाता है, एवं कुड़ुख विषय की परीक्षा दिलाई जाती है।

स्कूल के प्रधानाध्यापक ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के गरीब छात्र छात्राओं के लिए कक्षा छः से कक्षा नौवीं तक निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था किया जाता है। विद्यालय के छात्र छात्राओं को शिक्षण सामग्री निःशुल्क प्रदान की जाती है, जिससे गरीब बच्चे अपनी पढ़ाई कर सकें। बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी शिक्षक शिक्षिकाएं बड़े मेहनत और लगन से काम करते हैं। जिसका परिणाम शत प्रतिशत रिजल्ट है और आगे भी बेहतर करने के लिए कई गतिविधियों पर जानकारी दी। सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को प्रधानाध्यापक सुकरु उरांव ने बधाई के साथ शुभकामनाएं दी।

### बच्चों ने मैट्रिक की परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

# विद्यालय में सुमित केशरी टॉपर व श्रुति केशरी सेकेंड टॉपर रही

**नवीन मेल संवाददाता**







**भरनो(गुमला)।** भरनो के शैलपुत्री फाउंडेशन ललित उरांव मेमोरियल इंटर विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है।सभी 56 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं,जो इस विद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस विद्यायल के सुमित केसरी ने 90.4% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर रहे, जबकि इसकी बहन श्रुति केसरी ने 80.6% अंक प्राप्त कर सेकंड टॉपर बनी।बताते चलें कि इन दोनों बच्चों के पिता नहीं है ये भरनो बस्ती निवासी स्व दिनेश केशरी के पुत्र एवं पुत्री है,जिन्होंने गरीबी को अपने पढ़ाई के आगे टिकने नहीं दिया और अपनी कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई कर ये मुकाम हासिल किया है। इनके इस सफलता पर भरनो सहित परिवारजनो का नाम रौशन किया।वहीं इस विद्यायल में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों में रिम्मी केसरी, विद्या केसरी, मनोरंजन नाग, अर्जुन उरांव, मणिमला कुमारी, संजू उरांव, अरमान खान, रौनक केसरी, शिवम केशरी, पवन उरांव, सोनाली कुमारी, सुषमा कुमारी,एवं जादू राम शामिल हैं। इन सभी बच्चों को विद्यालय के निदेशक विनय कुमार केशरी सहित अन्य शिक्षकों ने छात्र - छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी है। निदेशक विनय केशरी ने कहा कि विद्यायल के शिक्षकों की टीम ने इन छात्रों के इस प्रदर्शन को संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।साथ ही छात्र छात्राओं के कड़ी मेहनत और लगन का ये फल है। इन सभी विद्यार्थियों को निदेशक विनय कुमार केशरी, गुड़िया केशरी, शिक्षक विकास गुप्ता, सुरेन्द्र प्रसाद, परमेश्वर महतो, कालीचरण शाही, अनीता बरला, विमल कुजूर, दीपशिखा कुमारी, सुमन तिर्की, प्रीति कुमारी, मालती कुमारी, संगीता कुमारी, स्वाति तिर्की, जनक कुमार, तनु प्रवीण, एवं सुलोचना कुमारी आदि शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए इनकी उज्वल भविष्य की कामना की।

## कुरडेग में युवक ने की आत्महत्या,जांच में जुटी पुलिस



**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के गड़ियाजोर पंचायत के कालोमुण्डा बरटोली में एक युवक ने सखुआ पेड़ में फांसी लगाकर की आत्म हत्या कर ली।युवक की पहचान नरेन्द्र साय उम्र 24 बर्ष पिता स्व० बजरंग साय निवासी कालोमुण्डा बरटोली थाना कुरडेग के रूप में हुई । प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक मंगलवार को दिन के लगभग 3:00 बजे घर से निकला था । युवक नशे का आदी था अक्सर अपनी माँ से पैसे को लेकर विवाद करता था मंगलवार को भी पैसे मांगने को लेकर अपनी माँ से विवाद किया था । बुधवार सुबह चरवाहो की नजर नदी किनारे सखुआ पेड़ पर लटके शव पर पड़ा इसके बाद परिजनो को सुचना दी गई । परिजनो की सुचना पर कुरडेग थाना के एस आई सुधीर कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर शव अपने कब्जे में करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुट गये।

## टिम्बर रोड के पूर्वी भाग में रहने वाले लोगों का आवागमन बाधित, लोग हुए परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिसई (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कुदरा के वार्ड संख्या 08 में अवस्थित टिम्बर रोड के पूरब में लगभग 25 घरों में लोग निवास करते हैं। जिनकी आबादी 125 के करीब है। उन्होंने अंचल अधिकारी को आवेदन देते हुए कहा है कि उक्त परिवार के सभी लोगों को जमीन लेते समय जमीन मालिक ने राजस्व ग्राम भदौली के प्लॉट नंबर 09 को दिखा कर बिक्री कर दिया है। वर्तमान में उक्त प्लॉट के नाली एवं रास्ता में अगल बगल के रहने वाले लोग कूड़ा कचरा फेंक कर रास्ता को अवरूद्ध कर दिए हैं। रास्ता आवागमन लायक नहीं रह गया है, इसके पहले सभी लोग इधर उधर से आवागमन करते थे। कोई सुलभ रास्ता नहीं होने के कारण सभी लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंचल अधिकारी से उक्त जमीन पर यथा शीघ्र आवागमन लायक रास्ता बनवाने के लिए शिवनारायण गोप, लीलू साहू, रवींद्रनाथ अधिकारी, हरखमैन साहू, ओज कुमार गोप, राजपति साहू, विनय विश्वकर्मा, सीताराम साहू इत्यादि ने अंचल कार्यालय में लिखित आवेदन देकर शीघ्र ही समस्या का समाधान करने हेतु निवेदन किया है।

# चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**चैनपुर।** बुधवार को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में परिवार विकास संस्था द्वारा मासिक धर्म से जुड़ी प्रमुख बीमारियों और समस्याओं पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालना और महिलाओं को इससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में सीएचसी प्रभारी डॉ. धर्मनाथ ठाकुर ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मासिक धर्म के दौरान साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उचित स्वच्छता न केवल संक्रमण से बचाती है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों से भी सुरक्षा प्रदान करती है।

परिवार विकास संस्था के फील्ड कोऑर्डिनेटर कपिल देव यादव ने मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के महत्व को समझाते हुए बताया कि आज पूरे देश में यह दिवस मनाया जा रहा है ताकि इस विषय पर फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सके और सही जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा सके।

कार्यक्रम के दौरान एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को चार समूहों में बांटा गया। मासिक धर्म से संबंधित तीन चक्रों में प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समूहों को पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर एएनएम पुष्पा मिंज और विक्टोरिया खलखो दीदी ने भी मासिक धर्म के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिए।

इस कार्यक्रम के माध्यम से मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और महिलाओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया।

### माहवारी पर टूटी चुप्पी : जनजागरूकता कार्यक्रम में किशोर-किशोरियों ने बढ़ाया कदम

# स्वच्छता व समानता का दिया संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिले भर में स्वास्थ्य विभाग झारखंड एवं जिला स्वास्थ्य समिति के निर्देशानुसार, सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज (सी3) के तकनीकी सहयोग से व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य किशोरियों और युवाओं के बीच माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर स्वच्छता, स्वास्थ्य और समानता का संदेश फैलाना था। गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स) में काउंसलिंग सत्र, क्विज प्रतियोगिताएं और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन सत्रों में एएनएम, सहिया, सेविका और सी3 की टीम ने किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, साफ कपड़े या सेनेटरी नैपकिन के सुरक्षित उपयोग और उचित निपटान की विस्तृत जानकारी दी। संक्रमण से बचाव के उपायों को सरल भाषा में समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित युवा मैत्री केंद्रों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया, जहाँ किशोरियां माहवारी से संबंधित चिकित्सीय परामर्श और सहायता प्राप्त कर सकती हैं। विशेष बात यह रही कि इस बार किशोरों और नवयुवकों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। उन्होंने माहवारी पर खुलकर बातचीत कर समाज में फैली चुप्पी को तोड़ने का साहसिक प्रयास किया। कई किशोरों ने बताया कि वे माहवारी के दौरान अपनी बहनों और माताओं की घरेलू कार्यों में मदद करते हैं और आगे चलकर अपनी पत्नियों और बेटियों के प्रति भी सहयोगी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का समापन जोशीले नारों के साथ किया गया। "एक साथ मिलकर, एक पीरियड फ्रेंडली दुनिया के लिए आगे बढ़ें!" "माहवारी पर चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ जीवन से नाता जोड़ो!" इस मौके पर युवा मैत्री केंद्र के सलाहकारों, सहिया, सेविकाओं, एएनएम और कुल किशोरों एवं किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं सी3 टीम की भूमिका सराहनीय रही।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अनेक व्यक्ति अपनी भूलों की तो अनदेखी करते रहते हैं लेकिन दूसरे व्यक्तियों को बड़ी कठोरता से परखते हैं। हमें इस दृष्टिकोण को पलट कर दूसरों की कमियों को अनदेखा करके अपनी त्रुटियों की कठोरतापूर्वक जाँच करनी चाहिए। - श्री श्री परमहंस योगानंद


## संपादकीय

## कोविड से डर नहीं सावधानी जरूरी

देश में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि हुई है 26 मई तक सक्रिय कोविड मामले दिसंबर, 2023 के बाद पहली बार एक हजार के पार पहुंच गए। इस समय देश भर से प्रतिदिन कोविड-19 के करीब सौ नए मामले सामने आ रहे हैं। सिंगापुर, हांगकांग, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया जैसे पड़ोसी देशों में भी कोरोना के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है। कोविड-19 का मौजूदा छोटा वैरिएंट जेएन.1, ओमिक्रोन वैरिएंट (बीए.1.529.) का ही वंशज है। दरअसल, ओमिक्रोन चिंता का अंतिम वैरिएंट है, जो नवंबर, 2021 में पहली बार मिला था। दूसरे शब्दों में, वायरस में इतना परिवर्तन नहीं हुआ है कि उसके किसी उप-रूप को चिंता का विषय माना जा सके। जेएन.1 सबसे पहले लक्जमबर्ग में अगस्त, 2023 में मिला था और भारत में यह नवंबर-दिसंबर, 2023 में मिलना शुरू हुआ था। जेएन.1, जिसे पिरोला वैरिएंट भी कहते हैं, ज्यादातर दक्षिण एशियाई देशों और दुनिया के अन्य हिस्सों में कोविड-19 का आम तौर पर प्रसारित होने वाला वैरिएंट है। यद्यपि, जेएन.1 के कुछ नए उप-वंशज, जैसे एलएफ.7 व बीएन.1.8 भी मिले हैं। हालांकि, इन मामलों में कोई बड़ा चिकित्सकीय बदलाव नहीं आया है। साथ ही वर्ष 2025 के मध्य की स्थिति पांच साल पहले की तुलना में बिल्कुल अलग है। भारत में सभी आयु वर्ग के लोग सार्स सीओवी-2 और ओमिक्रोन सहित कोरोना के विभिन्न वैरिएंट के संपर्क में आ चुके हैं। ज्यादातर वयस्क दो या ज्यादा कोविड-19 टीके लगवा चुके हैं। इसलिए, भारतीय लोगों में प्राकृतिक और टीके की वजह से प्रतिरोधक क्षमता है। अधिकांश लोग दिसंबर 2022 और जनवरी 2023 में ओमिक्रोन वैरिएंट के संपर्क में आए थे। मौजूदा जेएन.1 वैरिएंट ओमिक्रोन परिवार का ही हिस्सा है, इसलिए लोगों की प्रतिरोधक क्षमता बनी रहने की संभावना है। कोविड-19 के मामले क्यों बढ़ रहे हैं? इसका जवाब तीन वैज्ञानिक तथ्यों में निहित है। पहला, सर्वविदित है कि जब कोई वायरस लोगों में प्रवेश करता है, तो वह उनके बीच में ही रहता है। सार्स सीओवी-2 भारत और अन्य जगहों पर अब भी मौजूद है, फिर भी संक्रमण की दर काफी कम है। ऐसा लगता है कि एक पैटर्न उभर रहा है, जिसके तहत कोविड-19 भारत में हर आठ या नौ महीने में उभार दर्ज करता है। पूरी संभावना है कि इस बार भी यह मौसमी पैटर्न की वजह से बढ़ रहा है। दूसरा, सार्स सीओवी-2 आरएनए वायरसों की तरह है, जो अन्य प्रकार के वायरसों की तुलना में लगातार उत्परिवर्तन और आनुवंशिक परिवर्तनों के लिए जाने जाते हैं। यद्यपि, प्रमुख वैरिएंट जेएन.1 ही बना हुआ है, तथापि कुछ नई उप-वंशावलियां भी सामने आई हैं, जो वृद्धि का कारण बन रही हैं। तीसरा, बीते सप्ताह भारत और अन्य देशों में मामलों की वृद्धि होने पर कोविड-19 की जांच बढ़ा दी गई है। इसलिए हम जो उछाल देख रहे हैं, वह कोविड-19 परीक्षण और निगरानी में वृद्धि के कारण है यानी ज्यादा लोगों की जांच की वजह से उनमें संक्रमण का पता चल रहा है। यदि हमारे अंदर प्राकृतिक संक्रमण और टीके की वजह से प्रतिरोधक क्षमता है और यह वायरस भी नया नहीं है, फिर इसमें वृद्धि क्यों हो रही है। दरअसल, न तो प्राकृतिक संक्रमण और न ही टीके से प्रेरित प्रतिरोधकता संक्रमण से बचाव करती है। ये मामले कुछ हद तक यही संकेत करते हैं कि लोग अपनी नाक और गले में कोविड-19 वायरस को लेकर चलते हैं।

*जेएन.1 वैरिएंट ओमिक्रोन परिवार का ही हिस्सा है, इसलिए लोगों की प्रतिरोधक क्षमता बनी रहने की संभावना है।*

# एक व्यक्ति किस बात से बूढ़ा बनता है ?




जब हम जवान होते हैं, हम समय के खिलाफ भागते हैं। ज्यों-ज्यों बूढ़े होते हैं, हम ठहर जाते हैं। समय भी रूक जाता है। सिर्फ मृत्यु हमारी ओर भागती है। जब मैं अपने-आप से पूछता हूं कि इतनी लंबी जिंदगी ने मुझे क्या सिखाया ? तब यह लगता है कि हमने अपना जीवन तो अभी शुरू ही नहीं किया! (धुंध से उठती धुन।) हम उन लोगों में शामिल है, जिनको मृत्यु के क्षण तक में अपने जन्म की प्रतीक्षा रहती हैं। साहित्यकार निर्मल वर्मा अपने उपन्यास "अन्तिम अरण्य" के माध्यम से कहते है कि हम में से किसी के पास समय नहीं था कि हम अपने जीवन के असली नाटकों को जी सकें, जो हमारी नियति में लिखे थे। यही चीज हमें बूढ़ा बनाती हैं-सिर्फ यह, और कोई नहीं। हमारे चेहरों की झुरियां और सलवटें उन सघन उन्मादों, व्यसनों और अंतरराष्ट्रीयों की ओर संकेत करती हैं, जो हमसे मिलने आए थे और हम अपने घर पर नहीं थे। जब ज्ञान आता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। तब आदमी उसके काबिल नहीं रहता! फिर, वह अपने चिमटे से सुख नहीं, उसकी राख उठाने आता है।

हिंदी साहित्य के लेखकों में निर्मला वर्मा सदैव अपनी बातों, विचारों एवं फलकों से दृष्टि और दृष्टिकोण को विस्तार देते हैं। उनका उपन्यास "अंतिम अरण्य" न केवल काल से निरूपित है, बल्कि वह स्वयं काल को दिक यानी अनंत आकाश से रूपान्तरित करते है। उनके लेखन का स्वरूप स्मृति से अपना आकार ग्रहण करता है- उस स्मृति में कुछ भी कालक्रम से बंधा नहीं होता है, जिसमें सभी कुछ एक साथ हो। यह प्राचीन भारतीय कथाशैली का एक नया रूपान्तर है। लगभग हर अध्याय में एक स्वतन्त्र कहानी पढ़ने का अनुभव दिया गया है और हरएक नया अध्याय अपने पूर्व के अध्याय से निकलता हुआ प्रतीत होगा। उनकी कथाओ की स्मृति अपने में स्वतंत्र होने के साथ ही एक विहंगम स्मृतिलोक का भी निर्माण करता है। नंदकिशोर आचार्य ने कहा है कि निर्मल वर्मा अपनी काल्पनिक रचनाओं एवं उसमें कालबोध के लिए जाने जाते हैं।

आज की बात



**डॉ मयंक मुरारी**

अंतिम अरण्य एक धीमी और मादक कहानी है जो एक ऐसे जीवन में अर्थ की खोज के बारे में है जिसका कोई अर्थ नहीं है। पहाड़ियों की पृष्ठभूमि में हिमालय की सुंदरता एवं मोहकता को इस उपन्यास में बेहतरनी तरीके से उकेरा गया है। भारतीय जीवन में हिमालय एवं ऐसी प्राकृतिक जगहों पर लोग अपने जीवन के उत्तरार्द्ध में आते हैं। इस उपन्यास का नायक वहाँ इसलिए आया है क्योंकि उसके पास कोई जीवन नहीं है। जीवन में कोई जीवन का मतलब नहीं होना हमारे अस्तित्व पर प्रश्न उठाता है। उपन्यास का नायक एक विज्ञापन पढ़ा और एक बूढ़े व्यक्ति की देखभाल करने के लिए वहाँ आया। जिस महिला ने वह विज्ञापन जारी किया था वह अब मर चुकी है। प्रश्न है कि वह मर चुकी है ? जब हम उपन्यास पढ़ते हैं, और आगे बढ़ते जाते है, तो हमें पता चलता है कि वह वास्तव में मरी नहीं है, बल्कि वह उन लोगों के बीच विभाजित हो गई है जो उसे जानते थे। उसकी मृत्यु के बाद, वह यादों में टूट गई है और ये यादें उन लोगों के बीच साझा की गई हैं जो उसे जानते थे। उसकी उपस्थिति उपन्यास के पन्नों एवं शब्दों में नहीं बल्कि फिजाओं एवं अपने परिवेश में महसूस किया जा सकता है। यही निर्मल वर्मा की खूबी है। धीरे-धीरे पता चलता है कि उपन्यास का नायक अपने जीवन में अर्थ खोजने के लिए संघर्ष करता है। एक ऐसे जीवन में अर्थ, जिसका कोई अर्थ ही नहीं है। कदाचित ऐसी चीजें ही हमको जीवन में बूढ़ा बनाती है।

जैसे धरती का कार्य व्यवहार निश्चित आवृत्तियों पर चलता है, वैसा ही साहित्य का लेखन भी समाज की दशा और दिशा से संचालित होती है। लेकिन निर्मल वर्मा का सृजन संसार अजूबा है। उनके इस उपन्यास का शहर किसी एटलस या मानचित्र पर मौजूद नहीं है। शहर बहुत ऊँचाई पर स्थित है। एक ऐसी ऊँचाई जहाँ से बाकी दुनिया से एक अलग दुनिया बसी है। ऐसा लगता है कि बाकी दुनिया भूतल है और शहर सबसे ऊपर की मंजिल है। यहाँ रहने वाले लोग सबसे ऊपर या अंतिम मंजिल पर रहते हैं जहाँ से वे स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि वे अब कहाँ हैं और कहाँ रहते थे। इस शिल्प के माध्यम से वह जीवन के दर्शन को सामने रखते है कि बेहतर क्या है - अतीत के भूत के रूप में जीवन या मृत्यु जो व्यक्ति को एक नया जीवन देती है। या एक ऐसा जीवन जो व्यक्ति दूसरों की यादों के रूप में जीता है ? लगभग सभी पात्र अपने अतीत के भूतों के रूप में अपना जीवन जी रहे हैं और भूत अपने अंतिम लेकिन अंतहीन जंगल में भटक रहे हैं। कहानी को एक अनाम कथावाचक के दृष्टिकोण से बताया गया है, जो अखबार में एक विज्ञापन पढ़ने के बाद शहर में पहुँचता है जहाँ वह मिस्टर और मिसेज मेहरा के साथ रहता है। बाद में उपन्यास में वह अन्ना, डॉ. सिंह, निरंजन, मुरलीधर और टिया जैसे शानदार चरित्रों से मिलता है और उनसे परिचित होता है। इस उपन्यास के सभी पात्र एक ही समय में एक साझा जंगल और अपने निजी जंगल में भटक रहे हैं। क्या हम भी ऐसे ही जीवन के जंगल में नहीं घूम रहे है। यहां हरेक का अपना जंगल है। हम अपने जंगल में भटकते रहते है। इस आंतरिक जंगल में हमने कितने ही पेड़ काट डाले हैं, कितने पौधे को मार डाला है। इसकी गिनती नहीं है ! यहीं नहीं उड़ती विचारों की पत्तियों को आग के हवाले कर दिया, ताकि कोई उसमें फूल न आ पाए। जब उन भटकावों में उलझ जाते हैं तो पता चलता है कि अब मेरे पास लंबा घना सन्नाटा बचा है। इसी प्रकार इस उपन्यास में हर पात्र की अपनी खालीपन, पछतावा, दुख, अधूरी इच्छाएँ हैं और निर्मल वर्मा ने इन सभी भावनाओं को चित्रित करने में बहुत अच्छा काम किया है।

यह उपन्यास आत्मखोज की कहानी है। जीवन के साथ एक सवाल उठता है कि हमें क्या चाहिए। सदैव हम कुछ ढूंढ़ते रहते हैं। क्या ? उसका पता नही ? पर कुछ ऐसा जो जीवन को बांध सके। फिर सवाल उठता है कि क्या जीवन का स्वाधीन होना बंधना नहीं होता ! जब हम स्व के अधीन है तो हमारा अस्तित्व बंधन से अलग कैसे है ? उपन्यास में प्रश्न है कि क्या कोई असल मे हमारा होताा है ? किसी एक के जाने के बाद उसकी जो याद रह जाती है वो क्या है ? किसी की मृत्यु के बाद भी क्या सब खत्म होता है ?...यह कहानी एक ऐसे पहाड़ी गांव में रह रहे हैं कुछ लोगों की जो किसी चित्र में शामिल नहीं हैं। यहां रह रहे लोग किसी एक जिंदगी से भाग कर दूसरी जिंदगी की तलाश में हैं, जहां वह खुद को ढूंढते हैं और जिंदगी के मायने तलाशते हैं। हरेक पात्र अपने अतीत में इस बात का उल्लेख करता है कि वह बाहर और लगभग असंभावित है। यह लोग ऐसी जगह पर रहते हैं जहां से उनके आस-पास की दुनिया दिखाई देती है, बस दिखाई नहीं देती है तो खुद के अंदर का कशमकश। असल में दिखाई देती है भी तो हमारे द्वारा अनदेखी की जाती है। यहां सभी लोग इंतजार में हैं। कोई खुद की समझ के इंतजार में है, कोई जिंदगी के मतलब के इंतजार में है। जिस तरह से निर्मल वर्मा कहानी के इर्द-गिर्द माहौल बनाते हैं, वह आपको कहानी जीने पर मजबूर कर देता है और इससे पहले कि आप जानते, आप उस गति से सांस लेना शुरू कर देते हैं जिस तरह से निर्मल वर्मा चाहते हैं कि आप सांस लें। और इंतजार करे। इंतजार ही तो है जो जिन्दगी को आगे पाना चाहता है। इसकी चाह में हम बार देखना चाहते है, तो कभी खुद के अंदर। यह बाहर और अंदर अवलोकन की चाह ही एक दिन जीवन के अंतिम अरण्य तक पहुंचा देती है। एक भारतीय उपन्यासकार अनिता देसाई ने डॉक्यूमेंटी लिखी- फायर ऑन माउंटेन। इसे हम केवल अध्ययन नहीं करते हैं, बल्कि जीते हैं। इस उपन्यास के माध्मय से निर्मल वर्मा कहते है कि जीवन के अंतिम कुछ साल ऊंचाई पर बीताने चाहिए। यह पहाड़ की ऊंचाई नहीं हो, बल्कि विचार एवं जीवन की ऊंचाई हो। जहां से सारा अतीत स्पष्ट हो जाए, सारे कर्म नीचे छूट जाएं, टीस भी नीचे शहर में ही खो जाए, और हम विश्राम के ऊपर से सब शांत भाव से देखते रहे।

**( आलेख दार्शनिक साहित्यकार निर्मल वर्मा की कृति "अन्तिम अरण्य" पर भाव-चिंतन है।)**

## उपभोक्तावाद - एक विनाश की ओर बढ़ता कदम

आज की दुनिया में उपभोक्तावाद एक ऐसी मानसिकता बन गई है, जिसमें व्यक्ति आवश्यकता से अधिक वस्तुएँ सिर्फ इसलिए खरीदता चला जाता है क्योंकि समाज ऐसा कर रहा है। "मेरे पास यह है", "तुम्हारे पास क्यों नहीं?"- इस सोच ने हमारी जीवनशैली को प्रदूषित कर दिया है। अब हम खुद से यह पूछना ही भूल गए हैं कि क्या वाकई हमें इसकी ज़रूरत है? या हम सिर्फ समाज को देखकर, सोशल मीडिया पर दिखावे की होड़ में शामिल होकर चीज़ें इकठ्ठा कर रहे हैं? हम हर रोज़ कुछ न कुछ नया खरीदते हैं - कपड़े, गैजेट्स, सजावटी सामान, खाने-पीने की फालतू वस्तुएँ - बिना यह सोचे कि इन चीज़ों का पर्यावरण पर क्या असर हो रहा है।

हमारी यह आदत हमें और हमारी धरती दोनों को विनाश की ओर धकेल रही है। औद्योगिकीकरण को जिस गति से बढ़ावा मिला है, उसका मुख्य कारण हमारा यही अंधा उपभोग है। हमें 'ज़रूरत' और 'इच्छा' में फर्क करना अब सीखना होगा। हम हवा को प्रदूषित कर चुके हैं, ज़मीन को कचरे से पाट चुके हैं और जल को विषैला बना चुके हैं। और यह सब इसलिए नहीं हुआ कि हमारी ज़रूरतें बढ़ गई थीं, बल्कि इसलिए हुआ कि हमारी सोच छोटी और लालच बड़ी होती गई। आधुनिक उपभोक्तावाद ने हमारी मानसिकता को इस तरह कंडीशन कर दिया है कि अब हमें लगता है -"अगर मेरे पास यह चीज़ नहीं है, तो मैं पीछे रह जाऊँगा।" लेकिन क्या वाकई हम इस दौड़ में जीत पा रहे हैं? या हम बस चीज़ों के ढेर के नीचे अपनी सादगी, शांति और सच्ची ख़ुशी को दबाते जा रहे हैं?

समय आ गया है कि हम हर खरीद से पहले रुकें और खुद से एक सवाल करें: "क्या मुझे वाकई इसकी ज़रूरत है?" यह सवाल न केवल हमें समझदार उपभोक्ता बनाएगा, बल्कि हमारी धरती को भी एक लंबी साँस लेने का अवसर देगा। हमें अपने बच्चों को यह सिखाना होगा कि चीज़ों से अधिक ज़रूरी हैं मूल्य, नैतिकता, और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी। यदि हम आज नहीं रुके, तो कल बहुत देर हो जाएगी। उपभोक्तावाद कोई उपलब्धि नहीं, बल्कि एक चेतावनी है - एक विनाश की ओर बढ़ता कदम। अब भी समय है, सोचिए, समझिए और फिर उपभोग कीजिए।

आपकी बात



**वीणा देवांगन**
अभियंता, शिक्षा विशेषज्ञ

(veenavlogs@gmail.com)

# "भारतीय पत्नी पीड़ितों के लिए ईर्ष्या का पात्र बना फ्रांस, प्रेमघात कर रहा है ट्रेंड"

गत दिनों फ्रांस के राष्ट्रीय पति अपनी पत्नी के हांथों सार्वजनिक तौर पर थपियाए दिए गए। यह भारतीय पत्नी पीड़ित संघ के लिए एक राहत भरी खबर है क्योंकि अपने यहाँ यदि पत्नी ने अंदरखाने दो चार रसीद दिया तो यह खबर रसोई की चारदीवारी की देहरी का मुँह भी नहीं देख पाता। अब जबसे फ्रांस के राष्ट्रीय पति के गालों की कथित सुरमई के साथ हमारा साक्षात्कार हुआ है तबसे हमारी महत्वाकांक्षा ने उड़ान भरना शुरू कर दिया है और तमाम पतियों का मन अब सुकून के साथ हल्का होने लगा है। बताया जाता है कि कभी अमेरिका के उस राष्टीय पति को भी ऐसा ही कुछ सम्मान मिल चुका है जिन्हें "क्लीन" होने के साथ साथ "टुन्न" होने का अखंड सौभाग्य प्राप्त रहा है। इसके बावजूद आज वे अपने भाग्य को कोस रहे होंगे क्योंकि फ्रांस के राष्ट्रीय पति की तरह कभी भी उनका सार्वजनिक अभिनंदन नहीं हो सका। भारतीय संदर्भ में देखें तो इस तरह से कोसने की एक वजह यह भी है कि अपने यहाँ के पत्नी पीड़ित संघ के तमाम सदस्यों के लिए अमेरिकी साहब न आदर्श बन सके और न यह मामला कभी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी पहचान ही बना सका। ऐसा तब हो रहा है जबकि अमेरिका हो, फ्रांस हो या कोई भी देश हो अपने राष्ट्रीय पति को देश की सीमाओं के अंदर अमूमन सबसे ताकतवर जन्तु माना करता है। कम से कम अमेरिका, फ्रांस जैसे विकसित देशों को लेकर आम अवधारणा यही है कि इन देशों के राष्ट्रीय पतियों को दुनिया का ताकतवर आदमी माना जाता है। इन विकसित देशों में भी जब अमेरिका के राष्ट्रीय पति की बात उठती है तो उन्हें निर्विवाद रूप से दुनिया का सबसे ताकतवर आदमी मान लिया जाता है। दिलचस्प तौर पर इस बार पहली दफे फ्रांस ने अमेरिका को गंभीर चुनौती देते हुए विश्व पटल पर अमेरिका को धोबिया पाट के साथ पटखनी देने का काम किया है। जी हाँ, यह वही अमेरिका है जिसे विकसित देशों का सिरमौर माना जाता है। सिरमौर व अति ताकतवर अमेरिकी राष्ट्रीय पति होने के नाते खुद की खूबसूरत बीबी के अतिरिक्त किसी अन्य के साथ रीझ रंग मनाने का उन्हें पूरा पूरा हक होना ही चाहिए परन्तु इस आरोप में खुद की पत्नी यदि दो चार चपत लगा दे तो इस सम्मान को किसी भी दृष्टिकोण से समस्या नहीं माना जा सकता। वस्तुतः समस्या की जड़ तो यह है कि आप अपनी ही पत्नी के हांथों पीट दिए जाएं और दुनिया को इसका कोई लाभ न मिले। इस हालत में हम ऐसा क्यों मान लें कि अमेरिका जैसे किसी अति विकसित देश का कोई राष्ट्रीय पति दुनिया का सबसे ताकतवर आदमी बना रह सकता है? यहाँ फ्रांस की हालात दीगर है। यहाँ यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि फ्रांस वाले राष्ट्रीय पति पीटे क्यों गए। कारण कुछ भी हो सकता है और कुछ न कुछ कारण तो जरूर होगा। इस मामले को गंभीरता से लेने की जरूरत भी नहीं है। यहाँ विश्व के लिए कोई बात यदि महत्वपूर्ण है तो यह है कि हमें पत्नी के लपड़ झपड़ वाले धरोहर के लिए विश्व स्तर पर अब जाकर एक नेतृत्व मिल सका है। भारतीय होने के नाते हम पूरी दुनिया की दूसरी बड़ी आबादी हैं और आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था भी हैं। इतना ही नहीं, सामाजिक सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी हम समृद्धशाली होने का अनवरत दावा करने के काबिल हैं और पत्नी से पीटे जाने के मामले को लेकर विश्वस्तरीय पात्रता में किसी से लेशमात्र भी कम नहीं हैं। इसी तरह भारतीय पत्नियां भी कोई कम दमदार नहीं हैं कि फ्रांस इसका क्रेडिट लेकर उड़ जाए। किसी भी विश्व स्तरीय एजेंसी से सर्वेक्षण करा लें तो यह तथ्य स्वतः स्पष्ट होता चला जाएगा कि बेलना रूपी हथियार, रोने, धोने, मुँह फुलाने, कोपभवन में अनायास चले जाने, कुढ़ने और कूटने के भरपूर विलक्षण प्रतिभा व तमाम ऐतिहासिक पौराणिक संदर्भों के बूते हम लेशमात्र भी कमजोर साबित होने वाले नहीं हैं। साजिश देखिए, फ्रांस के राष्ट्रीय पति हमें हमारे उस अधिकार से वंचित कर रहे हैं जिसकी पूरी पात्रता हमारे पास सदियों से मौजूद है। अब मोदी जी मानें न मानें, फ्रांस का संदर्भ सामने आते ही यह विषय अब राष्ट्रीय अस्मिता का बन चुका है। आज का भारत भले ही विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है परन्तु यह अभी भी विकसित देशों की सूची में शामिल नहीं हो सका है। मोदी जी इस लक्ष्य को हासिल करने में जी जान से लगे हुए हैं परन्तु सर्वांगीण विकास के बगैर क्या यह संभव है और पत्नी पीड़ितों को दरकिनार करके क्या कोई भी कौम सर्वांगीण विकास का दावा कर सकता है? ऐसे बहुतेरे सवाल हैं, जिन्हें आप भारत का दुर्भाग्य कह सकते हैं। दुर्भाग्य यह भी कि हमने एक ऐसे शख्स को देश की बागडोर दे रखी है जिसके पास पत्नी के थप्पड़ का कोई विकल्प ही नहीं है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**केदारनाथ दास**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

क्या बंधन था, जो खुला, 'बोवुआर' के बाद।
स्त्री थी सहधर्मिणी, घर भी था आबाद।।

(टिप्पणी : सिमोन द बोवुआर फ्रांस की नारी वादी लेखिका जिसने नारी स्वातंत्रता के लिए लिखा और काम किया।)

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# महाराणा प्रताप : शौर्य, बलिदान एवं साहस का अमिट आलेख

महाराणा प्रताप जन्म जयंती

हमारा देश भारत जिसे आस्था और विश्वास, शौर्य एवं शक्ति, बहादुरी और साहस, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान की वीरभूमि कहा जाता है, जहां की सभ्यता और संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृति में शुमार है, जिसका अनुसरण संपूर्ण विश्व करता है। भारत की भूमि महान योद्धाओं की भूमि रही है, जिन्होंने भारत की एकता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे ही एक वीर एवं साहसिक योद्धा एवं सच्चे भारतीय महानायक थे महाराणा प्रताप, जो राजपूतों के सिसोदिया वंश से संबंध रखते थे। महाराणा को भारत का प्रथम स्वतंत्रता सेनानी भी कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने कभी अकबर के सामने समर्पण नहीं किया। मुगल साम्राज्य के विस्तार के विरुद्ध उनके प्रबल प्रतिरोध ने उन्हें भारतीय इतिहास में अमर बना दिया है। हल्दीघाटी के युद्ध में अकबर की विशाल सेना का सामना करते हुए उन्होंने जो वीरता दिखाई, वह आज भी शौर्य, पराक्रम, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान की प्रेरणा देती है। उनके जीवन की घटनाएं गौरवमय इतिहास बनी है। वे एकलौते ऐसे महान् राजपूत योद्धा थे, जिन्होंने अकबर को चुनौती देने का साहस ही नहीं दिखाया बल्कि युद्ध के मैदान में लोहे के चने चबवाये। महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में हुआ था। जो हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि थी। जो इस वर्ष 29 मई को मनाई जाएगी। युवावस्था में ही महाराणा प्रताप ने तलवारबाजी, घुड़सवारी और युद्धनीति में महारत हासिल कर ली थी। उनकी जन्म जयंती न केवल उनके जन्म का उत्सव है, बल्कि उनके आदर्शों, विरासत और भारत की सांस्कृतिक धरोहर में दिए गए उनके अमूल्य योगदान का सम्मान भी है। महाराणा प्रताप और मुगल सम्राट अकबर के सेनापति राजा मानसिंह के बीच 8 जून 1576 में हल्दीघाटी का युद्ध हुआ था। महाराणा प्रताप ने लगभग 20 हजार सैनिकों के साथ 85 हजार की मुगल सेना से बहुत ही साहस, शौर्य, पराक्रम एवं बहादुरी के साथ सामना किया। दोनों सेनाओं के बीच गोगुडा के नजदीक अरावली पहाड़ी की हल्दीघाटी शाखा के बीच यह युद्ध हुआ। इस लड़ाई को हल्दीघाटी के युद्ध के नाम से जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस युद्ध में न तो अकबर जीत सका और न ही राणा हारे। मुगलों के पास सैन्य शक्ति अधिक थी तो राणा प्रताप के पास जुझारू शक्ति की कोई कमी नहीं थी। उन्होंने आखिरी समय तक अकबर से संधि की बात स्वीकार नहीं की और मान-सम्मान के साथ जीवन व्यतीत करते हुए लड़ाइयां लड़ते रहे। इस युद्ध में उनका प्रिय घोड़ा चेतक भी वीरगति को प्राप्त हो गया, लेकिन इसके बाद भी महाराणा प्रताप ने हार नहीं मानी और युद्ध जारी रखा। मुगल शासक अकबर ने मेवाड़ पर अपना अधिकार स्थापित करने की भरपूर कोशिश की। लेकिन महाराणा प्रताप ने कभी भी अकबर की अधीनता को स्वीकार नहीं किया और जीवन भर मुगलों के खिलाफ स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए संघर्ष करते रहे। उनका परिवार बहुत ही कठिन परिस्थितियों में रहा। वे कई सालों तक जंगलों, गुफाओं और पहाड़ियों में रहे। उन्होंने पेड़ों की छाल से बने साधारण कपड़े पहने और जंगली फल और जड़ें खाईं। उनकी पत्नी और बच्चे कभी-कभी घास की रोटी खाते थे। फिर भी, उन्होंने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया या मुगलों के साथ समझौता नहीं किया। उनके शौर्य और वीरता की कहानी को आज भी बहुत ही गर्व के साथ याद किया जाता है। राजस्थानी भाषा के ख्यात कन्हैयालाल सेठिया की प्रसिद्ध राजस्थानी कविता 'पातल और पीथल' हल्दीघाटी युद्ध के बाद की घटनाओं पर आधारित राणा प्रताप के जीवन में आई कठिनाइयों और उनके संघर्ष को दर्शाती है। आजाद भारत में महाराणा प्रताप जैसे शूरवीरों के त्याग एवं बलिदान, शौर्य एवं पराक्रम को विस्मृत करने की चेष्टायें व्यापक पैमाने पर हुई है। हमने इन असली महानायकों को भूलाकर अकबर एवं औरंगजेब जैसे आक्रांताओं को नायक बनाने की भारी भूल की है, नायक अकबर नहीं महाराणा प्रताप हैं, उन्होंने औरंगजेब को घुटने टेकने पर मजबूर किया और घुट-घुट कर मरने पर मजबूर किया। सनातन धर्म को नष्ट करने की साजिश करने वाले भारत के नायक कैसे हो सकते? अकबर हो या औरंगजेब, हिन्दुओं एवं हिन्दू राष्ट्र के प्रति सबकी मानसिकता एक ही थी- भारत की सनातन परंपरा को रौंदने के लिए तमाम षड्यंत्र रचना एवं भारत की समृद्ध विरासत को लूटना। इसके विपरीत, महाराणा प्रताप ने अपने बलिदान से सनातन संस्कृति की रक्षा की। ये राष्ट्रनायक हमारी असली प्रेरणा हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**ललित गर्ग**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# एक अधिकारी तीनों सेनाओं के जवानों पर एक्शन ले सकेगा



## देश में इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन नियम लागू, सरकार ने नोटिफिकेशन जारी किया

**नई दिल्ली । एजेंसी**

देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर अब एक ही अधिकारी एक्शन ले सकेगा। 27 मई से इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन नियम लागू कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया। नए कानून बनने से इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन के तहत एक कमांडर-इन-चीफ/ऑफिसर-इन-कमांड की नियुक्ति होगी। यह कमांडर सैनिकों पर कंट्रोल करने, कार्रवाई करने में सक्षम होगा। फिर सैनिक किसी भी सेना से जुड़ा हो।

**राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद बन गया था कानून :** इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन बिल दो साल पहले मानसून सत्र में संसद में पेश और पारित किया गया था। 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद इसे 10 मई 2024 से लागू किया गया। सरकार ने बुधवार को नए नियमों को भी आधिकारिक रूप से राजपत्र के माध्यम से अधिसूचित (गजटेड) कर दिया गया है।

### नए नियमों से 3 बदलाव...

**1. कमांड**

- **अब:** नए नियम के तहत अब कोई भी सेवा अधिकारी (जैसे थलसेना का अधिकारी) इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन में कार्यरत किसी भी अन्य सेवा (जैसे नौसेना या वायुसेना) के जवानों को कमांड दे सकेगा।
- **पहले:** पहले इस प्रकार के अधिकार केवल संबंधित सेवा के भीतर ही सीमित होते थे। इससे कई बार संचालन में बाधाएं आती थीं, जैसे कि नेवी अफसर, नौसेना के जवानों को ही आदेश दे सकता था।

**2. कंट्रोल**

- **अब:** नए नियम के तहत इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन से जुड़े सभी जवान एक अधिकारी के तहत कंट्रोल हो सकेंगे। एक संबंधित अधिकारी को एडमिनिस्ट्रेटिव पावर दी जाएगी। वे किसी भी सेना (आर्मी, नेवी, एयरफोर्स) के जवानों से जुड़े फैसले ले सकता है।
- **पहले:** पुराना नियम स्पेसिफिक सर्विस के यूनीक वर्किंग एन्वायर्नमेंट को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था। ऐसे में एडमिनिस्ट्रेटिव एक्शन के लिए जवान को उनके पेरेंट सर्विस यूनिट्स में वापस भेजने की जरूरत पड़ती थी। इसमें न केवल ज्यादा समय लगता था, बल्कि जवान की आवाजाही के कारण पैसा भी खर्च होता था।

**3. अनुशासन**

- **अब:** नया नियम एक यूनिट या एस्टैब्लिशमेंट के सैनिकों को एकजुट करने में मदद करता है। ऐसे में जब कहीं अनुशासनहीनता का कोई भी मामला सामने आता है, तो उसके बारे में जल्द फैसला लिया जा सकेगा।
- **पहले:** कहीं पर अनुशासनहीनता होती थी तो उस एक इनडिसिप्लिन के मामले में तीन अलग-अलग जगहों पर प्रोसिडिंग्स होती थी। जब तीन अलग-अलग जगहों पर प्रोसिडिंग्स होंगी तो हो सकता है कि उसका रिजल्ट भी तीन अलग-अलग तरह से निकले।

# बीजेपी नेता का बड़ा दावा, मणिपुर में नई सरकार की तैयारी, 44 विधायकों का समर्थन


**एजेंसी । मणिपुर**



एनडीए के 10 विधायकों के एक समूह ने बुधवार को मणिपुर के राज्यपाल अजय भल्ला से राजभवन में मुलाकात की और बाद में कहा कि उन्होंने राज्य में एक लोकप्रिय सरकार के गठन के लिए 44 विधायकों के समर्थन का हवाला दिया है। 10 विधायकों में भाजपा के युमनाम राधेश्याम सिंह, थोकचोम राधेश्याम सिंह, लौरेम्बम रामेश्वर मीतेई, थंगजाम अरुणकुमार, ख. रघुमणि सिंह, कोंगखम रोबिंद्रो सिंह और पाओनम ब्रोजेन सिंह; एनपीपी से शेख नूरुल हसन और जंगहेमलियुंग; और निर्दलीय सपाम निशिकांत शामिल हैं। नौ विधायक मीतेई बहुल घाटी से हैं, जबकि पानमेई एक नागा हैं।भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम सिंह ने राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात के बाद दावा किया कि 44 विधायक नयी सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, 44 विधायक जनता की इच्छा के अनुसार सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। हमने राज्यपाल को यह बता दिया है। हमने इस मुद्दे के लिए क्या समाधान हो सकते हैं, इस पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा, राज्यपाल ने हमारी बातों पर गौर किया और लोगों के सर्वोत्तम हित में कार्रवाई शुरू करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह सरकार बनाने का दावा करेंगे, तो उन्होंने कहा कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व निर्णय लेगा। सिंह ने कहा, हालांकि, यह बताना कि हम तैयार हैं, सरकार बनाने का दावा पेश करने जैसा है। विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत ने 44 विधायकों से व्यक्तिगत और संयुक्त रूप से मुलाकात की है। किसी ने भी नयी सरकार के गठन का विरोध नहीं किया है। उन्होंने कहा, लोगों को बहुत अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कार्यकाल में कोविड के कारण दो साल बर्बाद हो गए थे।

# शराब तस्करी में घोड़े का इस्तेमाल, बिहार में घोड़ा जब्त

**एजेंसी । पटना**



शराब मुक्त बिहार में शराब की तस्करी करने वाले तस्करों के लिए घोड़े परिवहन का नवीनतम साधन बन गए हैं। पश्चिमी चंपारण जिले में पुलिस ने शराब की तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे एक घोड़े को जब्त किया है और घोड़े पर लदी करीब 50 लीटर शराब बरामद की है। नौतन थाने के एसएचओ राजेश कुमार ने बताया कि कल छापेमारी के दौरान हमने एक घोड़े पर लदी 49.95 लीटर शराब बरामद की। शराब तस्कर मौके से भाग गया, लेकिन हमने उसकी पहचान कर ली है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घोड़े को किसी जिम्मेदार व्यक्ति को सौंप दिया जाएगा जो उसकी देखभाल कर सके। हम इस बारे में कोर्ट को भी सूचित करेंगे। दो महीने पहले इसी तरह की कोशिश के बाद, मंगलवार को बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले में पुलिस ने दो कार्टन शराब ले जा रहे एक घोड़े को पकड़ा। सड़कों पर गश्त तेज होने के कारण तस्करों ने अपना तरीका बदल दिया है और पड़ोसी राज्य से शराब लाने के लिए घोड़ों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कुमार ने कहा, "शराब तस्कर अब पुलिस को चकमा देने के लिए गंडक नदी के किनारे से प्रतिबंधित शराब की खेप ले जाना पसंद करते हैं।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था अलर्ट

# कश्मीर से गुजरात तक सीमावर्ती क्षेत्रों में आज होगी मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**





'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था अलर्ट मोड पर है। इस बीच, पाकिस्तानी सीमा से सटे राज्यों में गुरुवार को मॉक ड्रिल करने का निर्णय लिया गया है। बताया जा रहा है कि ये मॉक ड्रिल सीमावर्ती क्षेत्रों में गुरुवार शाम को होगी। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान से सटे जिन भारतीय राज्यों में मॉक ड्रिल की जाएगी, उनमें गुजरात, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और पंजाब शामिल हैं। यहां गुरुवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा और इस दौरान लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी जाएगी।

बाद में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने भी नूर खान एयरबेस पर भारत के हमले की बात को स्वीकार किया था। शरीफ ने यह बयान "यौम-ए-तशाकुर" (धन्यवाद) नामक भव्य समारोह में अपने भाषण के दौरान दिया था। शरीफ ने कहा था, "9 और 10 मई की रात करीब 2:30 बजे सेना प्रमुख ने मुझे फोन कर बताया कि भारत ने अपनी बैलिस्टिक मिसाइलों के जरिए हम पर हमला किया है। एक मिसाइल नूर खान एयरबेस पर गिरी और कुछ अन्य मिसाइलें अन्य इलाकों में गिरी हैं।

### आतंकवादी हमले के बाद ड्रोन हमले और जवाबी कार्रवाई से बढ़ा तनाव

ये मॉक ड्रिल ऐसे समय में हो रही है, जब बीते दिनों भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का ऐलान किया गया था। दरअसल, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके स्थित 9 आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया था। जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना ने भारतीय इलाकों में ड्रोन हमले किए, जिसमें 300 से 400 ड्रोन भेजे गए। हालांकि, भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने इन ड्रोन्स को प्रभावी ढंग से निष्क्रिय कर दिया। ये हमला जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और पंजाब के कई सीमावर्ती इलाकों को निशाना बनाकर किया गया था। ड्रोन और मिसाइलों से किए गए हमले की कोशिश के कारण जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई इलाकों में ब्लैकआउट और सायरन बजने लगे थे। इसके बाद भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान में अफरा-तफरी मच गई थी। दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों की वार्ता के स्तर पर पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम की शुरुआत की गई, जिसके बाद सीजफायर की घोषणा की गई।

# मिर्जापुर में शादी का झगड़ा बना हत्या का कारण

**एजेंसी । मिर्जापुर**

मिर्जापुर जिले के जिगना थाना क्षेत्र के एक गांव में एक शादी समारोह में दो रिश्तेदारों के विवाद में हुई मारपीट में एक की मौत हो गयी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि विवाद करने वाले दोनों व्यक्ति रिश्ते में साढ़ू लगते हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ओ पी सिंह ने बताया कि थाना जिगना क्षेत्रांतर्गत ग्राम गोनौरा में मंगलवार की रात एक शादी समारोह में दो रिश्तेदारों में आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया और मारपीट होने लगी। इस घटना में एक की मृत्यु हो गयी। उन्होंने बताया कि जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम कुशहां निवासी जितेन्द्र विश्वकर्मा (44) और ग्राम हाटा के कृष्णकांत विश्वकर्मा (40) शादी समारोह में प्रयागराज आये हुए थे। एएसपी ने कहा कि छोटे साढ़ू कृष्णकांत ने अपने बड़े साढ़ू जितेन्द्र के साथ मारपीट की, जिससे बड़े साढ़ू जितेन्द्र को गंभीर चोटे आयी। घायल अवस्था में जितेंद्र को परिजन इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) गौपुरा ले गए, जहां चिकित्सकों ने जितेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना जिगना पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर मृतक के शव को कब्जे में लिया।

## पहलगाम के बाद गुलमर्ग में उमर अब्दुल्ला की बैठक

# कानून-व्यवस्था को लेकर दिया बड़ा बयान

**एजेंसी । जम्मू**



जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बुधवार को जम्मू और कश्मीर के स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में अपने मंत्रियों और शीर्ष अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक घातक पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद केंद्र शासित प्रदेश में पर्यटकों को वापस लाने के उनकी सरकार के प्रयासों का हिस्सा है। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि कल पहलगाम में कैबिनेट की बैठक बुलाई गई थी और आज प्रशासनिक सचिवों और वरिष्ठ विभाग प्रमुखों की बैठक हुई। मैंने शिक्षा मंत्री को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि स्कूलों और कॉलेजों में पिकनिक फिर से शुरू हो जाएं और गुलमर्ग और पहलगाम में दौरे किए जाएं ताकि स्थिति सामान्य हो सके।

# अन्ना यूनिवर्सिटी यौन उत्पीड़न मामला, आरोपी दोषी करार

**एजेंसी । तमिलनाडु**

तमिलनाडु के विश्वविद्यालय में छात्रा के यौन उत्पीड़न का मामलाः महिला अदालत ने आरोपी को दोषी पाया तमिलनाडु की एक महिला अदालत ने अन्ना विश्वविद्यालय की छात्रा के यौन उत्पीड़न के सनसनीखेज मामले में बुधवार को आरोपीज्ञानशेखरन को दोषी पाया। अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष ने मामले को साबित कर दिया और संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है। साथ ही, अदालत ने दिसंबर 2024 में राज्य को झकझोर कर रख देने वाले यौन उत्पीड़न के इस मामले में ज्ञानशेखरन को उसके खिलाफ लगाए गए आरोपों में दोषी पाया। महिला अदालत की न्यायाधीश राजलक्ष्मी ने कहा कि वह दो जून को मामले में फैसला सुनाएंगी। सनसनीखेज मामले ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के साथ आरोपी व्यक्ति के कथित संबंधों को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया था। हालांकि पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने जनवरी में कहा था कि ज्ञानशेखरन द्रमुक का सदस्य नहीं था, वह केवल पार्टी के प्रति झुकाव रखता था और इसका समर्थक था।

# आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपकी योजना से लोग प्रभावित होंगे।

**वृष :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर करेंगे।

**मिथुन :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**सिंह :** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**तुला :** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिलेगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**वृश्चिक :** समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**धनु :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**कुंभ :** सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

# पीएम देंगे सिक्किम, बंगाल, बिहार और यूपी को सौगात, आज और कल करेंगे दौरा

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 और 30 मई को सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। पीएम मोदी सबसे पहले 'सिक्किम@50ः जहां प्रगति उद्देश्य से मिलती है और प्रकृति विकास को पोषित करती है' कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल दौरे पर सिटी गैस वितरण परियोजना की आधारशिला रखेंगे। वहीं, बिहार दौरे पर 48,520 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और यूपी दौरे पर लगभग 20,900 करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। दरअसल, 29 मई को प्रधानमंत्री मोदी सिक्किम का दौरा करेंगे, जहां वे सुबह करीब 11 बजे सिक्किम के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'सिक्किम@50ः जहां प्रगति उद्देश्य से मिलती है और प्रकृति विकास को पोषित करती है' कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। सिक्किम सरकार ने "सुनाउलो, समृद्ध और समर्थ सिक्किम" थीम के तहत पूरे साल चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला की योजना बनाई है, जो सिक्किम की सांस्कृतिक समृद्धि, परंपरा, प्राकृतिक सुंदरता और इतिहास को दर्शाती है। पीएम मोदी सिक्किम में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे। इनमें नमची जिले में 750 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाला 500 बिस्तरों का नया जिला अस्पताल, गंगटोक जिले के संगखोला में अटल अमृत उद्यान में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके अलावा, प्रधानमंत्री राज्य के 50 वर्ष पूरे होने पर स्मारक सिक्का, स्मृति सिक्का और डाक टिकट भी जारी करेंगे। सिक्किम के बाद प्रधानमंत्री मोदी पश्चिम बंगाल दौरे पर जाएंगे, जहां वह दोपहर करीब 2:15 बजे अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना की आधारशिला रखेंगे।

# नोएडा में कोरोना के 4 नए मामले दर्ज, पटना में डॉक्टर-नर्स समेत 19 कोविड पॉजिटिव

**नोएडा(आईएएनएस)**



नोएडा में बुधवार को बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 4 नए मामले सामने आए हैं, जिससे अब कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। इनमें 11 महिलाएं और 8 पुरुष शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सभी मरीजों की स्थिति पर नजर रखी हुई है और आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है। सभी संक्रमितों को होम आइसोलेशन में रखा गया है, जहां उनकी नियमित जांच और निगरानी की जा रही है। वहीं, पटना-एम्स में एक डॉक्टर और नर्स समेत कुल 6 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। नोएडा के अपर मुख्य चिकित्सक टीकम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गौतमबुद्धनगर में अभी तक कोरोना के कुल मामले 19 हो गए हैं। कल तक कोविड के 15 केस थे और आज 4 नए मामले सामने आए हैं। इसमें महिलाओं की संख्या 11 और पुरुषों की संख्या 8 शामिल हैं। सभी होम आइसोलेशन में हैं। सभी को कोविड की गाइडलाइन के बारे में जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों से अपील कर रहा है कि वे कोरोना के लक्षणों की अनदेखी न करें और किसी भी तरह के लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराएं। साथ ही, भीड़भाड़ से बचने, मास्क पहनने और हाथों की सफाई का ध्यान रखने की सलाह दी जा रही है। बिहार की राजधानी पटना में कोरोना वायरस के मामले देखने को मिले। बुधवार को छह नए कोविड संक्रमण की पुष्टि की गई। इसमें एम्स-पटना के स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल हैं। नए संक्रमितों में एक महिला डॉक्टर, एक नर्स और एम्स-पटना की एक अन्य कर्मचारी शामिल हैं, जिसका फिलहाल वरिष्ठ डॉक्टरों की निगरानी में इलाज चल रहा है। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एनएमसीएच) में दो और मरीज पॉजिटिव पाए गए हैं, जबकि एक अन्य मामला आरपीएस मोड़ इलाके के 42 वर्षीय व्यक्ति का है, जिसका परीक्षण राजा बाजार स्थित एक निजी लैब में किया गया था। सिविल सर्जन डॉ. अविनाश कुमार सिंह के अनुसार, शहर में अब कुल 9 सक्रिय कोविड-19 मामले हैं।

## चंडीगढ़ में कोरोना से पहली मौत, सरकार अलर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब में कोरोना के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। सभी अस्पतालों में उचित प्रबंध करने के साथ ही टेस्टिंग भी बढ़ा दी गई हैं। इसी बीच बुधवार को चंडीगढ़ में कोरोना से एक व्यक्ति की मौत हुई है। कोरोना की तीसरी लहर में पंजाब में यह पहली मौत है। बताया गया कि उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद के रहने वाला राजकुमार (40) कुछ दिन पहले ही लुधियाना आया था। उसे बुखार आने के बाद तबियत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में उसे लुधियाना से इलाज के लिए चंडीगढ़ के सेक्टर 32 मेडिकल कालेज में रेफर किया गया था। तीन दिन से उसे सांस लेने में तकलीफ थी। यहां आज इलाज के दौरान राजकुमार की मौत हो गई। मेडिकल कालेज प्रबंधन ने राजकुमार की कोरोना से मौत होने की पुष्टि की है। कोरोना की तीसरी लहर के दौरान पंजाब में यह पहली मौत है। पंजाब में कोरोना के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह ने बुधवार को बताया कि कोरोना को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है।

# फार्म हाउस में छापेमारी, 5.5 किग्रा ड्रग्स सहित 12 करोड़ का कच्चा माल बरामद

**मुंबई (हि.स.)**

- **बकरी पालन के नाम पर किराए पर लिए गए फार्म हाउस में चल रही थी ड्रग्स फैक्ट्री**

मुंबई से सटे कर्जत में बकरी पालन के नाम पर लिए गए फार्म हाउस पर पुलिस ने छापा मारकर 5.5 किलोग्राम ड्रग्स सहित 12 करोड़ का कच्चा माल बरामद किया है। यह फार्म हाउस चार लोगों ने 50 हजार महीने किराए पर लिया था, इनमें एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके तीन अन्य सहयोगियों की तलाश की जा रही है। मामले की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि कर्जत के फार्म हाउस में ड्रग्स फैक्ट्री चलाये जाने की गोपनीय जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम ने छापा मारा और 5.5 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स के साथ-साथ 12 करोड़ रुपये का कच्चा माल जब्त किया। एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पहचान अरकम मेमन के रूप में हुई।मेमन कथित तौर पर ड्रग्स के निर्माण में शामिल था।

पुलिस के अनुसार मेमन और उसके तीन साथियों ने दो महीने पहले 50,000 रुपये प्रति महीने के हिसाब से फार्महाउस किराए पर लिया था। फार्म हाउस के मालिक से कहा गया था कि वे बकरी पालक हैं। जांच में पता चला है कि चारों लोगों ने पहले भी इसी तरह के उद्देश्य से इलाके में एक और फार्महाउस किराए पर लिया था लेकिन उस फार्महाउस को खाली कर दो महीने पहले कर्जत में फार्महाउस किराये पर लिया था और ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री चला रहे थे। पुलिस के मुताबिक मेमन मुंबई में सिंथेटिक उत्तेजक दवा मेफेड्रोन की आपूर्ति करने वाले सिंडिकेट का हिस्सा है। पुलिस ने पहले सिंडिकेट के पांच कथित सदस्यों- रेहान शेख, शिवा गुप्ता, राजन सुब्रमण्यम, शाहनवाज चिनॉय और सोनू पठान को गिरफ्तार किया था। पुलिस उपायुक्त नवनाथ धावले ने बताया कि पुलिस टीम अप्रैल से अब तक 25 करोड़ रुपये की कीमत की 12 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स बरामद कर चुकी है। इस रैकेट का खुलासा अप्रैल में हुआ था, जब आरसीएफ पुलिस स्टेशन की एक टीम ने चेंबूर इलाके में गश्त के दौरान संदिग्ध ड्रग्स पेडलर शेख को देखा था। पुलिस ने उसके पास से ड्रग्स बरामद की। पूछताछ के दौरान शेख ने एक अन्य आरोपित का नाम बताया, जिससे वह मेफेड्रोन खरीदता था और फिर उसे चेंबूर इलाके में अपने ग्राहकों को बेचता था।

## तीन उग्रवादी गिरफ्तार, बड़े पैमाने पर हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए समन्वित एंटी-इंसर्जेंसी अभियानों में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया और भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक जब्त किए गए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इन अभियानों में सबसे बड़ी सफलता उस समय मिली जब खोंघमपत मंत्री लाइकाई (इंफाल पश्चिम) से कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के कैडर मोहम्मद अयूब खान उर्फ थोइबा (28) को गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि वह घाटी क्षेत्र में पेट्रोल पंपों से रंगदारी वसूलने के एक नेटवर्क का संचालन कर रहा था। वहीं, थौबल जिले के लइरोंगथेल पित्रा में छापेमारी के दौरान प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन प्रीपाक से जुड़े दो कैडरों- शामजेतसाबम इबोमचा मैतेई (30) और लामजिंगबा वाहेंगबम (23)- को गिरफ्तार किया गया।

## मुंबई एयरपोर्ट से बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार, भारतीय पासपोर्ट पर कर रही थी विदेश भ्रमण

**मुंबई(आईएएनएस)**

- **आरोपी महिला की पहचान मरिया खातुन-पति मोहम्मद मंसूर अली के रूप में हुई है**

मुंबई की सहार पुलिस ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बुधवार को एक बांग्लादेशी महिला को कथित तौर पर घुसपैठ करने और जाली दस्तावेजों के जरिए भारतीय पासपोर्ट हासिल करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस अधिकारी के मुताबिक बांग्लादेशी महिला की पहचान मरिया खातुन पति मोहम्मद मंसूर अली के रूप में हुई है। इमिग्रेशन अधिकारी समीर पठान की ओर से दर्ज की गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने उस पर अवैध रूप से भारतीय पासपोर्ट हासिल करने के लिए जाली दस्तावेज जमा करने और विदेश यात्रा करने के लिए उसका इस्तेमाल करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। मामला दर्ज होने के तुरंत बाद उसे गिरफ्तार किया गया। महिला 33 साल से मुंबई में रह रही थी।

पुलिस के मुताबिक, महिला ने गरीबी और भुखमरी के कारण बांग्लादेश से भागकर भारत में प्रवेश किया और मुंबई में रहने लगी। बाद में उसने एक भारतीय नागरिक से शादी कर ली और उसकी पहचान का इस्तेमाल करके भारतीय पासपोर्ट हासिल कर लिया,

एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन अधिकारी समीर गैबू पठान, यात्रियों के दस्तावेजों की जांच कर रहे थे। मरिया खातुन सुबह करीब 2:30 बजे कुवैत से मुंबई पहुंची। उसके दस्तावेजों में अनियमितताओं के संदेह में इमिग्रेशन अधिकारियों ने उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।

## भारतीय टीवी मीडिया अपनी भूमिका का गंभीर निर्वहन क्यों नहीं कर पा रहा

# रिपोर्टर अब खोजने वाला नहीं, सिर्फ एक रोबोट बन चुका है

**उदय चंद्र सिंह**

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय टीवी मीडिया की कवरेज ने एक बार फिर दिखा दिया कि कैसे न्यूज़ रूम की भीतर की हड़बड़ी, टीआरपी की दौड़, और सेना के ऑपरेशन्स के रोमांच को बेचने की लत हमारी पत्रकारिता को किस हद तक खोखला कर चुकी है। विदेशी मीडिया ने हमें आईना दिखाया, देश में मीम्स बने, आलोचनाएँ हुईं, लेकिन मूल सवाल अभी तक अनुत्तरित हैः भारतीय टीवी मीडिया अपनी भूमिका का गंभीर निर्वहन क्यों नहीं कर पा रहा? दरअसल, रिपोर्टिंग का अर्थ गुम हो चुका है। जब लाइव टीवी पर रिपोर्टर ऑन-एयर कहता हैः "पहले कहते हो अपडेट दो, फिर कहते हो फेक न्यूज़ बिना पुष्टि के क्या अपडेट दूँ? तो यह सिर्फ एक पत्रकार की थकान नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था का दिवालियापन दिखाता है। रिपोर्टर अब खोजने वाला नहीं, सिर्फ माइक्रोफोन पकड़े एक रोबोट बन चुका है- जो न्यूज़रूम से आ रहे आदेशों पर चिल्लाता है, चाहे घटना घटी हो या नहीं, चाहे सूचना पक्की हो या नहीं। और हां, राष्ट्रवाद की आड़ में व्यावसायिकता भी ठीक नहीं। कहने का तात्पर्य यह कि, देशभक्ति दिखाना गलत नहीं,लेकिन राष्ट्रवाद को टीआरपी का उत्पाद बनाना घातक है।

जब आप लाइव टीवी पर- "हमारे जवान आगे बढ़ रहे हैं,कराची को तबाह कर दिया गया है, दुश्मन घबराया हुआ है" जैसे वाक्यों को बिना पुष्टि, बिना रणनीतिक ज़िम्मेदारी के बोलते हैं, तो आप सिर्फ अपनी और संबंधित चैनल की ही साख नहीं गिराते,




बल्कि सेना के ऑपरेशन को भी अनावश्यक जोखिम में डालते हैं। ऐसे में टीवी मीडिया के लिए यह समय है, खुद को टटोलने की। इस बार साफ दिखा कि न्यूज़रूम में एडिटोरियल कंट्रोल का अभाव है। ब्रेकिंग न्यूज़ कल्चर ने गहराई और संदर्भ को खत्म कर दिया है। रिपोर्टर को फील्ड की जानकारी पर भरोसा नहीं, उसे स्टूडियो की स्क्रिप्ट पढ़नी होती है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर अब रास्ता क्या है? तो हमें पत्रकारिता को 'चीखने' से 'सोचने' की तरफ मोड़ना होगा। एडिटोरियल रूम में एक स्पष्ट नीति बने कि सेना या सुरक्षा ऑपरेशन के मामलों में- No speculative reporting, No live tactical guesses, No unverified claims.

रिपोर्टर को माइक्रोफोन नहीं, खबर की सच्चाई और मंथन (विश्लेषण) की ट्रेनिंग दी जाए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह सिर्फ मीडिया का सवाल नहीं, जनता का भी है। जब तक दर्शक टीआरपी में भागीदार बने रहेंगे, चैनल युद्ध और त्रासदी को रियलिटी शो की तरह बेचते रहेंगे।

ऐसी पत्रकारिता भला देश के किस काम की है ? देश को ऐसी पत्रकारिता चाहिए, जो राष्ट्र के पक्ष में हो, लेकिन राष्ट्रवाद की अंधी दौड़ में न गिरे। यही वक्त है जब न्यूज़रूम, रिपोर्टर और दर्शक, तीनों को आत्ममंथन करना चाहिए। वरना अगली बार, जब हम स्क्रीन पर "आपके जवान बॉर्डर पर" जैसी लाइनें सुनेंगे, तो हक़ीक़त और स्क्रिप्ट का फर्क शायद हमेशा के लिए मिट जाएगा।

---

## रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच ट्रंप ने फिर दी चेतावनी, कहा

# आग से खेल रहे हैं पुतिन

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**



**ट्रंप के बयान**

- ट्रंप ने एयर फोर्स वन में चढ़ने से पहले पत्रकारों से कहा – "मैं पुतिन के कामों से खुश नहीं हूं।"
- ट्रंप ने कहा – "मुझे नहीं पता कि पुतिन को आखिर क्या हो गया है।"
- ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया – "पुतिन पूरी तरह पागल हो गए हैं।
- ट्रंप ने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की पर भी टिप्पणी की – "वह अपने देश का कोई भला नहीं कर रहे।"
- ट्रंप ने जेलेंस्की के बयानों को "ठीक नहीं बताया," जो अमेरिका की चुप्पी की आलोचना कर रहे थे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को चेतावनी दी है कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध में 'आग से खेल रहे' हैं। रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के जल्द खत्म होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे। ट्रंप ने मंगलवार को अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट में लिखा, "व्लादिमीर पुतिन को यह एहसास नहीं है कि अगर मैं नहीं होता, तो रूस के साथ बहुत बुरी चीजें पहले ही हो चुकी होती और सचमुच मेरा मतलब यह है कि बहुत बुरी चीजें। वह आग से खेल रहे हैं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने रविवार को पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की दोनों पर तीखी टिप्पणियां की थीं। ट्रंप ने न्यू जर्सी के मॉरिसटाउन से वाशिंगटन लौटने के लिए एयर फोर्स वन में चढ़ने से पहले पत्रकारों से कहा, "मैं पुतिन के कामों से खुश नहीं हूं।

उन्होंने कहा, "मुझे नहीं पता कि पुतिन को आखिर क्या हो गया है। हालांकि, रविवार शाम को ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि पुतिन "पूरी तरह पागल हो गए हैं।"इसके बाद उन्होंने जेलेंस्की पर भी टिप्पणी की और कहा कि वह अपने देश का "कोई भला नहीं कर रहे" क्योंकि वह जिस तरह बात कर रहे हैं, वह ठीक नहीं है। यह टिप्पणी जेलेंस्की के रविवार को रूस के हालिया हमलों पर अमेरिका की चुप्पी की आलोचना करने वाले बयानों के जवाब में थी। ट्रंप प्रशासन ने हाल के महीनों में चेतावनी दी है कि वह रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम के लिए चल रही निराशाजनक बातचीत से पीछे हट सकता है। ट्रंप की बढ़ती आलोचना के जवाब में रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, "ट्रंप के पुतिन के 'आग से खेलने' और रूस के साथ 'वास्तव में बुरी चीजें' होने के बयान के बारे में, मुझे केवल एक वास्तव में बुरी चीज की जानकारी है- तीसरा विश्व युद्ध। मुझे उम्मीद है कि ट्रंप इसे समझते हैं।

---

## ईरान में रहस्यमय ढंग से गायब हुए 3 भारतीय परिवारों के संपर्क में दूतावास



**नई दिल्ली ।** ईरान में तीन भारतीय नागरिक लापता हो गए हैं, जिसके बाद भारत सरकार ने उनकी सुरक्षित बरामदगी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल राजनयिक संपर्क स्थापित किया है। विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि लापता व्यक्तियों- जिनकी पहचान योगेश पंचाल, मोहम्मद सादिक और सुमीत सूद के रूप में हुई है। तीनों ने दिसंबर 2024 और जनवरी 2025 की शुरुआत के बीच व्यापारिक उद्देश्यों के लिए ईरान की यात्रा की थी। एक्स पर एक बयान में भारतीय दूतावास ने कहा कि तेहरान को उनका पता लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

---

## ट्रंप की भतीजी मैरी ट्रंप ने कहा

# ट्रंप कभी विकसित नहीं हुए, जो कि खतरनाक है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी राष्ट्रपति की भतीजी व उनके व्यवसाय तथा राजनीतिक करियर की मुखर आलोचक मैरी ट्रंप के अनुसार डोनाल्ड ट्रंप "कभी विकसित नहीं हुए" और "किसी के भी करीब नहीं हैं" ।डोनाल्ड के बड़े भाई, फ्रेड ट्रंप जूनियर (उपनाम फ्रेडी) की बेटी, मैरी ट्रंप ने वेल्स में हे महोत्सव में बताया - जहां वह ट्रंप परिवार के बारे में अपनी नवीनतम पुस्तक, 'हू कुड एवर लव यू' पर चर्चा कर रही थीं - कि अब उनका अपनी बेटी के अलावा अपने परिवार में किसी के साथ कोई रिश्ता नहीं है ।उन्होंने खुद को "परिवार की काली भेड़" बताया, अपने दादा, फ्रेड ट्रंप, डोनाल्ड के पिता को "सचमुच एक समाज विरोधी" कहा, और कहाः "क्रूरता मेरे परिवार का एक विषय है।"उन्होंने बताया कि उनके चाचा के बारे में उनकी समझ काफ़ी हद तक तब की है जब वह 20 साल की थीं और डोनाल्ड ने उन्हें अपनी दूसरी किताब लिखने के लिए नियुक्त किया था। "मैं यह नहीं कह सकती कि हम करीब आए, क्योंकि डोनाल्ड किसी के भी करीब नहीं हैं," उन्होंने कहा, लेकिन उनके साथ उनके दफ़्तर में छह महीने काम करने से उन्हें "थोड़ी और जानकारी" मिली। "वह एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जिनसे मैं मिली हूँ जो कभी विकसित नहीं हुए, जो वैसे भी खतरनाक है," उन्होंने कहा। "कभी भी अपने नेता के रूप में किसी ऐसे व्यक्ति को न चुनें जो विकसित होने में असमर्थ हो – यह निश्चित रूप से हमारे द्वारा सीखे गए सबक में से एक होना चाहिए।" उन्होंने राष्ट्रपति को "मेरे जानने वाले सबसे प्रांतीय लोगों में से एक" के रूप में वर्णित किया, और यह हमारे लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। अपनी किताब से पढ़ते हुए, उन्होंने उस पल का वर्णन किया जब उनके पिता की एक दोस्त, अन्ना मारिया, डोनाल्ड से पहली बार मिली थी। "जब वह पहली बार डोनाल्ड से मिली, तो वह एक घमंडी, असभ्य किशोर था, जो अपने बड़े भाई, फ्रेडी से बहुत ईर्ष्या करता था। "डोनाल्ड के कोई दोस्त नहीं थे, इसलिए उसे उस पर तरस आता था, लेकिन जब भी वे उसे शामिल करते, तो उन्हें इसका पछतावा होता। फ्रेडी के सर्कल में कोई भी इस घमंडी, आत्म-महत्वपूर्ण, विनोदी बच्चे के आसपास रहना बर्दाश्त नहीं कर सकता था।"इन वर्षों में, अन्ना मारिया ने डोनाल्ड को एक और भी अधिक घमंडी वयस्क के रूप में विकसित होते देखा, जिसमें एक व्यापक, क्रूर प्रवृत्ति थी।

> मैरी ट्रंप ने वेल्स में 'हे-ऑन-वाई' पुस्तक महोत्सव में ये सब बताया

पुस्तक में वह यह भी बताती है कि जब डोनाल्ड 20 के दशक में था और वह आठ साल की थी, तब उसने अपने छोटे भतीजे और भतीजियों पर बेसबॉल फेंका था। उसके भाई ने उसे एक साल क्रिसमस के लिए एक कैचर मिट खरीदा, और उसने "समझा कि यह शायद मुझे डोनाल्ड द्वारा मुझ पर बेसबॉल फेंकने से मेरे हाथ की हर हड्डी टूटने से बचाने के लिए था"। मैरी ने दर्शकों को यह भी बताया कि डोनाल्ड की बड़ी बहन, एलिजाबेथ के जन्म के बाद, डॉक्टरों ने उनकी माँ से कहा कि उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण "उनके लिए और बच्चे पैदा करना बहुत खतरनाक होगा"। "उन्होंने ऐसा किया, और अगला बच्चा डोनाल्ड था। जिसके बारे में मैं और कुछ नहीं कहूँगी," मैरी ने मजाक में कहा। बाद में उनकी माँ बहुत बीमार हो गईं, जिसका मतलब है कि डोनाल्ड, "एक बहुत ही महत्वपूर्ण विकासात्मक अवधि में, उनका प्राथमिक देखभाल करने वाला नहीं था, और एकमात्र व्यक्ति उनके पिता, सोसियोपैथ थे। तो आप कल्पना कर सकते हैं कि इसने डोनाल्ड के जीवन की दिशा को किस तरह बदल दिया।" मैरी एक मनोवैज्ञानिक हैं, जिनकी पिछली किताबें, टू मच एंड नेवर इनफ और द रेकनिंग, भी उनके चाचा से जुड़ी हैं। 2017 में जब उन्होंने अपना पहला राष्ट्रपति कार्यकाल शुरू किया, तब उन्होंने खुद को उनसे दूर कर लिया। 2021 में, पूर्व राष्ट्रपति ने न्यूयॉर्क टाइम्स को अपने वित्त की जांच के लिए जानकारी देने के लिए उन पर $100 मिलियन का मुकदमा दायर किया। उन्होंने कहा कि यह मुकदमा "मेरे लिए एक बहुत ही स्पष्ट संदेश" भेजता है। "लेकिन अगर हर कोई हार मान ले तो क्या होगा? फिर क्या? खैर, तब हम हार जाएंगे, और यह अस्वीकार्य है।" उसने आगे कहा कि वह "उन लोगों को नहीं समझती जो डोनाल्ड से डरते हैं, क्योंकि वह बहुत दयनीय है। मुझे उससे डरने में शर्म आएगी।

---

# सपनों से भी बड़ा! गूगल ने दिया 830 करोड़ का जॉब पैकेज

2011 में नीलमोहन गूगल के बेहद महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट हेड थे। इसी दौरान ट्विटर ने भी कोशिश की कि नील मोहन को अपनी टीम में शामिल किया जाए। ट्विटर में उस दौरान नील के पुराने बॉस डेविड रोसेनब्लैट की नियुक्ति थी। उन्होंने नील को कंपनी में चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर के तौर नियुक्ति देने की पेशकश की थी। कंपनी कई बार अपने महत्वपूर्ण कर्मचारियों को नौकरी पर रोकने के लिए अच्छे ऑफर भी देती है। इसी बीच गूगल ने 100 मिलियन डॉलर (करीब 830 करोड़ रुपये) की पेशकश अपने एक कर्मचारी के लिए दी है ताकि वो कंपनी से नौकरी छोड़कर ना जाए।



**हाल ही में ये हुआ है**

यूट्यूब के सीईओ नील मोहन के साथ, जब गूगल ने उन्हें एक बड़ी रकम सिर्फ इसलिए ऑफर ताकि वो ट्विटर को ज्वाइन ना करें। हाल ही में ये खुलासा जेरोधा के कोफाउंडर निखिल कामत के पॉडकास्ट में हुआ है। ये खुलासा खुद यूट्यूब के सीईओ नील मोहन ने इस पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान किया है। इस पॉडकास्ट में बातों बातों में निखिल कामत ने कहा कि उन्होंने ये पढ़ा था कि गूगन ने नील मोहन को कंपनी छोड़ने से रोकने के लिए 100 मिलियन डॉलर (करीब 830 करोड़ रुपये) की पेशकश की है। नील मोहन ने इस बात से इनकार नहीं किया। पॉडकास्ट में ये भी बताया गया कि ये राशि उन्हें आज नहीं बल्कि 15 वर्ष पहले दी गई थी।

### गूगल-ट्विटर के बीच हुई थी खींचतान

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2011 में नीलमोहन गूगल के बेहद महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट हेड थे। इसी दौरान ट्विटर ने भी कोशिश की कि नील मोहन को अपनी टीम में शामिल किया जाए। ट्विटर में उस दौरान नील के पुराने बॉस डेविड रोसेनब्लैट की नियुक्ति थी। उन्होंने नील को कंपनी में चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर के तौर नियुक्ति देने की पेशकश की थी। हालांकि नील इस ऑफर को लेकर कोई फैसला लेते इससे पहले ही नील को रोकने के लिए गूगल ने उन्हें बड़ी रकम की पेशकश कर दी थी। गूगल ने उन्हें 100 मिलियन डॉलर (करीब 830 करोड़ रुपये) की पेशकश की थी। उन्हें गूगल ने ये राशि स्टॉक के तौर पर जारी किए थे, जो समय समय पर उन्हें मिलते रहते है।

---

# कोई पहले चाय का व्यापार करता था, अब वे सिंदूर का व्यापार कर रहे हैं : मंत्री उदयन गुहा

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी इन दिनों देश में दौरे करके ऑपरेशन सिंदूर प्रचार अभियान चला रहे हैं। भाजपा बनाम का माहौल बना रहे हैं। इसी क्रम में वह बंगाल दौरे पर जा रहे हैं। लेकिन मोदी जो राजनीति कर रहे हैं उसकी काट के लिए बंगाल के एक मंत्री उदयन गुहा ने बिना नाम लिए पीएम मोदी पर निशाना साधा। टीएमसी नेता ने कहा कि कोई पहले चाय का व्यापार करता था, अब वे सिंदूर का व्यापार कर रहे हैं। उनके इस बयान पर अब सियासी बवाल हो रहा है।

**शहजाद पूनावाला ने कहा, टीएमसी का मतलब तृणमूल कांग्रेस नहीं, मीर जाफर कंपनी होना चाहिए :** भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने मंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि आज टीएमसी का मतलब तृणमूल कांग्रेस नहीं, बल्कि मीर जाफर कंपनी होना चाहिए।शहजाद पूनावाला कहे हैं कि टीएमसी मीर जाफर कंपनी ऑल पार्टी मीटिंग में तो कहती है कि हम देश के साथ हैं। इसके बाद बाहर आकर उदयन गुहा से इस तरह का बयान। ये कोई नई बात नहीं है, टीएमसी का तो ये चाल, चरित्र और चेहरा है।'मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, उदयन ने मंगलवार को दिनहाटा में एक सरकारी समारोह में भाग लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री का नाम लिए बगैर तृणमूल नेता ने कहा, 'पहले कोई चाय का कारोबार करता था, अब वे सिंदूर का कारोबार कर रहे हैं।'वे उस सिंदूर को बेचने के लिए उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार तक आ रहे हैं।' इस पर विवाद बढ़ने पर राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने उदयन की टिप्पणियों से खुद को अलग कर लिया।

---

## पाकिस्तानः ऑपरेशन सिंदूर में 160 की मौत

# कोहराम देख इस्लामाबाद ने सीजफायर के लिए भारत से दो बार किया संपर्क

**नई दिल्ली । एजेंसी**

पाकिस्तान ने शत्रुता समाप्त करने के लिए दो बार भारत से संपर्क किया, जिसमें 7 मई की शाम को उसके सैन्य संचालन महानिदेशक की ओर से एक औपचारिक संदेश भी शामिल था, जिसके एक दिन बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। हालांकि, इस बातचीत से अवगत लोगों के अनुसार, इस्लामाबाद की ईमानदारी संदिग्ध थी, क्योंकि शांति की अपील के साथ-साथ भारतीय सैन्य सुविधाओं पर नए सिरे से हमले भी हुए। दोनों पक्षों की ओर से तीन और दिनों तक सीमा पार से गहन सैन्य कार्रवाइयों के बाद, 10 मई को दोपहर 3:35 बजे स्तरीय बातचीत हुई, जिसके दौरान भारत और पाकिस्तान ने युद्ध विराम पर सहमति जताई। युद्ध विराम स्थापित सैन्य संचार चैनलों के माध्यम से सुगम बनाया गया था, न कि अमेरिकी मध्यस्थता के माध्यम से और इसका उद्देश्य दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच तनाव को कम करना था।

---

# स्पीति में बिना हेलमेट बाइक चलाने पर मुश्किल में पड़े सोनू सूद,अब एक्टर का कटेगा चलान



अभिनेता सोनू सूद को स्पीति घाटी में बिना हेलमेट और अन्य सुरक्षा उपकरण पहने बाइक चलाने के एक वीडियो के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके बाद स्पीति पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई की योजना बनाई है। अब, सोनू ने आगे आकर स्पष्ट किया है कि वीडियो वास्तव में एक स्क्रिप्टेड सीन का हिस्सा था। मंगलवार को, सोनू ने एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर बिना हेलमेट के बाइक चलाने के उनके वीडियो को लेकर विवाद को स्पष्ट करने के लिए बात की। वीडियो ने सोमवार को सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने खुलासा किया कि फुटेज पुराना था और एक स्क्रिप्टेड सीन का हिस्सा था, न कि वास्तविक जीवन की घटना। इस बार, सोनू ने अपना एक वीडियो भी साझा किया जिसमें वह हेलमेट पहनकर बाइक चला रहे हैं, जिसमें उनका जिम्मेदार पक्ष दिखाई दे रहा है।

**कहानी फिल्म जगत की**

### सोनू के सपोर्ट में उतरे फैंस

एक यूज़र ने सोशल मीडिया पर सोनू सूद का वीडियो शेयर कर लिखा था, तो क्या हिमाचल पुलिस सोनू सूद के खिलाफ बिना कपड़ों और हेलमेट में गाड़ी चलाने पर कोई एक्शन नहीं लेगी। कोई प्रोटेक्टिव गियर्स नहीं, न कपड़े, पता नहीं ये क्या प्रमोट करने की कोशिश कर रहे हैं। क्या सेलिब्रिटीज कानून से ऊपर हैं।




# विदेशी धर्म के प्रभाव में झारखंड में पेसा कानून लागू नहीं कर रही सरकार : रघुवर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- आदिवासी समाज पूछ रहा कब मिलेगा स्वशासन का अधिकार
- विदेशी धर्म के लोग राज्य की सत्ताधारी पार्टी और सरकार में उच्च पदों पर आसीन



## मनमोहन सरकार ने सरना कोड के खिलाफ दिए थे उत्तर : सुदर्शन भगत

प्रेसवार्ता में उपस्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत ने कहा कि सरना कोड के नाम पर कांग्रेस झामुमो आदिवासी समाज को दिग्भ्रमित कर रही। उन्होंने कहा कि ये वही कांग्रेस पार्टी है जिसने 1961 की जनगणना में आदिवासी कोड हटा दिया था। कहा कि 2012 में यूपीए सरकार के दौरान उनके द्वारा लोकसभा में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में तत्कालीन मंत्री और गृह मंत्रालय ने सरना कोड की मांग को अव्यावहारिक बताते भी सिरे से खारिज किया था जो आज रिकॉर्ड में दर्ज है। कहा कि कांग्रेस झामुमो को आदिवासी समाज की धर्म संस्कृति बचाने की कोई चिंता नहीं।ये केवल वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं। प्रेसवार्ता में मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,प्रवक्ता रमाकांत महतो,सह प्रभारी अशोक बड़ाइक भी उपस्थित रहे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता,पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोला। श्री दास बुधवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। श्री दास ने कहा कि हेमंत सरकार विदेशी धर्म मानने वालों के दबाव में राज्य में पेसा कानून लागू नहीं कर रही। एक सरना समाज के मुख्यमंत्री होने के बावजूद राज्य का जनजाति समाज अपनी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था से वंचित है। कहा कि झारखंड के वीर महानायकों जिसमें धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, सिदो कान्हू, पोटो हो ने अंग्रेजों से इसी स्वशासन की व्यवस्था के लिए लड़ाइयां लड़ी, संघर्ष किया ,अपने बलिदान दिए। उन्होंने कहा कि 1996 में देश में पेसा कानून लागू किया।जिसके तहत सभी राज्यों ने पेशा नियमावली बनाई। लेकिन अगर झारखंड को देखा जाए तो हेमंत सरकार पार्ट वन और टू के साढ़े पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी एक सरना मुख्यमंत्री होने के बावजूद राज्य में पेसा कानून लागू नहीं हुआ है। कहा कि क्या पेसा कानून लागू होने से हेमंत सरकार को खतरा है? क्या इस डर से लागू नहीं कर रहे कि सरकार गिर जाएगी? कहा कि झारखंड सरकार ने जुलाई 2023 में पेसा नियमावली प्रारूप को प्रकाशित कर पंचायती राज विभाग द्वारा आम लोगों एवं संस्थाओं से प्रतिक्रिया मांगी थी।इसके बाद मंतव्य के साथ नियमावली प्रारूप विधि विभाग को भेजी गई थी।महाधिवक्ता ने 22 मार्च 2024 को नियमावली प्रारूप पर अपनी सहमति दी और कहा कि नियमावली को सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट के न्यायिक आदेशों के अनुरूप बनाया गया है। कहा कि इतना ही नहीं इस संबंध में क्षेत्रीय सम्मेलन में भी गहन विमर्श हुआ जिसमें भारत सरकार के साथ साथ झारखंड ,उड़ीसा,छत्तीसगढ़,तेलंगाना , आंध्र प्रदेश के प्रतिनिधि शामिल हुए और सभी ने पेसा प्रारूप नियमावली पर सहमति दी। श्री दास ने कहा कि जब सारी वैधानिक प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तो फिर आखिर कौन सी शक्ति है जो इसे लागू होने से रोक रही है? क्या विदेशी धर्म मानने वालों को नुकसान और सरना धर्म को फायदा होने वाला है इसलिए इसे लागू नहीं किया जा रहा है?

आमने सामने

## रघुवर बताएं उनके समय में क्यों नहीं बनी पेसा नियमावली : विनोद

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की ओर से हेमंत सरकार पर लगाए गए आरोपों पर सत्तासीन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा और रघुवर दास आदिवासी समाज के मुद्दों को लेकर केवल राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं, न कि समाधान देना। विनोद पांडेय ने कहा कि रघुवर दास को पेसा कानून की याद अब आ रही है, जबकि उनके पूरे शासनकाल में इस दिशा में एक भी ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने पूछा कि यदि उन्हें आदिवासी समाज की इतनी ही चिंता थी तो 2014 से 2019 के दौरान भाजपा सरकार ने पेसा कानून लागू क्यों नहीं किया। भाजपा नेता बताएं कि उन्होंने राज्यसभा, लोकसभा, विधानसभा आखिर कहीं पर सरना आदिवासी धर्म कोड या पेसा नियमावली के लिए कोई पहल नहीं की। उन्होंने कहा कि भाजपा को आदिवासियों के स्वशासन से नहीं, बल्कि सत्ता से मतलब है। झामुमो महासचिव ने कहा कि भाजपा को पेसा कानून की मूल भावना से नहीं, बल्कि इसे अपने एजेंडे के अनुसार मोड़ने में रुचि है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार पेसा नियमावली को लेकर गंभीरता से काम कर रही है और तमाम वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद अब अंतिम स्तर पर प्रक्रिया हो रही है। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं आदिवासी हैं, सरना धर्म को मानने वाले हैं और भाजपा को यह रास नहीं आता। इसलिए वह समाज को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। पांडेय ने भाजपा पर आदिवासी समाज को विदेशी धर्म और मूल धर्म के नाम पर बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह वही भाजपा है, जो आदिवासियों को ईसाई बताकर उनकी नागरिकता, रोज़गार और अधिकारों को संदेह के घेरे में खड़ा करती रही है।



## मोर्चा ने राज्यपाल को जेपीएससी परीक्षा में हुई धांधली का सौंपा साक्ष्य



राज्यपाल से की मुलाकात

- मोर्चा के उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने छात्र शिष्टमंडल के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से ली गई 11वीं से 13वीं सिविल सेवा मुख्य परीक्षा परिणाम में हुई धांधली का साक्ष्य झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने राज्यपाल को सौंपा। मोर्चा के उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने छात्र मंडली के साथ बुधवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर उक्त परीक्षा में हुई अनियमितता के साक्ष्य सौंपा। राज्यपाल से मिलने के बाद राजभवन के समक्ष मीडिया से बात करते हुए देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि संविधान के आर्टिकल 15 और 16 के कोटिवार आरक्षण का उल्लंघन किया जा रहा है। जारी नियुक्ति विज्ञापन की कंडिका 3 (ग) और झारखंड सरकार गजट, झारखंड संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा-2023 के मुख्य परीक्षा नियमावली 19 (ख) की अवहेलना की गई है। उन्होंने राज्यपाल से जारी नियुक्ति विज्ञापन की शर्तों के अनुसार रिजल्ट के साथ कट ऑफ मार्क जारी करने, कोटिवार प्राप्तांक के साथ रिजल्ट प्रकाशित करने और इच्छुक छात्रों को अतिशीघ्र उत्तर पुस्तिका एवं मार्कशीट आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने की मांग की। मौके पर राज्यपाल ने आयोग को जवाब तलब करने का सकारात्मक आश्वासन दिया। छात्र शिष्टमंडली में देवेंद्रनाथ महतो, आशीष कुमार महतो, योगेश चंद्र भारती, बिरसा उरांव, तीर्थ कुमार सहित अन्य शामिल रहे।

### झारखंड शराब घोटाला

# विनय चौबे और गजेंद्र सिंह से एसीबी दो दिन करेगी पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के शराब घोटाले में गिरफ्तार सीनियर आईएएस विनय चौबे और उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह से एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम दो दिनों तक रिमांड पर पूछताछ करेगी। इसकी मंजूरी बुधवार को एसीबी की विशेष अदालत ने दी है। एसीबी ने अदालत से दोनों अधिकारियों से घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए सात दिनों की रिमांड मांगी थी। लेकिन, अदालत ने दो दिनों की मंजूरी दी है। दोनों अधिकारी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

एसीबी ने 20 मई को करीब छह घंटे की पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार किया था। अदालत के आदेश पर उन्हें 3 जून तक न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेजा गया था। बाद में अचानक तबीयत बिगड़ जाने की वजह से आईएएस विनय चौबे न्यायिक हिरासत में रिम्स में दाखिल कराए गए थे।

झारखंड में शराब घोटाले की शुरुआत वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़ की तर्ज पर नई एक्साइज पॉलिसी लागू होने के साथ ही हो गई थी। इस पॉलिसी को जमीन पर उतारने के लिए बतौर कंसल्टेंट छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीएसएमसीएल) के साथ करार किया गया था। झारखंड में इस पॉलिसी को लागू करने की प्रक्रिया के दौरान बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां की गईं। आरोप है कि एक खास सिंडिकेट का शराब का टेंडर दिलाने के लिए मनमाने तरीके से टेंडर की शर्तें बदली गईं।छत्तीसगढ़ की कंसल्टेंट कंपनी के अधिकारियों के सहयोग से सिंडिकेट ने मिलकर झारखंड में शराब की सप्लाई और होलोग्राम सिस्टम के ठेके हासिल किए। टेंडर लेने वाली कंपनियों की ओर से जमा की गई बैंक गारंटियां भी फर्जी निकलीं। इससे राज्य सरकार को करोड़ों का आर्थिक नुकसान हुआ।



## एसीबी ने 13 नामजद, आईएएस विनय चौबे सहित कई पर जांच तेज

एसीबी ने शराब घोटाले में जो एफआईआर दर्ज की है, उसमें विनय चौबे और गजेंद्र सिंह सहित कुल 13 लोगों को नामजद किया है। एजेंसी ने इन दोनों अफसरों की गिरफ्तारी के बाद जांच आगे बढ़ाते हुए झारखंड बेवरेजेज कॉरपोरेशन के पूर्व जीएम सुधीर कुमार और वर्तमान जीएम सुधीर कुमार दास और शराब दुकानों के लिए मैन पावर सप्लायर कंपनी के एक स्थानीय प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा था। एसीबी ने अब इस मामले में आईएएस विनय चौबे, उनकी पत्नी स्वप्ना संचिता, रिश्तेदार एस त्रिवेदी, प्रियंका त्रिवेदी, करीबी माने जाने वाले विनय कुमार सिंह, स्निग्धा सिंह, सीए उपेंद्र शर्मा और धनंजय कुमार सिंह की संपत्ति की भी जांच शुरू की है। आशंका है कि घोटाले की रकम इनके जरिए अवैध तरीके से अलग-अलग जगहों पर निवेश की गई है।

## जातीय जनगणना को लेकर मंत्री और कुछ राजनीतिक पार्टीयों के बयान गैर जिम्मेदाराना: राजेन्द्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



- मंत्री का शिकायत करेंगे राहुल गांधी से

मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार के एक मंत्री और एक राजनीतिक दल के नेता गैरे जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं। जो राज्य और देश हित में नहीं है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार जातीय जनगणना और राष्ट्रीय जनगणना कराने जा रही है,जो संविधान सम्मत है। प्रसाद ने कहा कि जातीय जनगणना कराने की मांग लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के अलावे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियां के नेता करते रहे हैं। जब केंद्र सरकार संविधान सम्मत जातीय जनगणना करा रही है ,तो झारखण्ड सरकार के एक मंत्री और राजनीतिक दल के द्वारा विरोध किया जा रहा है जो गैर जिम्मेदाराना हरकत है। प्रसाद ने कहा जो नेता विरोध करेगा उसे अगड़े, पिछड़े,दलित और राज्य हित के खिलाफ माना जाएगा।प्रसाद ने कहा कि हर समुदाय और राजनीतिक पार्टियां को अपनी मांग रखने का अधिकार है, लेकिन उन्हें अन्य लोगों के हितों का भी ख्याल रखना चाहिए। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार में कांग्रेस शामिल है और एक मंत्री के द्वारा जातीय जनगणना का विरोध किया जा रहा है। प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी से मिलने का समय मांगा जा रहा है,यदि राहुल गांधी का समय मिलता है, तो जातीय जनगणना का विरोध करने वाले मंत्री का शिकायत करने की बात कही है। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा पूरे प्रदेश में जातीय जनगणना और परिसीमन को लेकर सड़क पर उतरने की जरूरत पड़ेगी तो दमदार तरीके से सड़क पर उतरेगा।

## किसानों को धान का भुगतान तीन दिन के अंदर

**रांची।** जिले के हजारों किसानों को धान बिक्री का पूरा भुगतान नहीं हुआ है। दिसंबर में किसानों के बेचे धान का भुगतान सरकार ने अप्रैल में आधा किया। वहीं आधी रकम का भुगतान नहीं होने से किसानों में आक्रोश है और वे आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। बहरहाल, सूत्रों से जानकारी मिली है कि रांची जिले में धान का पैसा सात करोड़ रूपए सरकार को देना था जिसमें चार करोड़ रूपए दे चुकी है। अब दो तीन दिनों के अंदर अनेकों किसानों को उनकी धान की पूरी रकम मिल जाएगी। वहीं तीन करोड़ रूपए का बकाया रहने से शत-प्रतिशत किसानों को धान की पूरी रकम नहीं मिलेगी।

## बिना स्टीकर के रिम्स परिसर में वाहनों का नहीं होगा प्रवेश

**रांची।** रिम्स परिसर में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए प्रबंधन ने कड़े कदम उठाए हैं। रिम्स में कार्यरत विभिन्न एजेंसियों के सभी कर्मचारियों के लिए पहचान पत्र आईडी कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। बिना स्टीकर के किसी भी वाहन को रिम्स परिसर की पार्किंग में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह कदम परिसर में अनाधिकृत वाहनों के प्रवेश को रोकने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है। छात्रों के लिए सुरक्षित नई पार्किंग रिम्स के छात्रों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अंकोलॉजी विभाग के पीछे की नई पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है।

## महावीर नायक को पद्मश्री सम्मान मिलना गौरव की बात : विजय शंकर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि महावीर नायक को पद्मश्री सम्मान मिलना झारखंड के लिए ऐतिहासिक क्षण है। यह न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि नागपुरी संस्कृति और आदिवासी-मूलवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाने का प्रतीक है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा यह सम्मान प्रदान किया जाना हम सभी के लिए गर्व की बात है। श्री नायक ने कहा कि झारखंड के प्रसिद्ध ठेठ नागपुरी गायक, जिन्हें "भिनसरिया राग के राजा" के रूप में जाना जाता है। महावीर नायक को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक, पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान न केवल महावीर नायक की कला और समर्पण का सम्मान है, बल्कि यह नागपुरी संस्कृति, झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आदिवासी-मूलवासी समाज के लिए गौरव का क्षण है।

## भीषण सड़क हादसा में पांच घायल

**रांची।** कटहल मोड़ पुंदाग ओपी के नजदीक नाथ मेंशन अपार्टमेंट की निकट भीषण सड़क हादसा हुआ। कार सवार ने दो बाइक को टक्कर मारा। इस दौरान बाइक और कार के उड़े परखच्चे उड़ गए। इस दौरान पांच युवक बुरी तरह घायल हुए। आक्रोशित लोगों ने ब्रेकर बनाने के लिए सड़क जाम किया। पहले भी उक्त जगह पर आधा दर्जन लोगों की जान गई है। ओपी प्रभारी के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया।

## युवती का शव बड़ा तालाब से मिला

**रांची।** रांची के मधुकम की रहने वाली एक युवती का शव बुधवार को बड़ा तालाब से बरामद हुआ। युवती मंगलवार की रात से लापता थी। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट सुखदेवनगर थाने में दर्ज है। मृतका प्रशंसा कुमारी (20 वर्ष) मधुकम में परिवार के साथ रहती थी। बुधवार की सुबह बड़ा तालाब के पास से लोग गुजर रहे थे। इसी दौरान लोगों ने एक युवती का शव पानी में देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

## पृष्ट एक के शेष

**सर्च ऑपरेशन के दौरान आठ...**

इसमें 7.62 एसएलआर राईफल-1, 9 एमएम कार्रबाईन-1, 7.62 एमएम जिंदा कारतूस-150, 5.56 एमएम जिंदा कारतूस-40, 9 एमएम जिंदा कारतूस-79, 7.62 एसएलआर राईफल का मैगजीन-4, 9 एमएम कार्रबाईन का मैगजीन-4, 9 एमएम मैगजीन कवर-1, .7.62 एसएलआर मैगजीन कवर-1 सहित नक्सलियों के दैनिक उपयोग के सामान पुलिस ने बरामद किया है। सर्च अभियान में मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, गारू थाना प्रभारी पारसमणि, आईआरबी सैट 147, मनिका थाना के सशस्त्र बल, एसएसबी-32 बटालियन के सशस्त्र बल व सीआरपीएफ 11 बटालियन के जवान शामिल थे।

**अपराधियों ने दो हाइवा में...**

8 से 9 की संख्या में अपराधी पहुंचे और दोनों गाड़ियों को रोककर उनके चालक को नीचे उतारा। हथियार सटाकर उनकी पिटाई की और फिर साथ में लाये पेट्रोल डालकर हाइवा में आग लगा दी। घटना को अंजाम देने के बाद सारे अपराधी खपडवाडीह की ओर निकल गए। इस घटना से रात के समय पत्थर माइंस से निकलने वाले वाहनों के चालकों में हड़कंप मच गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि अपराधियों ने इसे अंजाम दिया है। मामला दर्ज कर लिया गया है। छानबीन तेज की गई है। उल्लेखनीय है कि छतरपुर से ही सटे नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में कुछ दिन पहले ही एक साथ कई वाहनों में अपराधियों ने आग लगा दी थी। रंगदारी और लेवी के लिए लगातार इस तरह की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। नक्सलियों का प्रभाव इस इलाके में नहीं के बराबर है, लेकिन अपराधी उत्पात मचा रहे हैं।

**16वें वित्त आयोग की...**

कॉमर्स के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात करेगी। इसके बाद राज्य सरकार के सभी मंत्रियों एवं अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। इस बैठक में राज्य की वित्तीय स्थिति, आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। 30 मई को ही वित्त आयोग की टीम झारखंड के प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी बातचीत करेगी। वित्त आयोग की टीम 31 मई को रांची से दिल्ली के लिए रवाना होगी।

**ऑपरेशन सिंदूर: राष्ट्र प्रेम की...**

जिससे भारत की सुरक्षा तकनीक पर भी देशवासियों का भरोसा और मजबूत हुआ। दुबे ने यह भी कहा कि इस बार की कार्रवाई में सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि पूरी राजनीतिक व्यवस्था एकजुट रही। सरकार और विपक्ष दोनों ने सेना को खुली छूट दी और देशहित को प्राथमिकता दी। यह एक सशक्त लोकतंत्र की पहचान है।

हालांकि सूबेदार दुबे मानते हैं कि पाकिस्तान को और कठोर सबक दिया जाना चाहिए था ताकि वह भविष्य में आतंक को बढ़ावा देने या भारत की ओर आंख उठाने से पहले सौ बार सोचने पर मजबूर हो। यह कार्रवाई जहां शहीदों के सम्मान में थी, वहीं आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त करती है। ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सैन्य इतिहास में एक निर्णायक मोड़ के रूप में याद किया जाएगा।

### आशा लकड़ा ने बीसीसीएल के अधिकारियों के साथ की बैठक

# नियुक्ति प्रक्रिया में आरक्षण रोस्टर का कितना अनुपालन हुआ, मांगी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने बुधवार को धनबाद में बीसीसीएल के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बीसीसीएल में कार्यरत अनुसूचित जनजाति कर्मियों के मुआवजा, अनुकंपा पर आधारित नौकरी व उनके पुनर्वास से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा बीसीसीएल के हर विभाग में रिक्त पद, रोस्टर के आधार पर नियुक्ति समेत बैकलाग नियुक्ति से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डॉ. आशा लकड़ा ने बताया कि बोर्ड आफ डायरेक्टर्स को निर्देश दिया गया है कि ग्रुप ए व बी में 1972 से लेकर अब तक कितने अनुसूचित जनजाति के कर्मियों को आवास आवंटित किए गए, संविदा पर कितने लोगों की नियुक्ति की गई और नियुक्ति प्रक्रिया में आरक्षण रोस्टर का कितना अनुपालन किया गया, इसकी रिपोर्ट भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि बीसीसीएल के तहत माइनिंग क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों की संख्या व माइनिंग क्षेत्र में कार्यरत स्थानीय लोगों का प्रतिशत समेत उनका पेंशन, ट्रेनिंग, रिटायरमेंट बेनिफिट, पीएफ, ग्रेच्युटी इत्यादि की भी जानकारी मांगी गई। कई कर्मियों की नियुक्ति में जन्म तिथि से संबंधित गड़बड़ियां है, जिसे जल्द से जल्द सुधार करने का निर्देश दिया गया। बीसीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि जो माइनिंग क्षेत्र के जो बच्चे पढ़ने के लिए बाहर जाते हैं, उन्हें सीएसआर फंड के तहत स्किल डेवलपमेंट की सुविधा उपलब्ध कराएं। उनके लिए समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करें, ताकि विभिन्न बीमारियों से पीड़ित छात्राओं का समय पर इलाज हो सके। बैठक के दौरान रोस्टर के आधार पर नियुक्ति में गड़बड़ी का मामला भी सामने आया। उन्होंने बताया कि माइनिंग सरदार की ट्रेनिंग प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी संबंधित व्यक्ति को नौकरी नहीं दी गई। 1972 में संबंधित व्यक्ति का जमीन किसी ने खरीद लिया था। अब वह जमीन किसी तीसरे व्यक्ति के पास है। बीसीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि संबंधित व्यक्ति को नियुक्त करने की प्रक्रिया पूरी करें। बैठक में बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, निदेशक (एचआर) मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक तकनीकी (पीएंडपी) मनोज कुमार अग्रवाल, निदेशक (वित्त) राकेश कुमार सहाय इत्यादि शामिल थे।




## बंद खदानों का पानी होगा उपयोगी, हाईड्रेंट से गांवों में पहुंचेगा पीने का पानी

साथ ही एकारकुंड स्थित तीन गांव में हाईड्रेड के माध्यम से पीने का पानी उपलब्ध कराएं। बंद खदानों में भर चुके पानी को भी ट्रीटमेंट कर स्थानीय लोगों को पीने योग्य पानी उपलब्ध कराएं। बैठक के दौरान वर्षों से अनुकंपा के आधार पर नौकरी की मांग कर रही मुनिया देवी का मामला भी सामने आया। मुनिया देवी पिछले 28-30 वर्षों से अनुकंपा के आधार पर नौकरी की मांग कर रही थी। बीसीसीएल के अधिकारियों से बातचीत कर मुनिया देवी को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा माइनिंग क्षेत्र में शिविर लगाकर आदिवासी समुदाय के लोगों का स्वास्थ्य जांच करने का निर्देश दिया गया, ताकि सिकल सेल व एनीमिया से पीड़ित मरीजों की पहचान हो सके और समय पर उनका बेहतर इलाज हो सके। उन्होंने बताया कि बीसीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि तोपचांची में निवास करने वाले 50 बिरहोर परिवार के बच्चों को स्पेशल क्लास उपलब्ध कराया जाए। उन्हें हिंदी, अंग्रेजी व गणित की शिक्षा उपलब्ध कराई जाए, ताकि बिरहोर परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। महिलाओं की सुविधा के लिए टायलेट का निर्माण कराएं। स्वच्छता को लेकर उनके लिए सैनिटरी पैड डिस्पोजल मशीन की सुविधा उपलब्ध कराएं। प्लस-2 स्कूलों में भी छात्राओं को माहवारी के समय स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जानकारी दें।

## रांची की विकास मेरी पहली प्राथमिकता : संजय सेठ

**रांची।** हटिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में 4.30 करोड़ कि लागत से 4 पीसीसी सड़कों का शिलान्यास केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने किया। इस रोड का निर्माण रांची क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा कराया जाएगा। इस अवसर पर संजय सेठ ने कहा कि रांची की विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। प्राथमिकता के आधार पर विकास किया जाएगा। नवीन जायसवाल ने कहा कि हटिया विधानसभा क्षेत्र का विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है। आने वाले समय में हटिया विधानसभा रोल मॉडल के रूप में बनेगा।



## इंग्लैंड का टेस्ट दौरा भारतीय क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है: पुजारा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



अनुभवी शीर्ष क्रम के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि इंग्लैंड का आगामी पांच मैचों का टेस्ट दौरा भारतीय क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। उन्होंने 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए चुने गए युवा खिलाड़ियों के समूह का हवाला दिया। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद टेस्ट खेलने के नए युग में कदम रखने के लिए युवा टीम के रूप में भारत के पास क्रमशः शुभमन गिल और ऋषभ पंत के रूप में एक नया कप्तान और उप-कप्तान है। ऐतिहासिक रूप से, भारत ने इंग्लैंड में 19 में से केवल तीन श्रृंखलाएँ जीती हैं, जिसमें से आखिरी 2007 में आई थी जब राहुल द्रविड़ टीम के कप्तान थे। "भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज हमेशा से ही टीम के धैर्य और अनुकूलनशीलता का सही माप रही है। पिछले 100 वर्षों में, भारत ने इंग्लैंड की धरती पर खेली गई 19 सीरीज में से केवल 3 में ही जीत हासिल की है, जो इस बात पर प्रकाश डालता है कि यह सीरीज हमारे लिए कितनी चुनौतीपूर्ण रही है। पुजारा ने सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क, जहां उन्हें पांच मैचों की श्रृंखला के प्रसारणकर्ताओं के कवरेज के लिए एक पैनलिस्ट के रूप में देखा जाएगा।

## रणवीर शानदार फॉर्म में, पहले राउंड में संयुक्त चौथे स्थान पर

**हांगकांग (आईएएनएस)**



हांगकांग गोल्फ क्लब में चल रही एशिया-पैसिफिक गोल्फ कॉन्फेडरेशन (एपीजीसी) जूनियर चैम्पियनशिप के पहले राउंड में भारत के रणवीर मित्रो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो-अंडर 69 का स्कोर किया और संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहे। भारतीय गोल्फ यूनियन (आईजीयू) ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए चार सदस्यीय टीम भेजी है। 16 वर्षीय रणवीर ने दूसरे और पांचवें होल पर बर्डी से शुरुआत की, लेकिन नौवें होल पर एक बोगी कर बैठे। छह लगातार पार के बाद उन्होंने 16वें होल पर एक और बोगी की, लेकिन इसके बाद शानदार वापसी करते हुए आखिरी दो होल पर लगातार बर्डी करते हुए दिन का स्कोर दो-अंडर पर समाप्त किया। अपने प्रदर्शन से संतुष्ट रणवीर ने कहा, "राउंड ठीक-ठाक रहा। कुछ अच्छी रिकवरी की लेकिन कुछ मूर्खतापूर्ण गलतियां भी हुईं। मेरा कल का लक्ष्य है कि मैं अच्छे से आराम करूं और आज के आंकड़ों का विश्लेषण करूं ताकि कल वही गलतियां न दोहराऊं। निर्णय लेने और उसे कार्यान्वित करने में सुधार लाना मेरी प्राथमिकता होगी।

# फाइनल की दहलीज पर पंजाब बेंगलुरु, कौन मारेगा बाजी?

**नई दिल्ली । एजेंसी**

आईपीएल-2025 के क्वालिफायर-1 में गुरुवार को पंजाब किंग्स उत्साह से भरी एक अन्य टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से मुल्लांपुर में भिड़ेगी। टॉप-2 में स्थान बनाने के बाद इन दोनों टीम से फाइनल में पहुंचने की उम्मीद की जा रही है, क्योंकि पहले क्वालिफायर में हारने के बावजूद उन्हें फाइनल में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा। पंजाब किंग्स ने 2014 के बाद पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। इसका श्रेय श्रेयस अय्यर और रिकी पोंटिंग (हेड कोच) की जोड़ी को जाता है, जिन्होंने टीम को नए स्वरूप में ढाल दिया। दूसरी ओर आरसीबी को नॉकआउट चरण में कई बार हार का सामना करना पड़ा। इस बार वह खिताब के सूखे को खत्म करने की उम्मीद कर रही है। उनके अपने शब्दों में खिताब के दोनों दावेदारों के लिए काम अभी आधा ही हुआ है। आईपीएल-2025 के क्वालिफायर-1 में गुरुवार को पंजाब किंग्स उत्साह से भरी एक अन्य टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से मुल्लांपुर में भिड़ेगी। टॉप-2 में स्थान बनाने के बाद इन दोनों टीम से फाइनल में पहुंचने की उम्मीद की जा रही है, क्योंकि पहले क्वालिफायर में हारने के बावजूद उन्हें फाइनल में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा। पंजाब किंग्स ने 2014 के बाद पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। इसका श्रेय श्रेयस अय्यर और रिकी पोंटिंग (हेड कोच) की जोड़ी को जाता है, जिन्होंने टीम को नए स्वरूप में ढाल दिया। दूसरी ओर आरसीबी को नॉकआउट चरण में कई बार हार का सामना करना पड़ा। इस बार वह खिताब के सूखे को खत्म करने की उम्मीद कर रही है। उनके अपने शब्दों में खिताब के दोनों दावेदारों के लिए काम अभी आधा ही हुआ है। पंजाब के लिए चिंता का विषय गेंदबाजी विभाग है, विशेषकर दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को जानसेन के जाने के बाद, जो राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेलने के लिए स्वदेश लौट गए हैं। जानसेन ने पावरप्ले और डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण ओवर फेंके और टीम को निश्चित रूप से उनकी कमी खलेगी।

### कोहली उसी तरह बल्लेबाजी करते रहें

टीम के दृष्टिकोण से यह महत्वपूर्ण होगा कि फिल सॉल्ट पावरप्ले में अपनी सर्वश्रेष्ठ विस्फोटक बल्लेबाजी करें और विराट कोहली उसी तरह बल्लेबाजी करते रहें जैसे वे पूरे सीजन में करते आए हैं। कोहली अब तक 602 रन बना चुके हैं, जो इस सीजन में आरसीबी के लिए अब तक सर्वाधिक है। आरसीबी लीग चरण में इस मैदान पर पंजाब किंग्स पर अपनी जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। यहां की पिच का व्यवहार अभी तक अप्रत्याशित रहा है। यहां खेले गए 4 मैचों की पहली पारी में केवल एक बार 200 रन बने हैं। लेकिन पंजाब किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर जीत का भरोसा होगा, क्योंकि पिछले महीने उसने यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 111 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव किया था। दोनों टीम इस पहली सीढ़ी से ही फाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेंगी। इस मैच में हारने वाली टीम दूसरे क्वालिफायर में गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से भिड़ेगी।

### हेजलवुड और टेमि डेविड अब पूरी तरह फिट

आरसीबी को भी टूर्नामेंट के अंतिम चरण में कुछ खिलाड़ियों की चोट को लेकर चिंता थी, लेकिन वह काफी हद तक दूर हो गई है। जितेश शर्मा जैसे खिलाड़ियों के मध्यक्रम में अपनी क्षमता दिखाने के बाद ऐसा लगता है कि यह बदल रहा है। जितेश ने मंगलवार रात अपने आईपीएल करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली और प्लेऑफ में जाने से पहले उनका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर होगा।





विराट कोहली
आरसीबी

श्रेयस अय्यर
पीबीकेएस

## जोकोविच ने मैकडोनाल्ड के खिलाफ सीधे सेटों में जीत दर्ज की

**पेरिस (आईएएनएस)**



नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को अपने 2025 रौलां गैरो अभियान की शुरुआत अपने ट्रेडमार्क अंदाज में की, उन्होंने कोर्ट फिलिप-चैटियर पर पहले दौर में आत्मविश्वास और संयम के साथ प्रदर्शन करते हुए अमेरिकी मैकेंजी मैकडोनाल्ड को 6-3, 6-3, 6-3 से हराया। यह जीत जोकोविच द्वारा जिनेवा ओपन में अपना 100वां टूर-लेवल खिताब जीतने के ठीक तीन दिन बाद मिली। मैकडोनाल्ड के खिलाफ अपना पहला एटीपी हेड2हेड मैच खेलते हुए, जोकोविच एक घंटे, 58 मिनट के मुकाबले में पूरे नियंत्रण में थे। मैच की शुरुआत में हवा की स्थिति ने कुछ अप्रत्याशितता पैदा की, लेकिन बारिश के कारण दूसरे सेट के बीच में छत बंद हो गई। तब तक, सर्बियाई खिलाड़ी ने पहले ही गति पकड़ ली थी, उन्होंने शुरुआती सेट में 2-2 से सात में से छह गेम जीत लिए थे। इस जीत ने रौलां गैरो के पहले दौर के मैचों में जोकोविच के शानदार रिकॉर्ड को 20-0 तक पहुंचा दिया है। 2010 के बाद से उन्होंने क्ले-कोर्ट मेजर में ओपनर में एक भी सेट नहीं गंवाया है, जब उन्होंने चार सेटों में एवगेनी कोरोलेव को हराया था।

## भारत से हारते ही बौखलाए पाक खिलाड़ी, खेल भावना भूले

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



अंडर-16 डेविस कप में पाकिस्तान पर भारत की हालिया जीत का एक वायरल वीडियो लोगों में आक्रोश पैदा कर रहा है, क्योंकि इसमें एक पाकिस्तानी खिलाड़ी भारतीय प्रतिद्वंद्वी के प्रति आक्रामक और खेल भावना के विपरीत व्यवहार करता हुआ दिखाई दे रहा है। शनिवार को कजाकिस्तान के श्यामकेंट में एशिया-ओसनिया जूनियर डेविस कप (अंडर-16) टूर्नामेंट में 11वें स्थान के प्लेऑफ मैच में भारत ने पाकिस्तान को 2-0 से हरा दिया। प्रकाश सरन और तवीश पाहवा ने अपने एकल मैचों में सीधे सेटों में जीत हासिल की, जिससे भारत ने फाइनल स्टैंडिंग में अपनी जगह पक्की कर ली। हालांकि, भिड़ंत के तीन दिन बाद, सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया, जिसमें एक पाकिस्तानी खिलाड़ी अपने भारतीय समकक्ष की ओर आक्रामक इशारा करते हुए, वही हरकत दोहराते हुए और फिर उसे अनदेखा करते हुए दिखाई दे रहा था - इस कदम की व्यापक रूप से निंदा की गई।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में अर्जेंटीना को हराया



**रोसारियो (अर्जेंटीना) (आईएएनएस)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में नियमित समय में 1-1 से बराबरी के बाद मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ शूटआउट में 2-0 से जीत हासिल की। कनिका (44') ने नियमित समय के दौरान भारत के लिए एकमात्र गोल किया, जबकि लालरिनपुई और लालथंतलुंगी ने शूटआउट में गोल करके जीत सुनिश्चित की। अर्जेंटीना ने मजबूत शुरुआत की।

## 'लड़ाई कभी नहीं हारी, अब मिला इंसाफ'- बृज भूषण सिंह



**गोंडा (यूपी) (आईएएनएस)।** दिल्ली की अदालत द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ एक नाबालिग पहलवान द्वारा दर्ज यौन उत्पीड़न के मामले को बंद करने के लिए दिल्ली पुलिस की रद्दीकरण रिपोर्ट को स्वीकार किए जाने के बाद, भाजपा नेता ने कहा, "मैंने इस लड़ाई में कभी हार नहीं मानी और अब न्यायपालिका ने न्याय किया है"। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को पूर्व डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ एक नाबालिग पहलवान द्वारा दर्ज यौन उत्पीड़न के मामले को बंद करने के लिए दिल्ली पुलिस की रद्दीकरण रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## दुनिया का बेस्टसेलर स्मार्टफोन बना आईफोन 16

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

एप्पल का आईफोन 16 इस वर्ष की पहली तिमाही में दुनिया का सबसे ज्यादा बिकने वाला स्मार्टफोन था। यह जानकारी बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

काउंटरपॉइंट रिसर्च के 'ग्लोबल हैंडसेट मॉडल सेल्स ट्रैकर' के अनुसार, यह दो साल के अंतराल के बाद पहली तिमाही में आईफोन सीरीज के बेस वेरिएंट की शीर्ष स्थान पर वापसी को भी दर्शाता है। एप्पल ने लगातार पांचवीं मार्च तिमाही में पांचवां स्थान हासिल करते हुए टॉप-10 लिस्ट में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए रखी। इस बीच, सैमसंग ने पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में एक मॉडल कम पेश किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल वैश्विक बिक्री में शीर्ष 10 स्मार्टफोन की हिस्सेदारी स्थिर रही, जबकि शीर्ष 10 में लो-एंड (100 डॉलर से कम) वाले स्मार्टफोन के योगदान में वृद्धि दर्ज की गई। आईफोन 16 ने जापान और मध्य पूर्व और अफ्रीका में अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें जापान ने बेस वेरिएंट की बिक्री में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की। आईफोन 16 प्रो मैक्स और आईफोन 16 प्रो क्रमशः सूची में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। आईफोन 16ई ने मार्च 2025 के लिए वैश्विक शीर्ष-10 सूची में छठा स्थान हासिल करते हुए एक मजबूत शुरुआत की। रिपोर्ट में कहा गया है कि एसई 2022 की तुलना में अधिक कीमत के बावजूद, 16ई के अपने पूर्ववर्ती से बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद है।

सैमसंग के गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा ने 2025 की पहली तिमाही में सातवां स्थान हासिल किया, जबकि 2024 की पहली तिमाही में एस24 अल्ट्रा पांचवें स्थान पर था। यह बदलाव मुख्य रूप से तिमाही के दौरान एस25 अल्ट्रा के लिए कम बिक्री विंडो के कारण हुआ। सीमित उपलब्धता के बावजूद, एस25 सीरीज ने स्थिर परिणाम दिए, जिसने अपने सक्रिय बिक्री महीने में सैमसंग की कुल स्मार्टफोन बिक्री में एक-चौथाई का योगदान दिया। शाओमी का रेडमी 14सी 4जी एप्पल और सैमसंग के बाद एकमात्र मॉडल था, जो वैश्विक शीर्ष-10 सूची में जगह बनाने में सफल रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान टैरिफ तनाव और व्यापक बाजार अनिश्चितताओं के बावजूद, शीर्ष 10 सबसे अधिक बिकने वाले स्मार्टफोन मॉडलों की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत स्थिर रहने की उम्मीद है।

**2025** की पहली तिमाही में एप्पल का आईफोन 16ई दुनिया का सबसे ज्यादा बिकने वाला स्मार्टफोन रहा





## शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन लाल निशान में बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को लगातार दूसरे दिन लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 239.31 अंक या 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,312.32 और निफ्टी 73.75 अंक या 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,752.45 पर था। शेयर बाजार में बिकवाली की वजह प्रीमियम वैल्यूएशन और मिलेजुले वैश्विक संकेतों को माना जा रहा है। बाजार में गिरावट का नेतृत्व एफएमसीजी शेयरों ने किया। निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स करीब 1.50 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। इसके अतिरिक्त, ऑटो, फार्मा, मेटल, रियल्टी, इन्फ्रा,कमोडिटी और हेल्थकेयर इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। हालांकि, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मीडिया और एनर्जी इंडेक्स हरे निशान में थे। मिडकैप और स्मॉलकैप में मिला जुला कारोबार देखा गया।

## भारत सरकार जल्द ला सकती है यूनिक डिजिटल आईडी, जानें कितनी सुरक्षित होगी डिजिटल आईडी?

आधार और यूपीआई के बाद अब सरकार डिजिटल आईडी लाने का प्लान कर रही है। सरकार चाहती है कि हर व्यक्ति की अपनी एक डिजिटल आईडी हो। इससे किसी के घर या फिर उसके स्थान को कहीं बेहतर सटीकता के साथ और जल्दी ढूंढकर पता लगाया जा सकता है। खासकर सरकारी सेवाओं के माने में सरकार को ऐसा जरूरी लगने लगा है। इसके लिए सरकार अब लोगों का पता भारत के डिजिटस पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर मैट्रिक्स के अंदर लाना चाहती है। अभी तक ऐसी कोई व्यवस्थान नहीं है जिससे देश में किसी का इस तरह से पता लगाया जा सके। ये सिस्टम डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट्स की तरफ से तैयार किया जा रहा है और इसके ऊपर प्रधानमंत्री ऑफिस की सीधी निगरानी रहेगी। एक ड्राफ्ट वर्जन



आम लोगों के सुझाव के लिए जल्द शेयर किया जाएगा और अंतिम वर्जन इस साल के आखिर तक आने की उम्मीद है। साथ ही इस बारे में संसद से शीतकालीन सत्र के दौरान एक कानून भी पास किया जा सकता है। जिससे डिजिटल एड्रेस सिस्टम को देखने के लिए एक नया अथॉरिटी स्थापित किया जाए।

ऐसे कई मामले सामने आए हैं जब कंपनियां लोगों के एड्रेस का डेटा बिना उसकी सहमति के ही आगे शेयर कर देती हैं। लेकिन इस पर ब्रेक लगाने के लिए सरकार कदम उठाकर ये सुनिश्चित करना चाहती है कि बिना सामने वाले की सहमति के उसके एड्रेस की सूचना आगे किसी से नहीं शेयर की जाए, सही पते की उस वक्त अहमियत सबसे ज्यादा बढ़ जाती है जब कोई ऑनलाइन शॉपिंग कर रहा हो या फिर कूरियर सर्विस और फूड डिलिवरी की जा रही हो। लेकिन इन चीजों में दिक्कत ये आती है कि कई लोग साफ और स्पष्ट नहीं लिख पाते हैं। कई बार वे पता लिखने के दौरान पास के किसी लैंडमार्क को लिखकर छोड़ देते हैं। ऐसी हालात में उस स्थान तक पहुंचने में काफी देरी हो जीता है। एक स्टडी के अनुसार, इस तरह पते में कन्फ्यूजन की वजह से देश में करीब 10 से 14 बिलियन का हर वर्ष खर्च आता है जो देश की जीडीपी का कीरब 0.5 प्रतिशत है।

## कैबिनेट ने दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को दी हरी झंडी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** यात्रियों और माल का निर्बाध और तेज परिवहन सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने बुधवार को महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भारतीय रेलवे के तहत दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी। सीसीईए के अनुसार, इन परियोजनाओं में रतलाम-नागदा तीसरी और चौथी लाइन और वर्धा-बल्हारशाह चौथी लाइन शामिल हैं। परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत लगभग 3,399 करोड़ रुपए है और इन्हें 2029-30 तक पूरा कर लिया जाएगा। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के चार जिलों को कवर करने वाली ये परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 176 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। परियोजनाओं के निर्माण के दौरान लगभग 74 लाख दिन के लिए प्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा होगा। इस निर्णय से यात्रा सुविधा में सुधार होगा, लॉजिस्टिक लागत कम होगी, तेल आयात में कमी आएगी और सीओटू उत्सर्जन कम करने में योगदान मिलेगा।

### बार-बार की नोटिफिकेशन से परेशान?

## डीएनडी मोड से पाएं राहत, एंड्रॉयड और आईफोन यूज़र्स के लिए स्टेप-बाय-स्टेप तरीका

आज के डिजिटल युग में स्मार्टफोन हमारी जिंदगी का एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है। हम खरीदारी करते हैं, बैंकिंग ट्रांजैक्शन करते हैं, सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं और ऑफिस का काम भी इन्हीं डिवाइस पर करते हैं। लेकिन इन सभी सुविधाओं के साथ एक बड़ी समस्या जुड़ी हुई है—लगातार आने वाले नोटिफिकेशन और कॉल्स, जो हमारे ध्यान को भटका देते हैं। विशेष रूप से जब हम कोई ज़रूरी काम कर रहे हों, मीटिंग में हों, पढ़ाई कर रहे हों या ड्राइविंग कर रहे हों, तब ये डिस्ट्रैक्शन खतरनाक और परेशानी भरे हो सकते हैं। एयरप्लेन मोड एक विकल्प हो सकता है लेकिन इससे आप पूरी तरह से नेटवर्क से कट जाते हैं, जो हमेशा सुविधाजनक नहीं होता। ऐसे में "डू नॉट डिस्टर्ब" यानी डीएनडी मोड एक बेहतरीन समाधान के रूप में सामने आता है।

**DND मोड क्यों है ज़रूरी?**

DND मोड का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह फोन की सभी नोटिफिकेशन और कॉल्स को साइलेंट कर देता है, लेकिन नेटवर्क को बंद नहीं करता। इसका मतलब है कि आपको मैसेज, ईमेल या कॉल्स मिलते रहेंगे, लेकिन उनकी आवाज या पॉपअप डिस्ट्रैक्ट नहीं करेंगे। आप DND मोड में कुछ खास एप्स और कॉन्टैक्ट्स को छूट भी दे सकते हैं, ताकि केवल ज़रूरी अलर्ट ही आएं। इससे न सिर्फ फोकस बना रहता है, बल्कि मेंटल हेल्थ पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**एंड्रॉयड फोन में DND मोड कैसे ऑन करें?**

हर एंड्रॉयड ब्रांड में DND मोड सेट करने के तरीके थोड़ा अलग हो सकते हैं, लेकिन प्रक्रिया लगभग एक जैसी होती है:

1. **सेटिंग्स ओपन करें :** सबसे पहले अपने फोन की Settings में जाएं।
2. **DND को खोजें :** सर्च बार में Do Not Disturb या DND टाइप करें।
3. **क्विक एक्सेस का उपयोग करें :** कई एंड्रॉयड फोनों में DND का विकल्प Quick Settings Panel में भी होता है। वहां से सीधे ऑन/ऑफ किया जा सकता है।
4. **DND को कस्टमाइज करें :** DND विकल्प में जाने के बाद आपको उसे शेड्यूल करने और कस्टम सेटिंग्स का विकल्प मिलेगा।
5. **शेड्यूल सेट करें :** "Schedule" पर क्लिक करें और फिर (+) आइकन पर टैप करके Sleeping, Studying, Working जैसी एक्टिविटी चुनें। आप समय सीमा भी तय कर सकते हैं।
6. **Repeated Calls विकल्प ऑन करें :** अगर कोई व्यक्ति 3 मिनट में दो बार कॉल करता है तो वो साइलेंट नहीं होगी। यह आपात स्थिति के लिए बेहद उपयोगी है।





**iPhone में DND मोड कैसे सेट करें?**

- iOS में DND मोड को Focus Mode के नाम से जाना जाता है और यह उपयोगकर्ता को ज़्यादा पर्सनलाइजेशन की सुविधा देता है।

1. **Control Centre ओपन करें :** अपने iPhone मॉडल के अनुसार स्क्रीन के ऊपर या नीचे से Control Centre स्लाइड करके खोलें।
2. **Focus मोड पर टैप करें :** यहां आपको "Focus" का विकल्प दिखाई देगा। इस पर टैप करें और फिर Do Not Disturb सेलेक्ट करें।
3. **DND को कस्टमाइज करें :** आप DND को Scheduled कर सकते हैं और इसके लिए अलग-अलग उद्देश्यों जैसे "Work", "Sleep", "Personal" आदि सेट कर सकते हैं।
4. **Emergency Bypass सेट करें :** किसी कॉन्टैक्ट की प्रोफाइल में जाकर Emergency Bypass ऑन कर सकते हैं, ताकि उसकी कॉल्स DND में भी सुनाई दें।